✴ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✴ पटना संस्करण

✴ रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 37 ✴ अंक : 68 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, सोमवार, 3 अगस्त 2026 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com




संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में चयनित बिहार के प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों से शिष्टाचार मुलाकात करते सीएम सम्राट चौधरी

## बिहार को विकास कार्यों के लिए केन्द्र से मिले 10,845 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार ने विकास कार्यों के लिए बिहार को 10,845 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। यह राशि केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी के रूप में जारी की गई 1,09,019 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि का हिस्सा है। बिहार को इसमें महत्वपूर्ण हिस्सा मिला है। केंद्र सरकार की ओर से 10 अगस्त को नियमित मासिक कर हस्तांतरण भी किया जाएगा लेकिन यह राशि उससे पूरी तरह अलग है। वित्त मंत्रालय ने राज्यों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से यह अग्रिम राशि जारी की है। केंद्र से मिली इस राशि से बिहार को बड़ी राहत मिलने वाली है। राज्य सरकार इन दिनों राशि की कमी के कारण कई विकास योजनाओं को अपेक्षित गति नहीं दे पा रही थी। अब विकास से जुड़ी परियोजनाओं को तेज करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत करीब 18 लाख महिलाओं को जुलाई में 10 हजार रुपये की पहली किस्त जारी करने की घोषणा मुख्यमंत्री स्तर पर की गई थी। दूसरी किस्त के रूप में 20 हजार रुपये देने की घोषणा भी मुख्यमंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री के स्तर पर हो चुकी है लेकिन राशि के अभाव में यह राशि महिलाओं तक नहीं पहुंच पाई थी। विकास के कई बड़े प्रोजेक्ट प्रभावित हो रहे थे और निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों की भुगतान राशि भी रुकी हुई थी। अब केंद्र से मिली राशि से इन कार्यों में गति आने की उम्मीद है। यह राशि राज्य के विकास कार्यों सहित पूंजीगत खर्च में महत्वपूर्ण मदद करेगी। सरकार इसे सड़क, पुल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और अन्य विकास परियोजनाओं पर खर्च कर सकेगी। जारी की गई कुल 1,09,019 करोड़ रुपये की राशि में सबसे अधिक उत्तर प्रदेश को 19,208 करोड़ रुपये मिले हैं। इसके बाद बिहार को 10,845 करोड़, मध्य प्रदेश को 8,010 करोड़, पश्चिम बंगाल को 7,866 करोड़, महाराष्ट्र को 7,022 करोड़ और राजस्थान को 6,460 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से की 'नशामुक्त भारत अभियान' की शुरूआत

# नशामुक्त युवा ही भारत की बड़ी शक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से पूरे देश में रविवार से 'नशामुक्त भारत अभियान' की शुरूआत की गयी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए नशामुक्त, स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विज़न को साकार करने की दिशा में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के मार्गदर्शन में देशभर के एक करोड़ से अधिक युवाओं ने 'नशा मुक्त युवा' अभियान के तहत नशामुक्ति की शपथ लेकर एक नए राष्ट्रीय जन-जागरण का सूत्रपात किया। युवाओं की इस अभूतपूर्व सहभागिता ने इस अभियान को देश के सबसे बड़े जनांदोलनों में शामिल कर दिया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत माई भारत की निदेशक ने बिहार के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का स्वागत किया। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने अभियान की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते



हुए युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार नशे के विरुद्ध इस निर्णायक अभियान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक और हर युवा की सहभागिता से एक जनांदोलन का स्वरूप ग्रहण करेगा तथा बिहार को नशामुक्त, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करेगा। इसके उपरांत राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा आज विद्यार्थियों और युवाओं के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह न केवल व्यक्ति को बल्कि परिवार और पूरे समाज को भीतर से कमजोर कर देता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आत्मबल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प ही नशे के विरुद्ध सबसे प्रभावी शक्ति हैं तथा आज लिया गया संकल्प आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा। कार्यक्रम में बी.के. वर्णिका ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं के चरित्र-निर्माण में नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक जीवन दृष्टि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर माई भारत के राज्य निदेशक कपिल देव राम, माई भारत पटना की जिला युवा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माई भारत के 500 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिनकी सक्रिय सहभागिता ने अभियान को जनांदोलन का सशक्त स्वरूप प्रदान किया। समारोह के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने 'नशामुक्त युवा' अभियान की शपथ लेकर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड विस का मॉनसून सत्र छह अगस्त से

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र छह अगस्त से शुरू होने जा रहा है। सात दिनों के इस संक्षिप्त सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार राजनीतिक रस्साकशी देखने को मिलेगी। इस बार जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितता व नियोजन के मुद्दों को लेकर विपक्ष, सत्ता पक्ष को चौतरफा घेरने की रणनीति बना चुका है।

### डिग्री कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य में नव स्थापित 211 डिग्री कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को अगले 10 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभाग के अनुसार इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है ताकि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को शिक्षण संबंधी किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक एन के अग्रवाल ने बताया कि शिक्षकों की नियुक्ति के बाद अब सरकार का फोकस डिग्री कॉलेजों के लिए जमीन आवंटन और स्थाई भवन निर्माण पर होगा। इस दिशा में भी जल्द ही युद्धस्तर पर कार्य शुरू करने की तैयारी है।

### बांकीपुर उपचुनाव की मतगणना आज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बांकीपुर उपचुनाव की मतगणना आज यानी सोमवार को एएन कॉलेज में होगी। इसे लेकर बोरिंग रोड, बोरिंग कैनाल रोड आदि इलाके में वाहनों का रूट डायवर्जन रहेगा। तीन अगस्त को बोरिंग रोड चौराहे से एएन कॉलेज की ओर वाहनों के परिचालन प्रतिबंधित रहने की व्यवस्था मतगणना समाप्ति तक लागू रहेगी। बोरिंग रोड चौराहे से एएन कॉलेज की ओर एवं मोहनी मोड़ से सहदेव महतो मार्ग में वाहनों का परिचालन नहीं होगा। इसी प्रकार बोरिंग रोड में पानी टंकी मोड़ से एएन कॉलेज की ओर सभी प्रकार के सामान्य वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। बोरिंग रोड में राजापुर पुल से हड़ताली मोड़ तक किसी प्रकार के व्यावसायिक वाहन नहीं चलेंगे।

### शराब की तीन भट्ठियां ध्वस्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मनेर थाना क्षेत्र के भवानी टोला दियारा इलाके में सोन और गंगा नदी के किनारे पुलिस ने शराब के खिलाफ अभियान चलाकर तीन शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 7 हजार लीटर से अधिक अर्धनिर्मित देसी शराब को नष्ट कर दिया। वहीं करीब 150 लीटर निर्मित देसी शराब बरामद की गयी है। वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर रविवार को तीन शराब भट्ठियों को तोड़कर ध्वस्त कर दिया।

## डिहरी नप के कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी (ईओ) विमल कुमार की उनके ही गाड़ी चालक ने हत्या कर दी। घटना औरंगाबाद जिले के बारून थाना क्षेत्र में हुई। इसके बाद औरंगाबाद एवं रोहतास जिलों के प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात विमल कुमार डिहरी से पटना जा रहे थे। इसी दौरान बारून नहर मार्ग पर डिहरा लख के पास सुनसान इलाके में उन पर हमला कर दिया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल विमल कुमार को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल उपचार के लिए रोहतास जिले के जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के पश्चात उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रोहतास जिलाधिकारी दीपक मिश्रा एवं एसपी रौशन कुमार, औरंगाबाद एसपी उपेन्द्र



कुमार वर्मा घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इसके अलावा सासाराम नगर आयुक्त विकास कुमार, सदर एसडीएम डॉ नेहा कुमारी, औरंगाबाद एसडीएम गौरव सिंह, डिहरी विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह समेत कई आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गये। घटना के बाद मौके की नजाकत को देखते हुए ड्राइवर फरार हो गया था। हालांकि ड्राइवर मिथिलेश कुमार को पुलिस ने कस्टडी में ले लिया है। पुलिस टीम द्वारा उसे हिरासत में रखकर फिलहाल गहन पूछताछ की जा रही है। रोहतास डीएम ने बताया कि औरंगाबाद और रोहतास पुलिस मिलकर घटना की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई थी, जिसके बाद वे रोहतास पहुंच चुके हैं। इओ विमल कुमार की पत्नी बबीता कुमारी शव देखते ही दहाड़ मार-मार कर रोने लगीं। वह चीख-चीख कर ड्राइवर पर ही हत्या का आरोप लगा रही थीं। सिविल सर्जन ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम परिजनों की मौजूदगी में कराया गया है। मगध रेंड के असइजी विकास वैभव ने कहा कि गिरफ्तार चालक मिथलेश कुमार से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। ड्राइवर ने पुलिस से बताया कि हम काम के दबाव में थे। इसको लेकर विमल कुमार से विवाद भी हुआ था। शनिवार को पटना जा रहे थे। रास्ते में टॉयलेट जाना था लेकिन उन्होंने गाड़ी रोकने नहीं दी। इसके बाद हम जबरन गाड़ी रोक दी, जिससे विवाद बढ़ा और गाड़ी के पीछे रखे रॉड से हमला कर दिया। आइजी ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त रॉड को बरामद कर लिया गया है। इधर डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद की मुख्य पार्षद शशि कुमारी भी घटना की सूचना मिलते ही नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के इओ विमल कुमार काफी मिलनसार व्यक्ति थे। बता दें कि कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार मूल रूप से गया जिले के शेरघाटी के रहने वाले थे।

## सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी शोभा अहोतकर बनीं बीएसएससी अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष पद पर नई नियुक्ति कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी शोभा अहोतकर को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वह पदभार संभालने की तारीख से अगले आदेश तक इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी। अपने कड़े स्वभाव के कारण वह 'हंटर वाली' के रूप में लंबे समय तक चर्चित रहीं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की नेतृत्व वाली सरकार ने यह नियुक्ति बिहार कर्मचारी चयन आयोग अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत की है। लंबे प्रशासनिक अनुभव वाली शोभा अहोतकर अब राज्य में कर्मचारी चयन से जुड़ी अहम प्रक्रियाओं की कमान संभालेंगी। इसके साथ ही सरकार ने आयोग के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी को इस जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है। वह अब केवल अपने मूल विभाग की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। 30 जून 2026 को गृह रक्षा वाहिनी एवं फायर सर्विस की महानिदेशक पद से सेवानिवृत्त हुईं शोभा अहोतकर केंद्रीय चयन पर्षद की अध्यक्ष की कमान संभाल चुकी हैं। इसके अलावा भी वह लंबे समय तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार का फोकस अगले पांच साल में एक करोड़ नौकरी और रोजगार पर है। इसी कारण शोभा अहोतकर को बीएसएससी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कहा जा रहा है कि सीएम सम्राट चौधरी की 'नौकरियां ही नौकरियां' योजना के लिए शोभा अहोतकर सही होंगी।

## विकसित बिहार के निर्माण में नई पीढ़ी की भूमिका सबसे अहम : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास के 'संकल्प सभागार में सिविल सेवा परीक्षा-2025 में सफल बिहार के अभ्यर्थियों से मुलाकात एवं संवाद किया। मुख्यमंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में बिहार के युवाओं की सफलता पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय है। बिहार के युवाओं ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग जितना आगे बढ़ेंगे, राज्य में उतनी ही समृद्धि आएगी। मुख्यमंत्री ने सफल अभ्यर्थियों से मातृभूमि के प्रति अपने दायित्व को सदैव याद रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आप देश में कहीं भी रहें और किसी भी स्थान पर अपनी सेवाएं दें, बिहार की चिंता जरूर करें। अपनी जन्मभूमि का ऋण चुकाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास को अभी और गति देनी है और इसमें नई पीढ़ी का योगदान सबसे अहम होगा। सिविल सेवाओं में चयनित बिहार के युवा अपनी प्रतिभा, अनुभव और प्रशासनिक क्षमता से राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ बिहार के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में शिक्षा के विस्तार और गुणवत्ता सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि सभी प्रखंडों के डिग्री कालेजों में पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है।

## करंट लगने से तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रविवार को करंट लगने से बिहार पुलिस के एक जवान, रेलकर्मी और एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। अलग-अलग हुई इन घटनाओं से तीन परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पहली घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव की है। यहां करंट की चपेट में आने से चाचा-भतीजे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रामदेव साह के बेटे पंकज कुमार(39) और राजकुमार साह के बेटे अमन कुमार(28) के रूप में हुई है। पंकज कुमार जमालपुर रेल कारखाना में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे जबकि अमन कुमार बिहार पुलिस में सिपाही थे और समस्तीपुर जिले में एक डीएसपी के बॉडीगार्ड के रूप में तैनात थे। रविवार सुबह दोनों बजरंगबली स्थान के समीप बिजली के पोल पर चढ़कर तार ठीक करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए और नीचे गिर पड़े। दूसरी घटना टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के चम्पाचक गांव में हुई। यहां 61 वर्षीय किसान जेहल सिंह अपने खेत में धान की सिंचाई कर रहे थे। सिंचाई पूरी होने के बाद जब वे समरसेबल पंप बंद करने गए तभी करंट की चपेट में आ गए। मौके पर मौजूद अन्य किसानों ने उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## वज्रपात से पिता-पुत्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** नगर थाना क्षेत्र के खावा गांव में रविवार दोपहर हुई मूसलाधार बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे पिता और सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार खावा गांव निवासी 35 वर्षीय ब्रह्मदेव यादव रविवार को खेत में काम करने के लिए घर से निकले थे। रविवार होने के कारण स्कूल बंद था इसलिए उनका सात वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार भी पिता के साथ खेत जाने की जिद करने लगा। दोपहर के समय दोनों खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश के साथ गरज-चमक शुरू हो गई। देखते ही देखते आकाशीय बिजली सीधे पिता-पुत्र पर गिर गई। वज्रपात की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को आनन-फानन में बांका सदर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## विकसित भारत के निर्माण में मीडिया निभाए अहम भूमिका : डॉ. प्रेम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दैनिक सोन वर्षा वाणी के प्रेस प्लांट का उद्घाटन समारोह रविवार को जसोइया स्थित बियाडा परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, पत्रकार, उद्योगपति, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ ही नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने वाला सबसे प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार और निष्पक्ष मीडिया समाज में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ सरकार और जनता के बीच मजबूत सेतु का कार्य करता है। समाचार पत्र केवल खबरें नहीं पहुंचाते, बल्कि समाज में सकारात्मक



परिवर्तन और जनमत निर्माण की महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से सुसज्जित वेब ऑफसेट प्रेस का शुभारंभ क्षेत्र की पत्रकारिता के लिए एक नया अध्याय है। इससे समाचारों का प्रकाशन अधिक तेज, गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय होगा। उन्होंने सोन वर्षा वाणी परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्रीय पत्रकारिता को सशक्त बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने 'नशा मुक्त भारत' अभियान पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य, परिवार और समाज तीनों को बर्बाद करता है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो युवाओं को नशे से दूर रखना होगा। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और मीडिया से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। अतिथियों का स्वागत संपादक श्रीराम अम्बष्ट ने किया। मौके पर रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर, वरीय अभियंता ई. बीके श्रीवास्तव, आइएएस मोनिका श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## बिहार के 276 प्रखंडों में खुलेंगे ब्लड कलेक्शन सेंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मरीजों के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ी बड़ी पहल की गई है। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत राज्य के 276 प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में ब्लड कलेक्शन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के शुरू होने के बाद ग्रामीण मरीजों और उनके परिजनों को रक्त की जरूरत पड़ने पर बड़े अस्पतालों और जिला मुख्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अमित कुमार पांडेय की ओर से इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। सरकार की ओर से यह पहल स्वास्थ्य संस्थानों में रेफरल व्यवस्था को मजबूत करने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से की जा रही है। इन ब्लड कलेक्शन सेंटरों पर स्थानीय स्तर पर मरीजों का रक्त नमूना लिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर संबंधित रक्त बैंक से रक्त की व्यवस्था कराई जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को स्थानीय स्तर पर आसान बनाने की योजना है। ब्लड कलेक्शन सेंटर खोलने के मामले में गयाजी जिला सबसे आगे है। यहां कुल 17 प्रखंडों में केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके बाद मधुबनी और सिवान में 14-14, पश्चिम चंपारण और रोहतास में 12-12 तथा पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी और सारण में 11-11 केंद्र खोले जाएंगे। फिलहाल ग्रामीण क्षेत्रों में रक्त की जरूरत पड़ने पर मरीजों और उनके परिजनों को कई बार जिला मुख्यालय या बड़े अस्पतालों तक जाना पड़ता है।

**कानू-हलवाई विचार मंच ने किया सम्राट चौधरी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर अभिनंदन समारोह आयोजित**

# एनडीए सरकार ने अति पिछड़ा एवं वैश्य समाज को सम्मान और भागीदारी दी : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में कानू-हलवाई विचार मंच एवं बंसी चाचा सामाजिक विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 100 दिन के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार के विभिन्न जिलों से आए लगभग 10 हजार लोगों की सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पारंपरिक तरीके से भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने 100 दिनों के कार्यकाल में विकास, सुशासन और जनसेवा का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि कानू-हलवाई समाज, अति पिछड़ा समाज और वैश्य समाज की जितनी चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार की एनडीए सरकार ने की है, उतनी किसी अन्य सरकार ने नहीं की। पंचायतों, नगर निकायों और सरकारी नौकरियों में अति पिछड़े समाज की भागीदारी बढ़ाना एनडीए सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आज समाज के लोग निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनकर विकास की मुख्यधारा का नेतृत्व कर रहे हैं। संजय सरावगी ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी और व्यापारी वर्ग भय के माहौल में जीवन व्यतीत करता था। एनडीए सरकार ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर बिहार में विश्वास का वातावरण बनाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार निवेश और औद्योगिक विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। बड़े उद्योग समूहों द्वारा राज्य में हजारों करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा इस बदलते बिहार का प्रमाण है। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और राज्य आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पलवैया धाम के समग्र विकास के लिए विशेष योजना तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राज्य सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का विकास कर रही है, उसी प्रकार पलवैया धाम को भी राष्ट्रीय पहचान दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विकसित बिहार के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने कानू-हलवाई विचार मंच द्वारा मुख्यमंत्री को सौंपे गए प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि सरकार समाज के हितों से जुड़े विषयों पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

# डिजिटल प्रशिक्षण अभियान को और गति देगी बिहार भाजपा

**एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य : मृत्युंजय झा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश के प्रशिक्षण विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आज प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर संचालित डिजिटल प्रशिक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि बिहार प्रदेश में अब तक लगभग 60 हजार कार्यकर्ता डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं जबकि प्रदेश भाजपा ने एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अभियान को नई गति देने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 2 से 4 अगस्त के बीच बिहार के सभी 13 संगठनात्मक क्षेत्रों की अलग-अलग वर्चुअल बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके पश्चात 5 से 10 अगस्त के बीच प्रदेश के 52 जिलों की वर्चुअल बैठकें संपन्न होंगी। इन बैठकों में मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, सभी 7 मोर्चों के मंडल पदाधिकारी एवं जिला एवं प्रदेश स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड एवं प्रशिक्षण प्रभारी, बिहार ने कहा कि डिजिटल प्रशिक्षण अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं तकनीकी सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचार, कार्यपद्धति तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्धियों की सम्यक जानकारी देकर उन्हें समाज के बीच प्रभावी भूमिका निभाने के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण मॉड्यूल में भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विकास, केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचार, नमो ऐप का उपयोग तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर वीडियो आधारित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। सभी प्रतिभागी वीडियो देखने के उपरांत ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में भाग लेते हैं तथा सफल होने पर उन्हें डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाता है। बैठक में यह तय हुआ कि विभिन्न स्तरों पर लगातार वर्चुअल बैठकों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि डिजिटल प्रशिक्षण अभियान को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक पहुंचाया जा सके और प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा, कार्यसंस्कृति एवं जनसेवा के संकल्प के साथ समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभा सके। बैठक में प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, विकास ओझा, अनमोल शोभित, संजय राय, नवीन सिंह, नेहा निश्चल, नीलम भारती, रितेश रंजन, रमेश श्रीवास्तव, नीलेश कुमार, महादेव चौधरी, विजय यादव, शिवनारायण, प्रफुल आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय खिलाड़ियों की सफलता पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ खेल 2026 में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे भारतीय खेल दल और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, अदम्य साहस और शानदार प्रदर्शन के दम पर वैश्विक मंच पर देश का परचम ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी, जूडो और पैरा खेलों सहित विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर स्वर्णिम सफलता हासिल कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय दल ने अब तक 39 पदक जीतकर पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया है। इनमें 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि भारतीय खेलों की बढ़ती ताकत और खिलाड़ियों की उत्कृष्ट तैयारी का प्रमाण है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देश के पदक विजेता खिलाड़ियों का यह शानदार प्रदर्शन और अटूट संकल्प युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय खिलाड़ी आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे और अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर नई सफलताओं का इतिहास रचेंगे।

## नशा व्यक्ति को बनाता है कमजोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) सय्यद अता हसनैन ने कहा कि नशा व्यक्ति को कमजोर बनाता है जबकि अनुशासन उसे मजबूत बनाता है। राज्यपाल ने रविवार को लोकभवन से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ समारोह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाग लिया। अभियान का वर्चुअल शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। राज्यपाल ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्ति के राष्ट्रीय अभियान से जोड़कर इसे जनआंदोलन का स्वरूप देना ही इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। युवाओं से उन्होंने आग्रह किया कि वे निराशा को कभी अपनी पहचान न बनने दें और न ही उसे नशे की ओर बढ़ने का कारण बनने दें।

## बी.डी. कॉलेज में 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत अभियान' के तहत पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), बी.डी. कॉलेज, पटना की ओर से युवाओं को तंबाकू एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'नशा-मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान' के तहत पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्रो. शत्रुघ्न सिंह, डॉ. रवि कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. बिरेन्द्र कुमार मंडल, डॉ. स्वर्णा कुमार तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तंबाकू और मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम का समन्वयन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी विशाल विजय ने किया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए नशा-मुक्त और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए जन-जागरूकता फैलाने की शपथ ली। वक्ताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशा-मुक्त भारत का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिभागियों की सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

## छात्रों पर दमन के दोषियों की जवाबदेही तय होगी : कन्हैया कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बिहार में छात्र आंदोलन के दौरान हुए पुलिसिया दमन, लाठीचार्ज और कथित मानवाधिकार उल्लंघन की जांच के लिए गठित फैक्ट-फाईंडिंग समिति ने पटना सहित विभिन्न जिलों में अपनी जांच शुरू कर दी है। समिति छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों तथा अन्य संबंधित पक्षों से मिलकर साक्ष्य एकत्र कर रही है। कन्हैया कुमार ने कहा कि समिति का उद्देश्य किसी पर राजनीतिक आरोप लगाना नहीं, बल्कि तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर पूरी सच्चाई देश के सामने लाना है। समिति यह जानने का प्रयास कर रही है कि 22 और 25 जुलाई को कितने छात्रों को हिरासत में लिया गया, कितनों को गिरफ्तार किया गया, किन धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए और कानूनी प्रक्रिया का पालन किस हद तक किया गया।

## मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहित्यिक और राष्ट्रीय योगदान को स्मरण किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक हिंदी साहित्य के ऐसे दीपस्तंभ थे जिन्होंने अपनी ओजस्वी और संवेदनशील लेखनी से भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव और स्वाभिमान का बीजारोपण किया। उनकी रचनाओं ने हिंदी साहित्य को नई दिशा देने के साथ स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों को एकजुट करने में भी ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि 'साकेत', 'यशोधरा', 'किसान' और 'भारत-भारती' जैसी अमर कृतियां भारतीय साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं। इन रचनाओं ने साहित्यिक जगत को समृद्ध करने के साथ राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना को भी सशक्त बनाया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त का विचार, व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी प्रासंगिक है। उनकी रचनाएं नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा, सामाजिक समर्पण और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की प्रेरणा देती रहेंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि का साहित्य आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## डॉ किशोर सिन्हा के बालगीत संग्रह 'मोही और दद्दू' का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** साहित्यकार और नाटककार डॉ किशोर सिन्हा के बालगीत-संग्रह 'दद्दू और पोती' का लोकार्पण स्थानीय जगजीवन राम शोध संस्थान में रविवार को सम्पन्न हुआ। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता जाने-माने कवि/कथाकार और बाल-साहित्य के रचनाकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नाटककार प्रो. नरेन्द्रनाथ पांडेय, सुपरिचित कथाकार भावना शेखर, कवि और चिंतक शिवदयाल, प्रख्यात कवि और शिक्षाविद डॉ शिवनारायण और बेतिया से आये वरिष्ठ गीतकार डॉ गोरख प्रसाद मस्ताना सहित अनेक गणमान्य साहित्यकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रंगकर्मी और नृत्यांगना श्वेता सुरभि ने किया। इस अवसर पर पुस्तक के गीतों पर डॉ किशोर सिन्हा द्वारा बनाये हुए संगीत-वीडियो-अलबम का प्रदर्शन भी किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री द्विवेदी ने कहा कि यह संग्रहालय दद्दू और पोती के बीच जीवंत संवादों से ओतप्रोत है जिसमें बच्चों की बड़ी प्यारी कवितायें संकलित हैं। कवि और चिंतक शिवदयाल ने कहा कि 'मोही और दद्दू' केवल बाल गीतों का संग्रह नहीं, इसमें दादा और पोती के बीच के अनमोल रिश्ते को शब्दों में बांधने की कोशिश की गई है। इसमें बाल मन को समझने और बाल सुलभ चेष्टाओं का भी नजदीकी अनवीक्षण है, जो बहुत रोचक और मजेदार भी है। कथाकार भावना शेखर ने बताया कि पुस्तक वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित है। आज अधिकांश बुजुर्ग नई पीढ़ी से दूर हैं।

## सिलाई-कढ़ाई से चमकी ग्रामीण महिलाओं की किस्मत, 50 हजार दीदियां बनीं आत्मनिर्भर

**68,77,557 परिधानों की सिलाई से अब तक 149.7 करोड़ रुपये का शुद्ध व्यवसाय**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार के ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक रूप से सुई-धागे तक सीमित रहने वाली महिलाओं का हुनर अब उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और स्वावलंबन का सबसे बड़ा हथियार बन चुका है। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिलाओं के इसी पारंपरिक कौशल को संगठित उद्योग का रूप दे दिया है। जीविका के स्तर से संचालित सिलाई आधारित आजीविका मॉडल ने न केवल ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्थायी स्वरोजगार उपलब्ध कराया है, बल्कि राज्य में महिला-केंद्रित सामुदायिक उद्यमिता की एक नई मिसाल भी पेश की है। योजना के तहत वर्तमान में राज्य में 50 हजार से अधिक महिलाओं को सिलाई कार्य के माध्यम से प्रत्यक्ष रोजगार मिल चुका है। समूहों से जुड़ी महिलाएं सिलाई कार्य से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। जीविका के अधिकारियों के अनुसार इस सिलाई पहल को संस्थागत और व्यापक स्वरूप देने के लिए वर्ष 2023 में जानकी जीविका महिला सिलाई प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया गया था। वर्तमान में विभिन्न सरकारी विभागों के अभिसरण से जीविका दीदियों को बड़े पैमाने पर वर्क ऑर्डर (आपूर्ति आदेश) उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये दीदियां स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए आकर्षक यूनिफॉर्म के साथ-साथ विभिन्न अस्पतालों में अंतःवासी (भर्ती) रोगियों के लिए कपड़ों की सिलाई भी कर रही हैं। इन दीदियों ने विभिन्न विभागों के साथ मिलकर अब तक 149.7 करोड़ रुपये का शुद्ध व्यवसाय किया है और उनके द्वारा रिकॉर्ड 68,77,557 परिधान (ड्रेस) तैयार कर विभिन्न संस्थानों को उपलब्ध कराया जा चुका है।

**15 जिलों में नोडल सिलाई सह प्रशिक्षण केंद्र**

आंकड़ों पर गौर करें तो जीविका दीदियों के लिए राज्य के 15 जिलों में नोडल केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां 1,365 आधुनिक सिलाई मशीनों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शेष 23 जिलों में कार्यक्रम का विस्तार करते हुए प्रत्येक प्रखंड के कम से कम दो संकुल स्तरीय संघों (सीएलएफ) में सिलाई केंद्र एवं वस्त्र-कटाई (फैब्रिक कटिंग) केंद्र स्थापित किए गए हैं। 45,000 से अधिक ब्लैक सिलाई मशीनों के साथ जीविका दीदियां क्लस्टर, उत्पादक समूह एवं ग्राम संगठन स्तर पर वस्त्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## दाल प्रसंस्करण इकाई लगाने पर मिलेगा 25 लाख तक का अनुदान, 31 अगस्त तक करें आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में दलहन के प्रसंस्करण, भंडारण और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए दाल प्रसंस्करण इकाई स्थापना योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह योजना दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत संचालित की जा रही है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 है। योजना के तहत राज्य में नई दाल मिल इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके लिए एफपीओ, सीएलएफ, पैक्स, उद्यमी, व्यक्तिगत आवेदक तथा अन्य पंजीकृत संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं। योजना के अनुसार परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अथवा अधिकतम 25 लाख रुपये (जो कम हो) तक अनुदान दिया जाएगा। यह सहायता प्लांट एवं मशीनरी, भवन, वेयरहाउस तथा भंडारण अवसंरचना के निर्माण के लिए उपलब्ध होगी। हालांकि भूमि खरीद, बिजली कनेक्शन, मानव संसाधन तथा अन्य संचालन व्यय पर अनुदान नहीं मिलेगा। भवन एवं भंडारण अवसंरचना पर अनुदान की राशि कुल पात्र अनुदान का अधिकतम 30 प्रतिशत तक सीमित रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए एफपीओ, सीएलएफ और पैक्स का कम से कम दो वर्ष से पंजीकृत एवं संचालित होना आवश्यक है। व्यक्तिगत आवेदक की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। परियोजना में न्यूनतम 15 प्रतिशत स्वयं का अंशदान तथा बैंक ऋण स्वीकृत होना अनिवार्य है। नई दाल प्रसंस्करण इकाई की न्यूनतम क्षमता 300 किलोग्राम प्रति घंटा निर्धारित की गई है। इकाई में बीआईएस मानक की मशीनरी तथा एफएसएसएआई लाइसेंस अनिवार्य होगा। परियोजना को कम से कम तीन वर्ष तक संचालित एवं रखरखाव करना होगा। अनुदान की राशि लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। आवेदन के साथ परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर), बैंक ऋण स्वीकृति/सहमति पत्र, आधार एवं बैंक विवरण तथा संस्थाओं के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र जमा करना होगा। यह योजना फिलहाल पटना, नालंदा, औरंगाबाद, मुजफ्फरपुर, लखीसराय, सुपौल, भागलपुर, सीतामढ़ी, जहानाबाद और गया जिलों में लागू की गई है। इच्छुक आवेदक 1 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026 तक बिहार कृषि विभाग की वेबसाइट या बिहार कृषि ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## संविदा पर चयनित असिस्टेंड प्रोफेसर 10 अगस्त को देंगे योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के नए डिग्री कॉलेजों में संविदा पर चयनित असिस्टेंड प्रोफेसर 10 अगस्त को कॉलेज में योगदान देंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में रविवार को दिशा-निर्देश जारी किया है। विभाग ने संविदा पर चयनित असिस्टेंड प्रोफेसरों को अपने सभी कागजात और प्रमाण पत्र तैयार रखने को कहा है। विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा तीन अगस्त को बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग की वेबसाइट पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी।

## 19 वर्षों में 22 लाख 72 हजार बेटियों को मिला विवाह योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक वर्ष लाभुकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है। बीते 19 वर्षों में 22 लाख 72 हजार 35 कन्याओं को इसका लाभ दिया जा चुका है। योजना के तहत लाभुकों को कुल 1136 करोड़ 1 लाख 75 हजार रुपये की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी गई है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2007-08 में 20 हजार कन्या लाभार्थियों की संख्या दर्ज की गई थी जो 2022-23 में बढ़कर 2 लाख 31 हजार 723 हो गई। इस वित्तीय वर्ष 115 करोड़ 86 लाख 15 हजार राशि कन्या विवाह योजना के तहत भेजी गई। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1 लाख 57 हजार 868 लाभार्थी, 2024-25 में 65 हजार 535 और 2025-26 में 39 हजार 435 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया है।

**अगले भुगतान के लिए 7 हजार 694 लाभार्थी**

कन्या विवाह योजना के तहत गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले परिवारों की बेटियों को शादी पर 5 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। अगले भुगतान के लिए 7 हजार 694 लाभार्थियों को 3.84 करोड़ रुपये का लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**बेटियों के विवाह पर 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता**

योजना के तहत बीपीएल तथा वैसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 60 हजार रुपये से कम है उन्हें बेटियों के विवाह पर 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि ई-सुविधा के माध्यम से लाभार्थी के खाते में डीबीटी की जाती है। इसके लिए वधू की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा वर की 21 वर्ष अनिवार्य है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को विवाह के समय आर्थिक बोझ कम करना, विवाह पंजीकरण को बढ़ावा देना तथा बाल विवाह को पूरी तरह रोकना है।

## मदरसा शिक्षकों का वेतन अविलंब जारी करे सरकार : राजेश राठौड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने मदरसा शिक्षकों के वेतन पर अघोषित रूप से कुंडली मार कर बैठे राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए सवाल किया है कि बिहार सरकार, राज्य के अनुदानित 1942 मदरसों में कार्यरत लगभग 11652 शिक्षकों एवं 1500 गैर शैक्षणिक कर्मियों का वेतन पिछले छह महीनों से क्यों रोके रखी है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने सरकार की नीयत और कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि मदरसा शिक्षकों के लिए उनके राज्यकोष में पैसा नहीं है या फिर नियत की कमी के कारण इन शिक्षकों और कर्मचारियों को भूखे मरने के लिए छोड़ रखा है। साथ ही उन्होंने राज्य की एनडीए सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहते ही अंतिम बार वेतन भुगतान किया गया था, लेकिन अब नई सरकार के मुखिया सम्राट चौधरी जो खुद नीतीश कुमार के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री पद प्राप्त किए हैं, आखिर क्यों वे वेतन भुगतान पर कुंडली मार कर बैठे हुए हैं? शिक्षकों के मान सम्मान को राज्य की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पूरी तरीके से ताक पर रख कर उनकी हकमारी कर रही है।

## आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में रिकॉर्ड नामांकन, सभी सीटें फुल

**नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप रोजगारोन्मुखी एवं शोध आधारित पाठ्यक्रमों की बढ़ी मांग : कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (एकेयू), पटना ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए विभिन्न स्नातकोत्तर, एम.टेक., एम.एस. (बाय रिसर्च) एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिकॉर्ड नामांकन दर्ज किया है। विश्वविद्यालय के एमबीए तथा एम टेक इन रीवर स्टडीज कार्यक्रमों की सभी सीटें निर्धारित समय से पहले पूर्ण रूप से भर गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे संस्थान की बढ़ती अकादमिक प्रतिष्ठा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, मजबूत शोध संस्कृति तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के प्रति विद्यार्थियों और अभिभावकों के बढ़ते विश्वास का परिणाम बताया है। इस बाबत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल प्रवेश संख्या में वृद्धि नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, उत्कृष्ट अनुसंधान और संस्थागत विश्वसनीयता पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा जताए गए विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एम.एस. (बाय रिसर्च) इन स्टेम सेल बायोलॉजी एंड रीजनरेटिव मेडिसिन, एम.एससी. स्पेस साइंस एंड एस्ट्रोनॉमी, एम.टेक. इन नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एम.टेक. वाटर रिसोर्स इंजीनियरिंग, एम.ए. (दर्शनशास्त्र), एम.ए. (भूगोल), एम.ए. (अर्थशास्त्र), एम.ए. (पत्रकारिता एवं जनसंचार) के अलावा पीजी डिप्लोमा इन फिल्म मेकिंग, साइंस कम्युनिकेशन, फोटोग्राफी तथा ऑनलाइन एंड डिजिटल जर्नलिज्म जैसे आधुनिक पाठ्यक्रमों में भी उम्मीद से अधिक विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है। इससे स्पष्ट है कि अब युवा पारंपरिक विषयों के साथ-साथ शोध, नवाचार, कौशल विकास एवं बेहतर रोजगार संभावनाओं वाले पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रो. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय ने शिक्षा को बहुविषयक, लचीला, शोध आधारित एवं कौशल केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया है।

## फ्रेंडशिप डे पर डॉ. आनन्द रंजन झा का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा/वैशाली।** फ्रेंडशिप डे पर मैं उन सभी दोस्तों को व्यंग्यात्मक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो दोस्ती का अर्थ केवल अपनी जरूरत तक सीमित रखते हैं जब उन्हें पैसों की आवश्यकता होती है, तब दोस्त सबसे पहले याद आता है। विश्वास जीतकर पैसे ले लेते हैं, लेकिन लौटाने का समय आने पर बहानों का अंत नहीं होता। सबसे अधिक पीड़ा तब होती है जब वही मित्र, जिनकी कठिन समय में बिना किसी स्वार्थ के सहायता की गई, हमारी जरूरत के समय न केवल पैसे लौटाने से बचते हैं बल्कि फोन उठाना, संदेश का उत्तर देना और सामने आने से भी कतराते हैं। मेरा मानना है कि मित्रता का आधार विश्वास, ईमानदारी और उत्तरदायित्व है। उधार लिया गया धन लौटाना केवल आर्थिक लेन-देन नहीं, बल्कि चरित्र, संस्कार और रिश्तों के सम्मान की पहचान है। पैसा खोकर इंसान फिर से कमा सकता है, लेकिन टूटा हुआ विश्वास दोबारा कमाना बहुत कठिन होता है। आज फ्रेंडशिप डे पर मैं उन सभी सच्चे मित्रों को नमन करता हूं जो हर परिस्थिति में अपने रिश्ते का सम्मान करते हैं। साथ ही उन स्वार्थी मित्रों का भी धन्यवाद जिन्होंने मुझे यह सिखाया कि हर मुस्कुराने वाला व्यक्ति सच्चा मित्र नहीं होता और मित्रता निभाने के लिए केवल शब्द नहीं, बल्कि ईमानदार व्यवहार भी आवश्यक है।

CMYK

# नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** भारत सरकार के 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत शनिवार को अनजबित सिंह महाविद्यालय, बिक्रमगंज, रोहतास (वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा) में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेश पाण्डेय के नेतृत्व में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश राम, शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा



उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने परिवार, मोहल्ले तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में बिक्रमगंज के वीडियो सहायक प्रोफेसर डॉ. अखलाख अहमद, चंद्रशेखर, कचहरी सचिव अजय शंकर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव युवा पीढ़ी पर टिकी है और एक सशक्त, स्वस्थ एवं विकसित भारत के लिए युवाओं का नशामुक्त, अनुशासित और चरित्रवान होना अत्यंत आवश्यक है। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और ऊर्जा का उपयोग केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने में भी करें ताकि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को साकार किया जा सके। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश राम ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अभियान युवाओं में सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के अंत में समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में 'नशा मुक्त भारत' का संकल्प दोहराया। पूरे परिसर का वातावरण सामाजिक जागरूकता, देशभक्ति और युवा जोश से ओतप्रोत रहा जिससे यह संदेश दिया कि नशे के विरुद्ध लड़ाई में शिक्षा संस्थानों की भूमिका निर्णायक हो सकती है।

## घर से 55 हजार की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के मोहन बिगहा स्थित आदर्श नगर में चोरों ने एक घर में रखे फुलपैंट के जेब से 55 हजार रुपये चोरी कर लिया। इस संबंध में पीड़ित सत्येंद्र कुमार ने नगर थाने में प्राथमिकी करायी है। प्राथमिकी में कहा है कि प्रतिदिन की तरह चार बजे सुबह में शुक्रवार को सब्जी बाजार में जाने के लिए निकल रहा था। तभी देखा कि मेरा फुल पैंट व बैग नहीं है। काफी खोजबीन के बाद छत पर फेंका हुआ फुल पैंट और बैग मिला जिसमें रखा कुल लगभग लगभग 55 हजार रुपये गायब था।

## पुत्र के लापता होने की मां ने दर्ज करायी शिकायत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के बारह पत्थर निवासी निर्मला देवी ने 36 वर्षीय पुत्र के गुमशुदा होने की शिकायत नगर थाने में करायी है। कहा गया है कि पुत्र सोनू कुमार चाय पीकर घर से 30 जुलाई की शाम छह बजे मेंटर की दुकान की तरफ जाने की बात कह कर घर से निकला था, लेकिन अभी तक लौट कर नहीं आया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन, देशभक्ति गीतों से गूंजा प्रांगण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल प्रशासन की ओर से शनिवार की शाम जक्खी बिगहा स्थित ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब प्रांगण में 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों के बलिदान को याद करना और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, डिहरी एसडीओ निलेश कुमार, विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष मुटुर पांडे, वर्तमान अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, कार्यपालक दंडाधिकारी संतोष सिंह और समाजसेवी संजय सिंह बाला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत पटना दूरदर्शन और आकाशवाणी से आए कलाकारों की प्रस्तुतियों से हुई। कलाकार बृजेश कुमार ने 'भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं' गीत गाकर तालियां बटोरीं। वहीं गायिका साधना झा ने 'दिल दिया है, जान भी देंगे, ए वतन तेरे लिए' प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अन्य कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत पेश किए। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक शशि कुमार ने किया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## केमिकल सुंघाकर लूटपाट, 3 अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** पुलिस ने केमिकल सुंघाकर लूटपाट करने वाले तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए आभूषण और मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। यह मामला भभुआ थाना क्षेत्र के सिकठी नहर के पास का है। बहेरी गांव निवासी नीलम देवी ने 20 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 जुलाई को भभुआ आते समय अज्ञात बदमाशों ने उन्हें नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया था। बदमाशों ने उनका मोबाइल, सोने का मंगलसूत्र, कान का झाला, नाक की नथनी, चांदी की पायल और 800 रुपये नकद लूट लिए थे। भभुआ डीएसपी ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि नीलम देवी की शिकायत पर भभुआ थाना में कांड संख्या 739/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसने छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रामप्रवेश मुसहर और उसकी पत्नी अनिता देवी (दोनों निवासी डुमरी) शामिल हैं, जो लूट की घटना में सीधे तौर पर शामिल थे। इसके अलावा, चोरी के गहने खरीदने/रखने के आरोप में डब्लू सेठ (निवासी डिडिखीली, दुर्गावती) को भी गिरफ्तार किया गया है।

## रविदास जयंती को बिहार में राजकीय समारोह घोषित करने की मांग, पीएम व सीएम को भेजा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय रविदास नव निर्माण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार राम ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती को बिहार में राजकीय समारोह के रूप में घोषित करने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री एवं बिहार के मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा। शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में अशोक कुमार राम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2027 में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती को देशव्यापी स्तर पर भव्य रूप से मनाने का निर्णय स्वागतयोग्य और ऐतिहासिक है। उन्होंने वाराणसी स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली से भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू की गई 'समरसता संकल्प कलश यात्रा' एवं देशभर में चलाए जा रहे संत रविदास जी के विचारों के प्रचार-प्रसार अभियान की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय रविदास नव निर्माण मंच पिछले 14 वर्षों से बिहार में माघ पूर्णिमा के छठे दिन राज्य स्तरीय 'छठिहार जन्मोत्सव' का आयोजन करता आ रहा है। मंच द्वारा धरना, उपवास, संगोष्ठी तथा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर लगातार यह मांग उठाई जाती रही है कि संत गुरु रविदास जी की जयंती को बिहार में राजकीय समारोह के रूप में मान्यता दी जाए। अशोक कुमार राम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और भाईचारे के लिए समर्पित किया। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच, छुआछूत एवं सामाजिक भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना का संदेश दिया, जो भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं बिहार के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि संत गुरु रविदास जी के करोड़ों अनुयायियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए बिहार में उनकी जयंती को शीघ्र राजकीय समारोह घोषित किया जाए। उनका कहना था कि इससे संत रविदास जी के विचारों का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा तथा सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती मिलेगी। अशोक कुमार राम ने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार सरकार संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती को राजकीय समारोह घोषित कर सामाजिक न्याय और संत परंपरा के सम्मान की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लेगी।

## मोहनियां चेकपोस्ट पर अवैध वसूली का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित मोहनियां चेकपोस्ट एक बार फिर अवैध वसूली के आरोपों के कारण विवादों में है। इंदौर से कोलकाता (आसनसोल) जा रहे एक खाली कंटेनर ट्रक के चालक ने परिवहन विभाग के कर्मचारियों पर 4,000 रुपये मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। राजस्थान के अजमेर निवासी ट्रक चालक रंजीत ने बताया कि चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें रोका। उनके अनुसार, सिपाही ने 4,000 रुपये की 'एंट्री फीस' की मांग की। रंजीत ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने यह राशि देने में असमर्थता जताई, तो उन्हें 10,000 रुपये का चालान काटने की धमकी दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 15 दिन पहले भी इसी रास्ते से गुजरते समय उनसे 500 रुपये लिए गए थे, लेकिन इस बार रकम बढ़ा दी गई है। चालकों का आरोप है कि अवैध वसूली के इस खेल से उन्हें भारी आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर मौके पर मौजूद परिवहन विभाग के सिपाही परमेश्वर सिंह ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चेकपोस्ट पर किसी भी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की जा रही है और न ही किसी वाहन को बेवजह रोका जा रहा है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता व भाकपा नेता जे. एन. सिंह को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व लोक अभियोजक, रोहतास जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कामरेड जे. एन. सिंह की स्मृति में सासाराम में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पत्रकारों तथा बड़ी संख्या में आम लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महागठबंधन समर्थित करगहर विधानसभा के पूर्व भाकपा प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय जे. एन. सिंह न्यायप्रिय, सिद्धांतवादी एवं जनसरोकारों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपना



संपूर्ण जीवन समाज, न्याय व्यवस्था और आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनका निधन जिले के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में भाकपा बिहार राज्य सचिव मंडल के सदस्य इरफान अहमद फातिमी, भाकपा रोहतास के पूर्व जिला सचिव ब्रजमोहन सिंह, जिला सचिव रघुनाथ सिंह, जिला सचिव मंडल के सदस्य धर्मेंद्र सिंह, केशव प्रसाद सिंह एवं सरजू प्रसाद, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद सिंह, सासाराम अंचल सचिव रुपेश श्रीवास्तव, शफीक खान, रविशंकर पासवान, कलामुद्दीन, यादव महासभा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानाध्यापक सुग्रीव यादव तथा कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने स्वर्गीय कामरेड जे. एन. सिंह के सामाजिक, विधिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों के लिए संघर्ष किया।

## विद्या निकेतन विद्यालय में संस्थापक स्व. बालेश्वर मेहता की छठी पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** विद्या निकेतन विद्यालय, तिलौथू परिसर में रविवार को विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर मेहता की छठी पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रियेश कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार सत्यानंद कुमार द्वारा स्वर्गीय बालेश्वर मेहता के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठवीं की छात्रा सुप्रिया कुमारी ने किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संस्थापक की स्मृति में भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। स्मृति गीत की प्रस्तुति सोनम कुमारी, प्रतिभा कुमारी, सोनाली कुमारी, संजना कुमारी, निक्की कुमारी, प्रिया गुप्ता, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, डिम्पल कुमारी, बेबी कुमारी, आशा कुमारी एवं जस्मिन प्रवीण ने सामूहिक रूप से प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर स्व. बालेश्वर मेहता स्मृति दिवस के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय में आयोजित आर्ट एग्जीबिशन में कक्षा 10वीं की छात्रा संजना कुमारी की पेंटिंग को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उन्हें मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## धावा-सिविल कोर्ट-सलेमपुर रोड के क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश और लगातार अनुश्रवण के बाद धावा-सिविल कोर्ट-सलेमपुर रोड पर स्थित क्षतिग्रस्त पुल के पुनर्निर्माण का कार्य नहर विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है। लंबे समय से यह पुल क्षतिग्रस्त पड़ा था जिसके कारण धावा, सलेमपुर और आसपास के गांवों के ग्रामीणों के साथ ही प्रतिदिन गुजरने वाले राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती थी क्योंकि वैकल्पिक मार्ग न होने से स्कूली बच्चे, मरीज और किसान सभी प्रभावित हो रहे थे। समस्या की गंभीरता को समझते हुए अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज ने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया और नहर विभाग के अधिकारियों को अविलंब पुल निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया था। विभागीय अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूरा किया जाए ताकि आम लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने निर्माण अवधि में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और आवागमन में न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने को भी कहा है। अधिकारियों के अनुसार पुल बन जाने के बाद इस क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधी आवाजाही का लाभ मिलेगा और कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में भी आसानी होगी। अनुमंडल प्रशासन का मानना है कि इस पुल के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी तथा नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग का स्थायी समाधान होगा।

## ताड़ के पेड़ से गिरकर 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** थाना क्षेत्र के चांदोरुईया गांव में रविवार को एक व्यक्ति की ताड़ के पेड़ से गिरकर मौत हो गई। 50 वर्षीय मुनी बिंद नीरा उतारने के दौरान असंतुलित होकर गिरे थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान चांदोरुईया गांव निवासी स्व. सीताराम बिंद के पुत्र मुनी बिंद के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि मुनी बिंद नीरा उतारकर और उसे बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार सुबह लगभग 5:30 बजे वह गांव के पश्चिम दिशा में स्थित एक ताड़ के पेड़ पर नीरा उतारने के लिए चढ़े थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे ऊंचाई से जमीन पर गिर गए जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्हें तत्काल इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। हालांकि, ऑन-ड्यूटी चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। मृतक मुनी बिंद के दो बेटे और दो बेटियां हैं जिनकी शादी वे पहले ही कर चुके थे। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** पुलिस अधीक्षक, अरवल के निर्देश में कलेर थाना, अरवल के थानाध्यक्ष के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय शिवनगर जिला, अरवल में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, ड्रग्स एवं बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से जुड़े साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आमजन से अपील की



गई कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, अपनी बैंकिंग एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं। अभियान का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देना है एवं नया सबेरा 3.0 के तहत महिला सशक्तिकरण के विषयों पर जानकारी दिया गया साथ ही मानव व्यापार की रोकथाम, महिला सुरक्षा एवं महिला उत्थान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

## लूटकांड में अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ थाना क्षेत्र में हुए आभूषण लूट मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 'लाइनर' समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के मुख्य सरगना सहित पांच अन्य सदस्यों को झारखंड पुलिस ने हिरासत में लिया है। भभुआ डीएसपी ओमप्रकाश कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह घटना 26 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे हुई थी। भभुआ निवासी संतोष सेठ से बाइक सवार अपराधियों ने 16 ग्राम सोना और 750 ग्राम चांदी के आभूषण लूटे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और मैनुअल सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ओडिशा निवासी सतीश दास और टी. अर्जुन को 'लाइनर' की भूमिका निभाने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तीनों मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। डीएसपी ने खुलासा किया कि इस गिरोह में लगभग 20-25 अपराधी शामिल हैं, जो ओडिशा और आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। ये अपराधी देश के विभिन्न जिलों में राहजनी और लूट जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं। इस मामले में शामिल गिरोह के पांच अन्य सदस्यों को झारखंड पुलिस ने हिरासत में लिया है, जिनसे सघन पूछताछ जारी है। पुलिस ने अपराधियों के पास से पीड़ित का थैला और अन्य सामान बरामद कर लिया है। लूटे गए सोने-चांदी के आभूषणों की शत-प्रतिशत बरामदगी के लिए झारखंड पुलिस से समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## डीडीयू मंडल ने भारतीय रेल में बनाया नया राष्ट्रीय कीर्तिमान

**एक माह में 918 बॉक्सन प्रकार के माल डिब्बों का रूटीन ओवरहॉल कर तोड़ा अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल ने माल डिब्बों के अनुरक्षण के क्षेत्र में भारतीय रेल का नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है। डीडीयू जंक्शन स्थित मंडल के वैगन केयर सेंटर ने जुलाई 2026 के दौरान बॉक्सन प्रकार के 918 माल डिब्बों का रूटीन ओवरहॉल (आरओएच) सफलतापूर्वक पूरा कर भारतीय रेल में एक माह के दौरान सर्वाधिक मासिक आरओएच का नया रिकॉर्ड बनाया है। यह उपलब्धि लगभग 15 क्लोज सर्किट (सीसी) रेकों के अनुरक्षण के समतुल्य है। इसके साथ ही मंडल ने दिसंबर 2025 में स्थापित 905 माल डिब्बों के अपने ही राष्ट्रीय



रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। यह उपलब्धि महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल छत्रसाल सिंह के मार्गदर्शन, मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के नेतृत्व तथा वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कैरिज एवं वैगन) नितिन कुमार के निर्देशन में अनुरक्षण कार्यों में गुणवत्ता, दक्षता तथा सतत सुधार के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई है। रूटीन ओवरहॉल के अंतर्गत माल डिब्बों का विस्तृत तकनीकी परीक्षण, आवश्यक मरम्मत, विभिन्न अवयवों का रखरखाव तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप उनकी कार्यक्षमता सुनिश्चित की जाती है। इससे माल डिब्बों की विश्वसनीयता, सेवा-योग्यता तथा उपलब्धता में वृद्धि होती है। इसी अवधि में मंडल के माल डिब्बा परीक्षण यार्ड में 370 क्लोज सर्किट (सीसी) रेक गठित किए गए जिन्हें 35+5 दिन अथवा 10,000 किलोमीटर तक की विस्तारित ब्रेक पावर प्रमाण-पत्र (बीपीसी) वैधता प्राप्त है। इससे रेकों की उपलब्धता बढ़ती है, परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है तथा पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल सहित प्रमुख माल लदान क्षेत्रों में समय पर खाली रेक उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। रूटीन ओवरहॉल माल डिब्बों की संरक्षा, गुणवत्ता एवं दीर्घकालिक विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। त्वरित तकनीकी परीक्षण, गुणवत्तापूर्ण मरम्मत तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप रखरखाव के माध्यम से प्रत्येक माल डिब्बे को सुरक्षित एवं विश्वसनीय सेवा के लिए तैयार किया जाता है। डीडीयू मंडल अनुरक्षण के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता, गुणवत्ता तथा सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए भारतीय रेल की माल परिवहन प्रणाली को निरंतर सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के लिए मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं।

## सर्पदंश से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** थाना क्षेत्र के देवरजी कला गांव में एक 51 वर्षीय महिला की सांप के डसने से मौत हो गई। तेतरी देवी (पति-लक्ष्मण राम) नामक यह महिला घर के फर्श पर सो रही थीं, तभी उन्हें सांप ने काट लिया। परिजनों के अनुसार तेतरी देवी दिनभर खेत में धान की रोपनी करने के बाद थकान के कारण रात में घर के फर्श पर सोई हुई थीं। देर रात करीब 11 बजे एक विषैले सर्प ने उन्हें डंस लिया। सांप के काटने के बाद घबराए परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तेतरी देवी को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बावजूद, परिजनों ने उम्मीद नहीं छोड़ी। वे शव को उत्तर प्रदेश के जमानिया स्थित अमवा के सती माता मंदिर ले गए, जहां झाड़-फूंक कराई गई।

## भाजपा और कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू, दोनों ने जनता के साथ किया अन्याय : संतोष कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बिहार प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी एवं सासाराम लोकसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी संतोष कुमार ने भाजपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए दोनों दलों पर भ्रष्टाचार और जनता के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया।



रविवार को नगर परिषद भभुआ स्थित मातेश्री पाना भवन से जारी बयान में संतोष कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के शासनकाल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारें उस पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती के मार्गदर्शन में देश में बदलाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं। हालांकि कुछ लोग स्थानीय स्तर पर पार्टी और नेतृत्व की छवि खराब करने की साजिश कर रहे हैं जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संतोष कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद के नेतृत्व में युवाओं को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि बसपा के कार्यकर्ता पूरे देश में पार्टी को मजबूत बनाने में जुटे हैं और बिहार में भी संगठन पहले की अपेक्षा अधिक सशक्त हुआ है। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा को 'एक सिक्के के दो पहलू' बताते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जनता पर अत्याचार हुआ जबकि भाजपा सरकार में युवाओं, किसानों और महिलाओं पर जुल्म बढ़े हैं। उन्होंने दावा किया कि इन समस्याओं का समाधान केवल बहुजन समाज पार्टी ही कर सकती है। संतोष कुमार ने कहा कि बसपा संस्थापक कांशीराम के सपनों तथा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# नशा समाज और परिवार दोनों के लिए घातक: श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशव्यापी नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, उप विकास आयुक्त सारा अशरफ, अपर समाहर्ता (आपदा) रंजन कुमार चैधरी, जिला युवा पदाधिकारी दीक्षा मिश्रा एवं प्राचार्या डॉ. सुनीता सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया।प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और नशामुक्त होना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों के लिए घातक है। उन्होंने बिहार में लागू शराबबंदी को सामाजिक परिवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण पर बल दिया।प्राचार्या डॉ. सुनीता सिन्हा ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनका सही मार्गदर्शन ही विकसित भारत का आधार बनेगा। कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्रवण कुमार ने छात्र-छात्राओं, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड के कैडेटों तथा उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


शुभारंभ करते मंत्री व सांसद

# नालंदा विश्वविद्यालय ने रचा इतिहास, पहली बार 1000 के पार पहुंची विद्यार्थियों की संख्या

## 45 से अधिक देशों के छात्र ले रहे प्रवेश, जल्द शुरू होंगे पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्राचीन ज्ञान और शिक्षा के वैश्विक केंद्र रहे नालंदा विश्वविद्यालय ने अपने पुनरुद्धार के बाद एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या पहली बार 1000 के पार पहुंच गई है। कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने इसे संस्थान के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय एक बार फिर दुनिया भर के विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है।उन्होंने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 45 से अधिक देशों के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय में प्रवेश ले रहे हैं। हाल ही में शुरू किए गए 19 नए पाठ्यक्रमों में इनका नामांकन किया जा रहा है। इससे न केवल विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान मजबूत होगी, बल्कि भारत के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान को भी नई गति मिलेगी।कुलपति ने इस सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री के विजन, केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि साझा प्रयासों से विश्वविद्यालय का बुनियादी ढांचा और शैक्षणिक गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित हुई है। प्रो. चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय जल्द ही पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उच्च स्तरीय शोध को बढ़ावा दिया जाएगा तथा बड़ी संख्या में मेधावी विद्यार्थियों को अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल नालंदा विश्वविद्यालय को एक बार फिर वैश्विक स्तर पर शोध, नवाचार और उत्कृष्ट शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।



## एक नजर

### मुक्कामार आत्मरक्षा प्रशिक्षण संपन्न

**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब ऑफ तथागत, बिहारशरीफ एवं रेड ब्रिगेड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम मुक्कामार का रविवार को सफल समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, साहस, आत्मनिर्भरता और विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने की क्षमता विकसित करना था।प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विद्यालयों की सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया। रेड ब्रिगेड की प्रशिक्षक टीम ने छात्राओं को विभिन्न परिस्थितियों में आत्मरक्षा के व्यावहारिक और प्रभावी तरीके सिखाए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रोटेरियन चंदना चौधरी एवं विजय आनंद ने कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा प्रत्येक बालिका के लिए आवश्यक जीवन कौशल है और ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।इस अवसर पर रोटेरियन रश्मि नारायण, डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ. सुनीति सिन्हा, इंदु वर्मा, ऋषभ जैन, अमित भारती, संजीव दास एवं डीसी सुचाति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सोहसराय और पावापुरी शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में पॉलीक्लिनिक सेवा शुरू

**बिहारशरीफ।** जिले के शहरी क्षेत्र के लोगों को अब विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं के लिए अलग-अलग अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। सोमवार से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोहसराय और पावापुरी में पॉलीक्लिनिक सेवा की शुरुआत हो गई है। इस नई व्यवस्था के तहत मरीजों को एक ही परिसर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और उपचार की सुविधा मिलेगी। सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह ने बताया कि सरकार का उद्देश्य शहरी लोगों को उनके घर के नजदीक गुणवत्तापूर्ण और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। पॉलीक्लिनिक में नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, कान-नाक-गला (ईएनटी), बाल रोग, त्वचा रोग तथा जनरल मेडिसिन के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।उन्होंने कहा कि अब तक इन बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को सदर अस्पताल या निजी क्लीनिकों पर निर्भर रहना पड़ता था। नई व्यवस्था से समय पर उपचार मिलने के साथ मरीजों के समय और खर्च दोनों की बचत होगी।जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार कल्पना कुमारी ने बताया कि इस पहल से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा और गंभीर मरीजों की समय पर पहचान कर आवश्यकता अनुसार उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर भी किया जा सकेगा। उन्होंने आमजन से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

### नामजद अभियुक्त ने एसपी से मांगी निष्पक्ष जांच

**बिहारशरीफ।** तेलमर थाना कांड संख्या 47/2026 अब नए विवाद में घिर गया है। मामले के नामजद अभियुक्त रविश कुमार उर्फ रवि राज ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच कराने और प्राथमिकी से अपना नाम हटाने की मांग की है।रविश कुमार ने आवेदन में बताया कि वह बीएसएनएल कार्यालय, राजगीर में कार्यरत हैं और पिछले पांच वर्षों से परिवार के साथ बिहारशरीफ में रह रहे हैं। उनका दावा है कि घटना के समय वह अपने आवास और कार्यालय में मौजूद थे, जिसका प्रमाण सीसीटीवी फुटेज और कार्यालय के ऑनलाइन उपस्थिति रिकॉर्ड से मिल सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पारिवारिक एवं जमीन विवाद के कारण उनके बहनोई की मां कामता देवी ने उन्हें झूठा फंसाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में भी इसी तरह का विवाद हुआ था, जिसे सामाजिक स्तर पर सुलझा लिया गया था। रविश का आरोप है कि बिना समन या वारंट पुलिस ने गिरफ्तारी का प्रयास किया, जिसके बाद उन्हें अग्रिम जमानत लेनी पड़ी। दूसरी ओर, कामता देवी की शिकायत पर दर्ज कांड संख्या 47/2026 में आरोप है कि अनुमंडल दंडाधिकारी के आदेश के बावजूद रविश कुमार समेत अन्य आरोपितों ने उनकी जमीन पर जबरन जुताई कर धान की रोपनी की तथा विरोध करने पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के दावों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लड बैंक से खून के कारोबार मामले में महिला सुरक्षा गार्ड पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में कथित रक्त खरीद-बिक्री के मामले में अस्पताल प्रशासन की जांच के बाद महिला सुरक्षा गार्ड अनीता कुमारी के खिलाफ बिहार थाना कांड संख्या 442/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। हालांकि इस कार्रवाई के बाद अब पूरे मामले में बड़े नेटवर्क की आशंका को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बिंद थाना क्षेत्र के जमसारी गांव निवासी रौशन कुमार अपनी बहन खुशबू कुमारी का इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंचे थे। जांच में मरीज का हीमोग्लोबिन अत्यंत कम मिलने पर चिकित्सकों ने तत्काल दो यूनिट रक्त चढ़ाने की सलाह दी। आरोप है कि अस्पताल परिसर में तैनात सुरक्षा गार्ड अनीता कुमारी ने एक कथित दलाल के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया और इसके एवज में परिजनों से 13 हजार रुपये वसूल लिए। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि मरीज को सरकारी व्यवस्था के तहत निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाना था। मामले की जानकारी मिलने पर उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन के नेतृत्व में जांच कराई गई। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तथ्यों के आधार पर सुरक्षा गार्ड की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जिसके बाद उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इधर, इस कार्रवाई के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि अस्पताल में निःशुल्क रक्त उपलब्ध था, तो कथित दलाल तक मरीज के परिजन कैसे पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्रों का मानना है कि यदि आरोप सही हैं तो मामले की जांच केवल एक सुरक्षा गार्ड तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। ब्लड बैंक से जुड़े सभी कर्मियों और संभावित नेटवर्क की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि ब्लड बैंक में रक्त खरीद-बिक्री की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। इस बार लोगों को पूरे मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

# नियमों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले अधिकारियों पर होगी कारवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर स्थित एक निजी सभागार में रविवार को नालंदा जिला ईंट निर्माता संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक का उद्घाटन बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, ग्रामीण विकास सह सूचना जनसम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक डॉ. सुनील कुमार तथा एमएलसी रीना यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।बैठक में ईंट उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। ईंट भट्ठा संचालकों ने मिट्टी स्टॉक पर लगाए जा रहे जुर्माने, माइनिंग टैक्स में वृद्धि, सरकारी योजनाओं में लाल ईंट के उपयोग पर रोक तथा माइनिंग विभाग की कार्रवाई को लेकर अपनी समस्याएं रखीं और समाधान की मांग की।खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने माइनिंग विभाग के अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि निजी जमीन से घरेलू उपयोग अथवा आजीविका के लिए मिट्टी काटने वाले किसानों और प्रजापति समाज के लोगों पर अनावश्यक कार्रवाई नहीं की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर पहले निष्पक्ष जांच होगी, जबकि व्यावसायिक उपयोग के मामलों में ही नियमानुसार रॉयल्टी वसूली जाएगी। नियमों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ईंट उद्योग से जुड़े व्यवसायियों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है और उनकी जायज मांगों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।बैठक में ईंट निर्माता संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मुरारी प्रसाद उर्फ मन्नू जी, जिलाध्यक्ष कुणाल रंजन, महासचिव संतोष कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, संयोजक सचिन कुमार, सुनील कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, भाजपा नेता अविनाश मुखिया सहित बड़ी संख्या में ईंट भट्ठा संचालक एवं व्यवसायी उपस्थित रहे।

# रेड क्रॉस के स्वास्थ्य शिविर में 190 मरीजों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 190 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श और उपचार संबंधी सलाह दी। साथ ही 50 लोगों की मधुमेह की जांच भी की गई। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. शंभू कुमार, फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. उमेश कुमार सिंह एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. उदय देव रंजन, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार और डॉ. रितेश कुमार ने मरीजों की जांच की। लाभार्थियों ने रेड क्रॉस के इस निरूशुल्क स्वास्थ्य सेवा अभियान की सराहना करते हुए इसे जरूरतमंदों के लिए बेहद उपयोगी बताया।शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार सहित चंद्रमणि कुमार, राकेश कुमार पंकज, साधु शरण प्रसाद, मुस्कान कुमारी, कुणाल गौरव, प्रो. स्वधर्म, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल एवं अन्य आजीवन सदस्यों ने पंजीकरण, व्यवस्था और मरीजों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नवादा

# क्लिनिक जांच के बाद दर्ज एफआईआर के विरोध में डॉक्टरों का कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला प्रशासन द्वारा 30 जुलाई को निजी क्लिनिकों की जांच के बाद दर्ज की गई एफआईआर के विरोध में शनिवार को नवादा के चिकित्सकों ने शहर में कैंडल मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। यह मार्च सदर अस्पताल परिसर से शुरू होकर प्रजातंत्र चौक तक पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने एकजुट होकर प्रशासन से कार्रवाई पर पुनर्विचार करने की मांग की। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में चिकित्सकों और उनके सहयोगियों ने भाग लिया। इस दौरान सभी ने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि जांच की प्रक्रिया और उसके बाद की गई एफआईआर संवैधानिक और विधिसम्मत तरीके से नहीं की गई। चिकित्सकों का कहना था कि प्रशासन की कार्रवाई से डॉक्टरों में असुरक्षा और असंतोष का माहौल उत्पन्न हुआ है।




आईएमए के जिला सचिव डॉ. शम्बूक ने कहा कि डॉक्टर किसी भी प्रकार की वैधानिक जांच के विरोधी नहीं हैं, लेकिन जांच और एफआईआर की पूरी प्रक्रिया असंवैधानिक तरीके से अपनाई गई है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर एफआईआर वापस लेने की मांग की है। यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो डॉक्टर आगे की रणनीति तय करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर हड़ताल जैसे कदम उठाने पर भी विचार किया जाएगा। कैंडल मार्च में डॉ बी बी सिंह, डॉ अशोक कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. महेश कुमार, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. कुणाल, डॉ. पी. एस. चौधरी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. फ़िज़ा खान, डॉ. मधु सिन्हा, डॉ. संघमित्रा कुमारी, डॉ. बी. भरत, डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. रणविजय, डॉ. आज़ाद, डॉ. पुष्कर चंद्रा, डॉ. राहुल, डॉ. अंकित, डॉ. रविश, डॉ. एस. एस. मंगलम, डॉ. निकेश कुमार, डॉ. अंजली, डॉ. राघव, डॉ. कल्याणी कला, डॉ अमिता आज़ाद, डॉ रंजन , डॉ गिशु श्वेता सहित सैकड़ों चिकित्सक एवं उनके सहयोगी उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई और एफआईआर वापस लेने की मांग दोहराई।

# 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत– संकल्प अभियान का किया शुभारम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 2 अगस्त 2026 को के.एल.एस. कॉलेज, नवादा के स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा "नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत – संकल्प अभियान" के शुभारम्भ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। के.एल.एस. कॉलेज में लाइव प्रसारण कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज एवं राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और यदि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, खेल, कौशल विकास तथा रचनात्मक गतिविधियों में अपनी ऊर्जा का सदुपयोग करें, तो विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसकी शिक्षा, रोजगार, पारिवारिक जीवन एवं सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जिला पदाधिकारी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे गलत संगति, दिखावे एवं क्षणिक आकर्षण से बचते हुए अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच को अपने जीवन का आधार बनाएं तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें। उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज के छात्र-छात्राएं ही जिले एवं देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। उन्होंने युवाओं से जीवन में किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा अपने समय का सदुपयोग पढ़ाई, खेलकूद, योग, संगीत, पुस्तक-पठन एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अच्छे मित्रों का चयन करें, अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करें तथा उनके मार्गदर्शन का पालन करते हुए समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनें।



# "संकल्प अभियान" को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी, द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में संचालित "संकल्प अभियान" के तहत भाजपा जिला कार्यालय, नवादा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज, भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मंच का संचालन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी शैलेन्द्र शर्मा ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का जीवन समता, सामाजिक न्याय, मानवता, श्रम की गरिमा और भक्ति का अनुपम संदेश देता है। उनके विचार आज भी समाज को जाति, ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर समरस एवं सशक्त भारत के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा "संकल्प अभियान" केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में समरसता, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थz से प्राप्त पवित्र मिट्टी से भरे कलश का प्रत्येक जिले में श्रद्धापूर्वक स्वागत किया जाएगा। यह कलश समाज को जोड़ने, संतों के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने तथा सामाजिक समरसता का संदेश देने का माध्यम बनेगा। मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता जनसंपर्क, संगोष्ठियों, विचार गोष्ठियों एवं विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु रविदास महाराज के विचारों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। अनिल मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव संतों, महापुरुषों एवं राष्ट्रनिर्माताओं के विचारों को समाज तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रही है।



# असिस्टेंट प्रोफेसर में सौरभ कुमार का शानदार प्रदर्शन, पॉलिटिकल साइंस में राज्यभर में 13वीं रैंक हासिल


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में नवादा के होनहार सौरभ कुमार ने पॉलिटिकल साइंस विषय में राज्य स्तर पर 13वीं रैंक प्राप्त कर जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद परिजनों, शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सौरभ कुमार की इस उपलब्धि के पीछे उनकी वर्षों की मेहनत, अनुशासन और परिवार का निरंतर सहयोग रहा है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा डीपीएस नवादा से हुई। इसके बाद उन्होंने डीएवी हेहल से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित रामजस कॉलेज से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में वे पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एएन कॉलेज से पीएचडी कर रहे हैं। अपनी सफलता का श्रेय सौरभ ने अपने परिवार को दिया है। उन्होंने कहा कि पिता सुनील कुमार ने हर कठिन समय में मार्गदर्शन देने के साथ आर्थिक और मानसिक संबल प्रदान किया। माता विद्या कुमारी के आशीर्वाद और स्नेह ने हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं बहनें नेहा और पूजा ने पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया और हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया। रामजस कॉलेज से लेकर एएन कॉलेज तक का उनका शैक्षणिक सफर लगातार उत्कृष्ट रहा है। अब असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में वे बिहार के विश्वविद्यालयों में अपनी सेवाएं देकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उनकी इस सफलता ने नवादा के युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा प्रस्तुत की है कि लगन, मेहनत और सही मार्गदर्शन से बड़ी से बड़ी मंजिल हासिल की जा सकती है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक संगठनों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी सौरभ कुमार एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, रेफर

**रजौली।** थाना क्षेत्र के एसएच-70 पर दुलरपुरा पेट्रोल पंप के समीप शनिवार देर रात ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के परोरिया गांव निवासी मो. मुर्शिद खान के रूप में हुई है। चिकित्सक डॉ. सतीश चंद्र सिन्हा ने बताया कि युवक के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं तथा पैर टूटने की आशंका है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि मुर्शिद खान टेलर ट्रक चालक है। वह हरदिया में ट्रक खड़ा कर साथी की बाइक से घर लौट रहा था। दुलरपुरा पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद सामने से आ रहे केजव्हील लगे अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर और क्षतिग्रस्त बाइक (बीआर-27बी-9887) को जब्त कर थाना लाया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सावन में वृद्धाश्रम में सेवा कार्य, जरूरतमंदों के बीच सामग्री वितरित




**नवादा।** सावन माह के अवसर पर एक सामाजिक संस्था द्वारा वृद्धाश्रम में सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वृद्ध महिलाओं के बीच साड़ी, पेटीकोट, चूड़ी, बिंदी और नेल पॉलिश, जबकि पुरुषों को बनियान और लुंगी वितरित की गई। सभी वृद्धजनों को पूरी, भुजिया और बिस्किट का भोजन भी कराया गया। कार्यक्रम में व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए हाथों की साफ-सफाई के महत्व की जानकारी दी गई। आश्रम परिसर में कीटनाशक दवा का छिड़काव भी कराया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधारोपण कर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष रेखा रानी, सचिव पुष्पा कुमारी, एडिटर जय लक्ष्मी सिन्हा, सावित्री बरनवाल, अंजना सिन्हा, संध्या यशवाल और रजनी कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रणजीत कुमार सिंह थे लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के बरौन गांव में रविवार को दिवंगत पत्रकार स्व. रणजीत कुमार सिंह की 27वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम में लोगों ने कहा कि दिवंगत पत्रकार स्व. रणजीत कुमार सिंह अपनी इमानदार और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए सदैव याद किए जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि वे लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी थे और पत्रकारिता के माध्यम से गरीबों, वंचितों एवं असहाय लोगों की आवाज बनकर समाज की सेवा करते रहे। उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता आज भी समाज के लिए प्रेरणा और मिसाल है। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार नवीन कुमार सिंह ने कहा कि स्व. रणजीत कुमार सिंह द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर पत्रकार दशरथ मिस्त्री,शिव शंकर सिंह, राजीव रंजन, रजनीश कुमार,रौशन कुमार सोनू, कुमार सानू, अजय कुमार एवं अमित कुमार सहित अन्य लोगों ने भी दिवंगत पत्रकार को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# पीरामल फाउंडेशन ने लिया टीबी स्क्रीनिंग का जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पीरामल फाउंडेशन ने रजौली प्रखंड के अंधवारी पंचायत स्थित शोभा बीघा उर्फ अंधवारी डीह महादलित टोला में टीबी स्क्रीनिंग अभियान की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर निर्भय कुमार सिंह ने टोला में जाकर घर-घर लोगों से बातचीत की और स्क्रीनिंग की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश परिवारों तक टीबी स्क्रीनिंग की सुविधा पहुंच चुकी है। हालांकि कुछ लाभार्थी मजदूरी के लिए बाहर गए होने या अन्य कारणों से स्क्रीनिंग से वंचित रह गए थे। निर्भय कुमार ने ऐसे सभी छूटे हुए लोगों की जल्द स्क्रीनिंग कराने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, समय पर जांच और नियमित इलाज के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी, वजन कम होना, बुखार या रात में पसीना आना, जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए। समय पर जांच और उपचार से टीबी का पूर्ण इलाज संभव है। ग्रामीणों ने भी अभियान में सहयोग देने और छूटे हुए लाभार्थियों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित कराने का भरोसा दिया। पीरामल फाउंडेशन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगातार समुदाय में जागरूकता बढ़ाने और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक स्क्रीनिंग एवं उपचार की सुविधा पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

# बस्ती बिगहा बाजार के तीन दुकानों में चोरी, हजारों की संपत्ति गायब

**नारदीगंज।** बस्ती बिगहा बाजार में शनिवार देर रात चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर नकदी और हजारों रुपये के सामान की चोरी कर ली। एक अन्य दुकान में भी सेंधमारी का प्रयास किया गया, लेकिन चोर सफल नहीं हो सके। घटना की जानकारी रविवार सुबह दुकानदारों को दुकान खोलने पर हुई। पीड़ित दुकानदार रविंद्र सिंह ने बताया कि उनकी शांतनु जनरल स्टोर से गल्ले में रखी नकदी और 50 हजार रुपये से अधिक का सामान चोरी हो गया। वहीं सुनील गुप्ता की गुमटी से दो हजार रुपये नकद और मिठाइयां तथा संजय की चाय दुकान से भी सामान चोरी कर लिया गया। एक गोला दुकान में चोरी का प्रयास असफल रहा। सूचना पर हिसुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नाराज दुकानदारों ने बाजार में रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने गया कॉलेज के छात्रों से किया सीधा संवाद, नशामुक्त भारत का दिलाया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित 'नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम का देशभर के 125 चयनित शिक्षण संस्थानों में एक साथ आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य नई पीढ़ी (जेन-जी) को नशामुक्त जीवन के प्रति प्रेरित करना तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए बिहार के चयनित महाविद्यालयों में शामिल गया कॉलेज, गया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों के साथ लाइव जुड़े और उन्हें संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रेरणादायी



उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का युवा स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त होगा। उन्होंने कहा कि एक नशामुक्त युवा केवल अपने परिवार का ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति का आधार बनता है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी थे। विशिष्ट अतिथियों में कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, कुलानुशासक प्रो. कृष्णदेव प्रसाद वर्मा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, मगध विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया कॉलेज, गया के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने की। प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि गया कॉलेज के लिए यह अत्यंत गौरव और ऐतिहासिक अवसर है कि प्रधानमंत्री ने सीधे यहां के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रमाण है तथा इससे विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण के प्रति नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने युवाओं से सकारात्मक सोच, अनुशासन और राष्ट्रसेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसा 'नशा' अपनाइए जो आपको सफलता, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की ओर ले जाए।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने गया कॉलेज की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों की सामाजिक जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से गांव-गांव और मोहल्लों में नशा मुक्ति अभियान चलाकर समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुलपति ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र एवं कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र को सम्मानित किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में गया कॉलेज राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियां प्राप्त करेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण और अथक परिश्रम के कारण गया कॉलेज को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिली है। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलपति से प्रत्येक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में नशा मुक्ति सहायता केंद्र स्थापित करने का आग्रह किया, ताकि गया शहर एवं आसपास के क्षेत्रों को पूर्णतः नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल की जा सके। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी, बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से उत्पन्न समस्या का शीघ्र समाधान हो : डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राज्यभर में नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा किए जा रहे आंदोलन एवं हड़ताल से उत्पन्न स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस संबंध में नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा से दूरभाष पर वार्ता कर आम जनता को हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण शहरी क्षेत्रों में नियमित सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जगह-जगह कूड़े का ढेर लगने से स्वच्छता व्यवस्था चरमरा गई है। वहीं लगातार हो रही बारिश के कारण कूड़े के सड़ने एवं जलजमाव की समस्या बढ़ने से आम नागरिकों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने मंत्री नीतीश मिश्रा से कहा कि सफाई कर्मियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान निकालते हुए आंदोलन समाप्त कराने की दिशा में सकारात्मक पहल की जाए, ताकि नगर निगम क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था जल्द से जल्द सामान्य हो सके और लोगों को राहत मिल सके। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वच्छता नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन का आधार है। इसलिए सरकार, नगर निगम प्रशासन एवं सफाई कर्मियों के बीच आपसी संवाद के माध्यम से इस समस्या का त्वरित समाधान होना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र ही इस दिशा में प्रभावी निर्णय लेगी।

# तीन वारंटी गिरफ्तार, शराब के साथ एक को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत भदवर थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तीन गैर-जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान भदवर थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी सुरेश भुइयां, रामदोहर निवासी, रामधनी भुइयां तथा बेनीनगर निवासी पप्पू कुमार के रूप में किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गणसा टोला हरही निवासी संदीप कुमार को उसके घर से 5 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब जब्त कर लिया है तथा संबंधित मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। भदवर थानाध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर तीन वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। वही 5 लीटर महुआ निर्मित देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अपराधियों और अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गया के स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 मरीजों का परीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** इनर व्हील क्लब ऑफ गया, डिस्ट्रिक्ट 325 की ओर से मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर (फेज-1) का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 300 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया। शिविर में डॉ. रामसेवक सिंह (फिजीशियन), डॉ. मधुबाला, डॉ. रेनू (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. रश्मि ओझा, डॉ. अमिताभ भदानी (दंत चिकित्सक) तथा डॉ. निमीसा (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने सेवाएं दीं।



चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। शिविर में बच्चों के बीच पढ़ाई से संबंधित सामग्री वितरित की गई। वहीं सभी मरीजों को हॉर्लिक्स, बिस्कुट, आवश्यक दवाइयां, ओआरएस घोल, जूस तथा अन्य उपयोगी सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। क्लब की अध्यक्षा आभा सिंह ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का पहला चरण है। आने वाले चरणों में भी अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में सचिव राखी भदानी, पीएस दुर्बा सहाय, पीडीसी अंजना पोद्दार, पीपी राज ढिल्लन, पीपी आभा सिंह, कोषाध्यक्ष सीतल गुप्ता तथा सदस्य अनामिका और स्मिता सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आवश्यक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सामग्री उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की जानकारी क्लब की एडिटर डॉली सिंह ने दी।

# धान रोपनी में किसानों को 12 घंटे निर्बाध बिजली दें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** धान रोपनी के मौसम को देखते हुए जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को किसानों को निर्बाध बिजली देने का निर्देश दिया है। समाहरणालय में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों में कोंच प्रखण्ड के किसान बड़े पैमाने पर रोपनी करेंगे जिसके लिए मोटर पंप से सिंचाई जरूरी है। डीएम ने कहा कि कोंच के सभी कृषि ट्रांसफार्मरों से प्रतिदिन कम-से-कम 12 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे के अंदर बदले जाएं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। लो-वोल्टेज वाले क्षेत्रों में रोटेशन से बिजली दी जाए, ताकि सभी को पर्याप्त वोल्टेज मिले। इसके लिए फीडरवार रोटेशन चार्ट बनाकर पंचायत स्तर पर पहले से सूचना सार्वजनिक की जाए जिससे किसान समय पर सिंचाई की योजना बना सके। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को कृषि फीडरों की रोज मॉनिटरिंग और शिकायतों के त्वरित निपटारे का निर्देश दिया। उद्देश्य सीमित संसाधनों में गुणवत्तापूर्ण बिजली देकर रोपनी समय पर पूरा कराना है।

# रोटेरियन क्लब ऑफ गया युवा की अध्यक्ष स्मिता पोद्दार और सचिव बनी डा. सुरभि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** रोटरी क्लब ऑफ गया युवा का 12वां इंस्टॉलेशन समारोह एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3250 (2026-27) का आधिकारिक दौरा गया के होटल सुप्रीम में अति भव्य और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई है। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग मुख्य अतिथि रहीं जबकि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन संदीप नारंग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके साथ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटेरियन राजेश परकेरिया, डा रतन कुमार, डिस्ट्रिक्ट असिस्टेंट सेक्रेटरी रोटेरियन दीपक चड्ढा, असिस्टेंट गवर्नर जोन-12, रोटेरियन



विजय भालोटिया, असिस्टेंट गवर्नर जोन-11, रोटेरियन अर्चना गोयनका, गया एवं बोधगया के विभिन्न रोटरी क्लबों, इनर व्हील क्लबों के अध्यक्ष एवं सचिव, वरिष्ठ रोटेरियन, प्रतिष्ठित उद्योगपति तथा अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में रोटेरियन स्मिता पोद्दार को वर्ष 2026-27 के लिए क्लब अध्यक्ष और रोटेरियन डॉ. सुरभि को सचिव पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही नवगठित बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने भी अपने-अपने दायित्वों की शपथ ग्रहण की है। इसके साथ ही आज रोटरी युवा ने 18 नए सदस्यों को अपने रोटरी परिवार की सदस्यता दी है। इससे पहले निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन राहुल महाजन ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। इस समारोह से पूर्व चार सामाजिक परियोजनाओं का शुभारंभ रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन संदीप नारंग के साथ किया गया।

# यदुवंशी एकता मंच, टिकारी के प्रखंड पदाधिकारियों का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** यदुवंशी एकता मंच, टिकारी की प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को महिला महाविद्यालय, टिकारी के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं समाज को मजबूत बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से मंच के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में मणिकांत यादव को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। वहीं अरुण यादव एवं रामबाबू यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष, अनिल यादव को महासचिव, पप्पू यादव को सचिव, गुलाब यादव को संयुक्त सचिव, संजय यादव एवं सुनील यादव को प्रवक्ता, विनोद यादव एवं पिंटू कुमार को मीडिया प्रभारी, बिंदु यादव को कोषाध्यक्ष तथा सुरेश यादव को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर हरिओम यादव, जितेंद्र यादव, मिथिलेश कुमार यादव, संतोष यादव, धर्मेंद्र कुमार, संजय यादव, गणेश यादव, चंद्रशेखर कुमार राय, अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने यदुवंशी समाज की एकता को और सुदृढ़ करने तथा सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष मणिकांत यादव ने कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

# उत्पाद की टैगिंग करने के आरोप में दो थोक उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित एवं छह से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिलाधिकारी द्वारा किसानों से यूरिया एवं डीएपी के मूल्य नियंत्रण हेतु थोक उर्वरक विक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई हेतु जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया गया था। निदेश के आलोक में यूरिया एवं डीएपी के साथ अन्य उत्पाद के क्रय पर प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। इसी क्रम में जिले के सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं एवं उर्वरक कम्पनियों के क्षेत्रीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर यूरिया एवं डीएपी के साथ अन्य उत्पाद के क्रय से संबंधित प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में अत्यधिक मात्रा में अन्य उत्पाद क्रय करने वाले थोक उर्वरक विक्रेताओं यथा मे. मां मंगला ट्रेडर्स,



गया एवं मे. किसान सेवा केन्द्र, मानपुर के थोक उर्वरक लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया है एवं मे. लोहानी ट्रेडर्स, वजीरगंज को उर्वरक की बिक्री पर रोक लगाया गया है। साथ ही 03 उर्वरक कम्पनियों यथा मे0 हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसान लि0, मे0 मैटिक्स फर्टिलाईर्स लि0 एवं मे0 इन्डोरामा इंडिया लि0 से स्पष्टीकरण पृच्छा की गई। पूर्व में भी मैटिक्स फर्टिलाईजर्स लि0 एवं ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाईजर्स कॉरपोरेशन पर कार्रवाई हेतु सरकार को सूचित किया गया है। मे0 भवानी इन्टरप्राईजेज, गया मे0 महावीर इन्टरप्राईजेज, गया, मे0 सत्यप्रकाश इन्टरप्राईजेज, बाराचट्टी, मे0 रामलखन इन्टरप्राईजेज, डोभी, मे0 कृषि केन्द्र, गुरुआ, मे उग्रह सिंह, गया से स्पष्टीकरण पृच्छा की गई है।

# चालीसवां पर कुरआनखानी व मिलाद, भाईचारे का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के बिजहरा गांव में समाजसेवी एवं पत्रकार महताब अंसारी के स्व. पिता जनाब निजामुद्दीन अंसारी के चालीसवां के अवसर पर कुरआनखानी एवं मिलाद का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों व रिश्तेदारों ने भाग लेकर मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की। मुख्य वक्ता नेहोरा गांव निवासी मौलाना अफजल रजा मिस्बाही ने कहा कि दीन-ए-इस्लाम पूरी इंसानियत के लिए अमन, मोहब्बत, भाईचारे और इंसाफ का पैगाम है। उन्होंने कहा कि आज समाज को नैतिक मूल्यों, एकता और आपसी सद्भाव की सबसे अधिक जरूरत है। कुरआन-हदीस पर अमल से बुराइयां दूर हो सकती हैं। मौलाना ने युवाओं से दीन की शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा लेने और अच्छे संस्कार अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नमाज से दूरी के कारण समाज में तनाव बढ़ रहा है। नियमित इबादत से अमन मजबूत होगा। इस्लाम नफरत नहीं, बल्कि सम्मान और प्रेम सिखाता है। ज्ञात हो कि निजामुद्दीन अंसारी का 23 जून 2026 को 74 वर्ष की आयु में निधन हुआ था। वे मिलनसार स्वभाव के लिए क्षेत्र में सम्मानित थे।

# 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के तहत हजारों युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत, अरवल द्वारा 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभर में संचालित 'नशे के खिलाफ जेन जेड' राष्ट्रव्यापी जन-अभियान का हिस्सा है। जिले का मुख्य कार्यक्रम राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, कलेर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने



उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी लाइव संबोधन को सुना तथा नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, धमौल, एस.डी. कॉलेज, अरवल, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, कलेर सहित जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण तथा भारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने तथा 'विकसित भारत' के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने एवं अपने परिवार, मित्रों तथा समाज को भी नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण तथा अरवल जिले को नशामुक्त बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# पूर्व विधायक विद्याभूषण सिंह के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने सिवान जिला के वसंतपुर के पूर्व विधायक विद्याभूषण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। 30 जुलाई, 2026 को सिवान के बैकुंठपुर प्रखंड स्थित सिहूरी गांव में उनके निवास स्थान पर उनका निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उन्होंने कहा कि श्री सिंह के निधन से लोक समिति को अपूर्णीय क्षति हुई है। श्री आजाद ने कहा कि पूर्व विधायक विद्याभूषण सिंह ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ता से अपने सामाजिक जीवन की शुरुआत कर 1974 के बिहार आंदोलन में शामिल हुए और जेल की यातनाएं झेली। फिर 1977 में जनता पार्टी की ओर से विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए गए थे और जीत हासिल कर विधायक बने। वे जेपी सेनानी भी थे। इसके बाद वे फिर कभी चुनाव नहीं लड़े और लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा संस्थापित निर्दलीय संगठन लोक समिति के साथ सक्रिय रहे। वे जीवनपर्यंत लोक समिति को आगे बढ़ाने में लगे रहे।

# दिगंबर जैन मंदिर में धूमधाम से संपन्न चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में रविवार को शहर के रमना रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। परम पूज्य आचार्य विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या 105 श्री आर्यिका अंतरमति माताजी ससंघ, आर्यिका श्री 105 अनुग्रहमति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 स्वाध्याय मति माताजी के मंगल सानिध्य में धर्मामृत पावन वर्षा योग-2026 और चातुर्मास का भव्य आगाज हुआ।



**भव्य अनुष्ठान और शोभा यात्रा**

जैन परंपरानुसार सुबह साढ़े छह बजे से अनुष्ठान की शुरुआत हुई। पांच सौभाग्यशाली महिलाओं द्वारा कलश पूजन, मंगलाष्टक, दिगबंधन, अभिषेक, शांतिधारा पाठ, पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट के पश्चात श्रीफल अर्पित कर मंगल कलश की स्थापना की गई। इसके बाद सुबह साढ़े सात बजे गाजे-बाजे और ढोल-मजीरे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा जैन मंदिर से शुरू होकर लोहा पट्टी, जीबी रोड, कोतवाली मोड़, केपी रोड, पान दरीबा और रमना रोड होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचकर आर्यिका 105 अंतरमती माता जी के मंत्रोच्चारण से पवित्र जल द्वारा विनायक यंत्र का महाअभिषेक कराया गया। मंदिर शिखर पर णमोकार मंत्र के दिव्य घोष के बीच ध्वजारोहण का सौभाग्य अभय कुमार जैन, रितेश जैन और पियूष काला को प्राप्त हुआ है। दोपहर बाद चातुर्मास कलश स्थापना का भव्य आगाज मंगलाचरण नृत्य के साथ हुआ। समाज के छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं द्वारा जैन संस्कृति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। महिलाओं ने बिहार के महापर्व छठ, असम के बिहू, राजस्थानी, बंगाली, मराठी और दक्षिण भारतीय वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। पूरा परिसर जैन मंगल गान और णमोकार मंत्रों से गूंज उठा।

**माताजी की मंगलदेशना (अमृत वाणी)**

मंगल कलश स्थापना के उपरांत आर्यिका 105 अंतरमती माताजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि चातुर्मास जैनियों के लिए पुण्यार्चन का सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने त्याग, संयम, और अहिंसा के सिद्धांतों का पालन करने पर बल देते हुए कहा कि आत्म-शुद्धि, नैतिक मूल्यों के विकास और मानसिक शांति के लिए आत्म-मनन आवश्यक है।

आर्यिका ससंघ गया जी में चार महीने के चातुर्मास प्रवास के दौरान जैन श्रद्धालुओं को धर्म की जानकारी देंगी।

इस समारोह में जैन समाज के अध्यक्ष नरेंद्र सेठी, उपाध्यक्ष विजय काशलीवाल, मंत्री मधुकांत काला, सह मंत्री अमित अजमेरा (विक्की), कोषाध्यक्ष राजेश विनायका, महिला अध्यक्षा मंजू सेठी, उपाध्यक्ष चमेली गंगवाल, मंत्री माला कला एवं संतोषी गंगवाल, कोषाध्यक्ष वीणा रारा, और टिंकू सेठी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे है।

# एसपी ने जिले के ब्लॉगर, इन्फ्लुएंसर्स, रील मेकर्स एवं यूट्यूबर्स के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद की अध्यक्षता में जिले के सभी व्लॉगर, इन्फ्लुएंसर्स, रील मेकर्स एवं यूट्यूबर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने श्रावणी मेला-2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं मेले की विशेषताओं का सकारात्मक प्रचार-प्रसार करने तथा बाबा सिद्धेश्वर नाथ धाम सहित जहानाबाद की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को डिजिटल माध्यम से व्यापक पहचान दिलाने की अपील की गई। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) एवं पुलिस उपाधीक्षक भी उपस्थित रहे।

# नगर निकायों के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल अविलंब समाप्त कराए सरकार : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** राज्य के नगर निकायों के सफाई कर्मचारियों के विगत तीन दिनों से जारी हड़ताल के कारण शहर, बाजारों में कूड़े का अम्बार लगा हुआ है वर्षात के मौसम में साफ-सफाई नहीं होने से सड़कों, गालियों में गंदगी से आमजन त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, अरुण कुमार पासवान, सुनील कुमार पासवान, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि बिहार सहित गया नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण संपूर्ण शहर कूड़े की ढेर से नरक में तब्दील है। आमजनों के



घरों में कूड़े रखे हुए हैं। घर- घर कूड़े वाली गाड़ी नहीं पहुचने से लोगों के घरों के डस्टबीन भरे पड़े हुए हैं। नेताओं ने कहा कि सफाईकर्मी ठेके के बदले स्थाई नौकरी सहित अन्य मांगों को लेकर विगत तीन दिनों से हड़ताल पर हैं। नेताओं ने बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा से अविलंब सूबे के नगर निकायों में चल रहे सफाईकर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को अविलंब समाप्त कराने की मांग की है।

संपादकीय

# अब भगवा जर्सी पर विवाद

भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीम की परंपरागत नीले रंग की जर्सी का रंग बदलकर भगवा ( ऑरेंज ) करने को लेकर राजनीतिक और खेल क्षेत्र में बवाल शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि यह भारत सरकार के इशारे पर किया गया है। हालांकि जर्सी के रंग डिजाइन आदि का फैसला हॉकी इंडिया करती है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष एवं पूर्व हॉकी खिलाड़ी दिलीप तिर्की ने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि यह रंग बदलने का फैसला खिलाड़ियों के सुझाव और तकनीकी जरूरत के आधार पर किया गया है। हॉकी इंडिया का यह भी तर्क है कि नीली जर्सी अक्सर नीले सिंथेटिक मैदान में घुलमिल जाती थी। जिससे खिलाड़ियों की स्पष्टता और दृश्यता प्रभावित होती थी। इसलिए भी रंग बदला गया है। लेकिन बहुत से लोग इस तर्क से इत्तेफाक नहीं रखते। इस फैसले का सबसे पहले विरोध भारत के पूर्व हॉकी कप्तानों की ओर से आया है। पूर्व कप्तान एवं पूर्व मंत्री परगट सिंह और वीरेन रस्किन्हा ने हॉकी इंडिया के फ़ैसले को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि जर्सी का रंग बदलने के पीछे कोई उचित तर्क नजर नहीं आता। परगट सिंह ने कहा कि अब खेल में अपनी विचारधारा थोपी जा रही है। इस बीच हॉकी इंडिया ने सोशल मीडिया नई जर्सी का वीडियो जारी कर इसके डिजाइन और रंग के पीछे के मकसद को स्पष्ट किया है। इसके मुताबिक जर्सी के नए डिजाइन और रंग का मकसद 'एक कहानी कहना' और 'भारत का गौरव' दिखाना है। इस वीडियो में केसरिया रंग ( भगवा ) को साहस, बलिदान और जीत का चिह्न बताया गया है। इस रंग को भारत के झंडे और उगते सूरज से प्रेरित बताया गया है। कहा गया है कि यह नए भारत की शुरूआत है। जर्सी के मध्य भाग में एक डिजाइन है जिसे मंडला कहा गया है जिसे भारत के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित बताया गया है। गले और बांह पर डीप नेवी ब्लू रंग की एक पतली पट्टी है, जो अशोक चक्र से प्रेरित है जो प्रगति, शांति और फ़ोकस का प्रतीक है। जर्सी के ऊपरी हिस्से में चेस्ट ग्राफ़िक है, जिसे सुदर्शन चक्र की आधुनिक व्याख्या बताया गया है, इसे शक्ति, एकता और गति का प्रतीक कहा गया है। जर्सी में गले से कंधे तक तिरंगे की एक पट्टी है। जर्सी के बीच अंग्रेज़ी में 'इंडिया' लिखा गया है, जो देवनागिरी लिपि से प्रभावित है और कहा गया है कि यह भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को दिखाता है। दिलीप तिर्की ने यह भी कहा कि कहा कि 2014 विश्व कप में पीली जर्सी और 2018 में आसमानी नीले डिजाइन का इस्तेमाल पहले भी किया जा चुका है, इसलिए जर्सी के रंग में बदलाव कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने हॉकी इंडिया की ओर से जर्सी के रंग में बदले जाने को इतिहास फिर से लिखे जाने की कोशिश कहा तो ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हॉकी इंडिया पर खेल के राजनीतिकरण का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का नीला रंग वास्तव में देश की खेल विरासत से जुड़ी भावना है। हमारी नीली जर्सी हमारे लिए वही महत्व रखती है, जो अर्जेंटीना के लिए उसकी प्रतिष्ठित धारियां और ब्राजील के लिए उसकी पीली जर्सी रखती है। खेल का उद्देश्य जोड़ना है, बांटना नहीं। यह विवाद तब खड़ा हुआ है, जब नीदरलैंड्स और बेल्जियम में आगामी एफआईएच विश्व कप होना है। इस विवाद के पीछे राजनीति ज्यादा है। असल मुद्दा हॉकी टीम के परफार्मेंस का है। क्या वो केसरिया जर्सी में पहले से बेहतर प्रदर्शन कर पाएगी, स्वर्णपदक ला पाएगी?

# म्यांमार व भारत के बीच संवाद ही सही रणनीति

**हाल ही हुई म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग की भारत यात्रा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा और गति देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी गई। यह यात्रा ऐसे समय में हुई जब भारत और म्यांमार क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में नए अवसर तलाश रहे हैं। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी संपर्क को बेहतर बनाने, व्यापार एवं आर्थिक सहयोग का विस्तार करने तथा सीमा पार होने वाले अपराधों, तस्करी और अन्य अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गतिविधियों से संयुक्त रूप से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।**

**अंशुमान**

यात्रा के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के बीच व्यापार, सीमा प्रबंधन और कनेक्टिविटी जैसे पारंपरिक मुद्दों के अलावा क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ तत्वों के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने भी स्पष्ट किया कि भारत इस रणनीतिक क्षेत्र में म्यांमार के साथ दीर्घकालिक साझेदारी विकसित करने का इच्छुक है। दरअसल, वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिस्पर्धा और महत्वपूर्ण खनिजों की मांग को देखते हुए म्यांमार के विशाल रेयर अर्थ भंडार का महत्व लगातार बढ़ रहा है। हालांकि, इन संसाधनों की रणनीतिक उपयोगिता जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही आवश्यक यह आकलन करना भी है कि मौजूदा राजनीतिक और सुरक्षा परिस्थितियों में क्या म्यांमार भारत के लिए इन खनिजों का एक विश्वसनीय, स्थिर और दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता बन सकता है।

यही प्रश्न भारत की भविष्य की खनिज सुरक्षा रणनीति के केंद्र में है। आज म्यांमार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रेयर अर्थ उत्पादक देश बन चुका है। वर्ष 2024 में यहां लगभग 31,000 टन रेयर अर्थ तत्वों का उत्पादन हुआ। म्यांमार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां डिस्प्रोसियम और टर्बियम जैसे भारी रेयर अर्थ तत्व बड़ी मात्रा में पाए जाते हैं। इनका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों यानी ईवी, पवन ऊर्जा संयंत्रों, अत्याधुनिक चुंबकों और आधुनिक रक्षा उपकरणों के निर्माण में किया जाता है। दुनिया के अधिकांश देशों में हल्के रेयर अर्थ तत्व अधिक मिलते हैं, जबकि भारी रेयर अर्थ तत्व अपेक्षाकृत दुर्लभ होते हैं।

यही कारण है कि म्यांमार का महत्व और बढ़ जाता है। इन खनिजों का अधिकांश उत्पादन काचिन राज्य के चिपवी और मोमौक क्षेत्रों में होता है। पिछले एक दशक में यहां खनन गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। हालांकि, वर्ष 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद नागरिक प्रशासन लगभग पूरी तरह कमजोर हो गया और कई इलाकों में सरकार का नियंत्रण समाप्त हो गया। परिणामस्वरूप, इन क्षेत्रों में बिना पर्याप्त सरकारी निगरानी और नियमों के बड़े पैमाने पर खनन जारी है।रेयर अर्थ के अलावा म्यांमार में टिन, टंगस्टन, और जेड जैसे बहुमूल्य खनिजों के भी विशाल भंडार हैं। इनका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक्स, विशेष मिश्र धातुओं और रक्षा उद्योग में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसलिए म्यांमार केवल रेयर अर्थ का ही नहीं, बल्कि कई रणनीतिक खनिजों का भी महत्वपूर्ण स्रोत है।

दुनिया के लगभग 60 प्रतिशत रेयर अर्थ भंडार चीन के पास हैं और वैश्विक स्तर पर निकाले जाने वाले रेयर अर्थ तत्वों का लगभग 90 प्रतिशत प्रसंस्करण भी चीन ही करता है। यही कारण है कि इस क्षेत्र में चीन की लगभग एकाधिकार जैसी स्थिति बन गई है।हाल के वर्षों में चीन ने रेयर अर्थ खनिजों और उनसे जुड़ी प्रोसेसिंग तकनीक के निर्यात पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। इससे स्पष्ट हो गया कि वह इन संसाधनों का उपयोग केवल आर्थिक नहीं बल्कि भू-राजनीतिक दबाव बनाने के लिए भी कर सकता है। ऐसे माहौल में म्यांमार के भारी रेयर अर्थ भंडार का महत्व और भी बढ़ जाता है।भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारत के पास लगभग 69 लाख टन रेयर अर्थ ऑक्साइड का भंडार है, जो दुनिया के बड़े भंडारों में गिना जाता है। लेकिन इनमें अधिकांश हल्के रेयर अर्थ तत्व हैं। भारत का वैश्विक रेयर अर्थ खनन उत्पादन में योगदान एक प्रतिशत से भी कम है और प्रोसेसिंग तथा रिफाइनिंग क्षमता तो इससे भी बहुत कम है। इसलिए भारत की आवश्यकता उन भारी रेयर अर्थ तत्वों की है जो म्यांमार के काचिन क्षेत्र में बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि म्यांमार के अधिकांश महत्वपूर्ण रेयर अर्थ भंडार सीधे वहां की सैन्य सरकार के नियंत्रण में नहीं हैं। काचिन राज्य के जिन क्षेत्रों में सबसे अधिक खनिज मौजूद हैं, वहां नियंत्रण मुख्य रूप से काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी यानी केआईए के पास है। वर्ष 2021 के सैन्य तख्तापलट और विशेष रूप से ऑपरेशन 1027 के बाद केआईए ने अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों का काफी विस्तार किया है। इसका अर्थ यह है कि भारत यदि म्यांमार के रेयर अर्थ क्षेत्र में निवेश करना चाहता है तो केवल सरकार से समझौता करना पर्याप्त नहीं होगा। अप्रत्यक्ष या



प्रत्यक्ष रूप से उसे ऐसे सशस्त्र गैर-सरकारी संगठन से भी जुड़ने की चुनौती सामने आ सकती है जिसे म्यांमार की सरकार आधिकारिक मान्यता नहीं देती और जिसके साथ भारत का पहले कोई औपचारिक संवाद तंत्र भी नहीं रहा है।

कुछ मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया गया कि चीन के निर्यात प्रतिबंधों के बाद भारत ने इस क्षेत्र के सशस्त्र समूहों के साथ चुपचाप रेयर अर्थ आपूर्ति की संभावनाएं तलाशनी शुरू की हैं। हालांकि इन दावों को काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी और भारतीय अधिकारियों दोनों ने सार्वजनिक रूप से खारिज किया है। भारत की एक और बड़ी चुनौती चीन का पहले से स्थापित प्रभाव है। पिछले कई दशकों से चीन ने म्यांमार में सड़क, व्यापार और अन्य बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है। उसने स्थानीय व्यापारियों और मध्यस्थों का मजबूत नेटवर्क भी तैयार कर लिया है। वर्तमान में काचिन राज्य से निकलने वाला अधिकांश रेयर अर्थ अयस्क सीधे चीन के युन्नान प्रांत पहुंचता है, जहां विशाल प्रोसेसिंग संयंत्र पहले से मौजूद हैं।चीन की कंपनियों ने केवल सरकारी समझौतों के आधार पर नहीं बल्कि स्थानीय सशस्त्र समूहों और मिलिशिया के साथ व्यावहारिक संबंध बनाकर इस व्यापार पर अपनी पकड़ बनाए रखी है। यही कारण है कि वर्ष 2018 के निर्यात प्रतिबंध, 2021 के सैन्य तख्तापलट और कई बार सीमा बंद होने के बावजूद यह व्यापार पूरी तरह बंद नहीं हुआ। यहां तक कि वर्ष 2024 में चीन ने युद्धविराम वार्ता के दौरान काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी पर दबाव बनाने के लिए आंशिक व्यापार प्रतिबंध लगाए, लेकिन उसके बाद भी यह नेटवर्क पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ।

इन सब घटनाक्रम के बाद भारत इन जटिल परिस्थितियों को अच्छी तरह समझता है। यही कारण है कि राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग की यात्रा के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने केवल इतना कहा कि क्रिटिकल मिनरल्स का मुद्दा द्विपक्षीय विचार-विमर्श के तहत है और दोनों देश इस विषय पर संपर्क बनाए रखेंगे।इस यात्रा के दौरान न तो कोई समझौता ज्ञापन हुआ, न कोई खनिज खरीद समझौता और न ही किसी संयुक्त उद्यम की घोषणा की गई। इससे स्पष्ट है कि भारत फिलहाल बहुत सावधानी से आगे बढ़ना चाहता है। यदि भारत वास्तव में इस व्यापार का बड़ा हिस्सा अपनी ओर मोड़ना चाहता है तो केवल राजनीतिक समझौता पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए सड़क, बंदरगाह, परिवहन, वित्तीय निवेश और लॉजिस्टिक्स का ऐसा मजबूत ढांचा तैयार करना होगा जो अभी मौजूद नहीं है।

भारत की कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट परियोजना और भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग जैसी दो प्रमुख संपर्क परियोजनाएं वर्षों से अधूरी हैं। इसका उद्देश्य भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बंगाल की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ते हुए क्षेत्रीय व्यापार, संपर्क और सामरिक पहुंच को मजबूत करना है। किंतु वर्ष 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद राखाइन और चिन राज्यों में बिगड़ी सुरक्षा स्थिति ने इन परियोजनाओं की प्रगति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। हिंसा, सशस्त्र संघर्ष और अस्थिर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण निर्माण कार्य बार-बार बाधित हुआ और समय-सीमा लगातार आगे खिसकती गई। कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत को नेपीडॉ की सरकार के साथ संवाद जारी रखना चाहिए और तकनीकी और व्यावसायिक सहयोग बढ़ाना चाहिए। भारत को केवल सैन्य सरकार या केवल प्रतिरोधी समूहों पर निर्भर रहने के बजाय ऐसी नीति अपनानी चाहिए जो वास्तविक परिस्थितियों के अनुसार प्रभावी नियंत्रण रखने वाले पक्षों के साथ व्यावहारिक संवाद की गुंजाइश बनाए रखे, जबकि उसकी व्यापक विदेश नीति के सिद्धांत भी सुरक्षित रहें।

अध्यात्म

## भगवान को बिना खिलाए मंदिर से लौटना नहीं

भोजन हो, वस्त्र हो या हर चीज पहले भगवान को समर्पित करता । एक दिन घर में लड्डू बने। ब्राम्हण ने लड्डू लिए और भोग लगाने चल दिया। पत्नी इससे नाराज हो गई । कहने लगी कोई पत्थर की मूर्ति जिंदा होकर तो खाएगी नहीं जो हर चीज लेकर मंदिर की तरफ दौड़ पड़ते हो। अबकी बार बिना खिलाए न लौटना, देखती हूँ कैसे भगवान खाने आते हैं। बस ब्राम्हण ने भी पत्नी के ताने सुनकर ठान ली कि बिना भगवान को खिलाए आज मंदिर से लौटना नहीं है। मंदिर में जाकर धूनि लगा ली। भगवान के सामने लड्डू रखकर विनती करने लगा। एक घड़ी बीती। आधा दिन बीता, न तो भगवान आए न ब्राम्हण हटा। आसपास देखने वालों की भीड़ लग गई। सभी कौतूहलवश देखने लगे कि आखिर होना क्या है। मक्खियाँ भिनभिनाने लगी ब्राम्हण उन्हें उड़ाता रहा। मीठे की गंध से चीटियां भी लाईन लगाकर चली आईं। ब्राम्हण ने उन्हें भी हटाया, फिर मंदिर के बाहर खड़े आवारा कुत्ते भी ललचाकर आने लगे । ब्राम्हण ने उनको भी खदेड़ा। लड्डू पड़े देख मंदिर के बाहर बैठे भिखारी भी आए गए। एक तो चला सीधे लड्डू उठाने तो ब्राम्हण ने जोर से थप्पड़ रसीद कर दिया। दिन ढल गया, शाम हो गई। न भगवान आए, न ब्राम्हण उठा। शाम से रात हो गई। लोगों ने सोचा, ब्राम्हण देवता पागल हो गए हैं, भगवान तो आने से रहे। धीरे-धीरे सब घर चले गए। ब्राम्हण को भी गुस्सा आ गया, लड्डू उठाकर बाहर फेंक दिए। भिखारी, कुत्ते, चीटी, मक्खी तो दिन भर से ही इस घड़ी का इंतजार कर रहे थे, सब टूट पड़े। उदास ब्राम्हण भगवान को कोसता हुआ घर लौटने लगा। इतने सालों की सेवा बेकार चली गई, कोई फल नहीं मिला। ब्राम्हण पत्नी के ताने सुनकर सो गया। रात को सपने में भगवान आए। बोले- तेरे लड्डू खाए थे मैंने। बहुत बढ़िया थे, लेकिन अगर सुबह ही खिला देता तो ज्यादा अच्छा होता। कितने रूप धरने पड़े तेरे लड्डू खाने के लिए, मक्खी, चीटी, कुत्ता, भिखारी। पर तूने हाथ नहीं धरने दिया। दिन भर इंतजार करना पड़ा। आखिर में लड्डू खाए लेकिन जमीन से उठाकर खाने में थोड़ी मिट्टी लग गई थी। अगली बार लाए तो अच्छे से खिलाना। भगवान चले गए। ब्राम्हण की नींद खुल गई। उसे एहसास हो गया। भगवान तो आए थे खाने लेकिन मैं ही उन्हें पहचान नहीं पाया। बस, ऐसे ही हम भी भगवान के संकेतों को समझ नहीं पाते हैं।

मुझमें राम, तुझमें राम सब में राम समाया, सबसे कर लो प्रेम जगत में, कोई नहीं पराया ।

# विकास में बचा रहे आदिवासी का अस्तित्व

**जेन-जी का आंदोलन खत्म हो गया। उनकी कुछ मांगें पूरी हुईं। आगे क्या होगा, अभी साफ नहीं है। लेकिन देश में एक और आंदोलन चल रहा है। वह दिल्ली से कोसों दूर है। उसकी आवाज टीवी पर उतनी तेज नहीं है। उसके नारे सोशल मीडिया पर ट्रेंड नहीं करते। उनके पास बड़े मंच नहीं हैं। लेकिन उनकी मांग बहुत बड़ी है। और बहुत पुरानी भी! जीवन जीने की मांग! अपनी जमीन पर रहने की मांग। विस्थापित न होने की मांग। यह आंदोलन केन-बेतवा परियोजना से प्रभावित लोगों का है। यह केवल पानी का सवाल नहीं है। यह जमीन का सवाल है। यह जंगल का सवाल है। यह घर का सवाल है। यह उस जीवन का सवाल है जिसे विकास के नाम पर बदल दिया जाना है।**

**डॉ. नरेश गौतम**

केन-बेतवा परियोजना को बुंदेलखंड की प्यास बुझाने वाली बड़ी परियोजना बताया जा रहा है। पानी चाहिए। सिंचाई चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं। बुंदेलखंड ने पानी का संकट झेला है। लेकिन सवाल यह है कि किसी की प्यास बुझाने के लिए किसी और का घर क्यों डूबे? यह सवाल आसान नहीं है। क्योंकि इसके सामने विकास खड़ा है। बांध खड़ा है। सिंचाई खड़ी है। करोड़ों रुपये खड़े हैं। सरकारी योजनाएं खड़ी हैं। लेकिन दूसरी तरफ एक आदमी खड़ा है। उसके पीछे उसका घर है। खेत है। जंगल है। पुरखों की जमीन है। उसकी यादें हैं। उसका जीवन है। सरकार के कागज पर वह एक बस प्रभावित परिवार है। लेकिन उसके लिए यह केवल एक शब्द नहीं है। बल्कि उसका पूरा जीवन प्रभावित हो रहा है। भारत में आदिवासी समाज को देखने का हमारा नजरिया आज भी बहुत पुराना है। हम आदिवासी को देखते हैं तो जंगल दिखाई देता है। गरीबी दिखाई देती है। अशिक्षा दिखाई देती है। कुपोषण दिखाई देता है। पिछड़ापन दिखाई देता है। लेकिन हम एक सवाल पूछना हमेशा भूल जाते हैं। आखिर यह तस्वीर बनी कैसे? क्या आदिवासी सचमुच पिछड़ा है? या हमने विकास को मापने का पैमाना ही गलत बना लिया है? आदिवासी समाज प्रकृति के साथ जीता आया है। उसने प्रकृति को जीतने की कोशिश नहीं की। उसने उसके साथ जीना सीखा। जंगल उसके लिए बाजार नहीं है। जंगल उसका जीवन है। पेड़ उसके लिए सिर्फ लकड़ी नहीं है। नदी सिर्फ पानी नहीं है। पहाड़ सिर्फ पत्थर नहीं है। जमीन सिर्फ संपत्ति नहीं है। इन सबके साथ उसका रिश्ता है।

यह रिश्ता एक दिन में नहीं बना। यह सदियों का अनुभव है। पीढ़ियों का ज्ञान है। जीवन की कठिन परिस्थितियों से निकली समझ है। आज दुनिया जिसे सस्टेनेबल डेवलपमेंट कहती है। आदिवासी इसे जीता रहा है। वह प्रकृति से लेता है। लेकिन उसे लौटाता भी है। कई समुदाय फसल का हिस्सा पशु-पक्षियों के लिए छोड़ते हैं। जंगल से उतना ही लेते हैं जितनी जरूरत हो। कई जगह पेड़, पहाड़ और जलस्रोत केवल संसाधन नहीं हैं। वे आस्था और सामुदायिक जीवन का हिस्सा हैं। लेकिन फिर वही सवाल उठता है। जंगल का दुश्मन कौन है? वह आदिवासी जिसने जंगल में रहकर उसे बचाए रखा? या वह व्यवस्था जिसने जंगल को माल समझा? बड़ी मशीनों से जंगल किसने काटे? पहाड़ किसने तोड़े? बड़े पैमाने पर खनन किसने किया? बड़े बांध किसने बनाए? औद्योगिक परियोजनाएं किसने शुरू कीं? और सबसे बड़ी बात नीतियां किसने बनाई? फैसले किसने लिए? फिर भी जब जंगल बचाने की बात आती है तो सबसे पहले शक किस पर होता है? आदिवासी पर। यह कैसी विडंबना है? जिसे जंगल का सबसे पुराना निवासी होना चाहिए था, वही जंगल में सबसे अधिक संदिग्ध क्यों है? यह केवल नजर का दोष नहीं है। यह सत्ता की भाषा का भी सवाल है। जिसके पास कागज है, उसका अधिकार मजबूत है। जिसके पास पीढ़ियों की स्मृति है, उसका अधिकार कमजोर है। जिसके पास मशीन है, उसे विकासकर्ता कहा जाता है। जिसके पास जंगल का ज्ञान है, उसे पिछड़ा कहा जाता है। यह पैमाना बदलना होगा। केन-बेतवा का सवाल इसलिए बड़ा है। यह केवल एक बांध का सवाल नहीं है। यह उस सोच का सवाल है जिसमें नदी को जोड़ने से पहले यह नहीं पूछा जाता कि उस नदी के किनारे कौन जी रहा है। जमीन को खाली जमीन समझना आसान है। नक्शे पर गांव एक छोटा-सा निशान होता है। लेकिन उस निशान के भीतर भी एक दुनिया होती है। घर होता है। खेत होता है। कुआं होता है। देवस्थान होता है। पेड़ होते हैं। रिश्ते होते हैं। कब्रें और स्मृतियां होती हैं। बचपन की यादें होती हैं। और एक पूरा सामाजिक जीवन होता है। इसे किसी मुआवजे की रकम से पूरी तरह नहीं खरीदा जा सकता। मुआवजा जमीन की कीमत हो सकता है। जिंदगी की कीमत नहीं !



हम विकास को आंकड़ों में देखते हैं। कितने हेक्टेयर में सिंचाई होगी। कितनी बिजली बनेगी। कितने करोड़ खर्च होंगे। कितने गांव प्रभावित होंगे। लेकिन हम यह कभी नहीं पूछते कि कितने सपने टूटेंगे। विकास की रिपोर्ट में ये बातें अक्सर आंकड़े नहीं बनतीं। लेकिन प्रभावित परिवारों के लिए यही सबसे बड़ा आंकड़ा है। केन-बेतवा हमें एक कठिन सवाल के सामने खड़ा करता है। क्या विकास का मतलब केवल यह है कि देश आगे बढ़े? या यह भी जरूरी है कि विकास के रास्ते में खड़े लोग भी आगे बढ़ें? अगर एक गांव डूबता है और दूसरे खेतों में पानी पहुंचता है, तो क्या इसे केवल सफलता कहा जा सकता है? अगर किसी शहर को पानी मिलता है और किसी गांव का घर पानी में डूब जाता है, तो क्या यह बराबरी का विकास है? यही वह सवाल है जिसे बार-बार दबा दिया जाता है। क्योंकि गरीब की जमीन लेना आसान है। उसकी आवाज छोटी है। उसके पास महंगे वकील नहीं हैं। उसके पास बड़े मीडिया संस्थान नहीं हैं। उसके पास दिल्ली तक पहुंचने का साधन नहीं है। और शायद यही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी है।

केन-बेतवा का संघर्ष हमें यही याद दिलाता है। पानी चाहिए। लेकिन पानी के साथ न्याय भी चाहिए। सड़क चाहिए। लेकिन सड़क के साथ अधिकार भी चाहिए। उद्योग चाहिए। लेकिन उद्योग के साथ पर्यावरण भी चाहिए। विकास चाहिए। लेकिन विकास के साथ इंसान भी चाहिए। ऐसा विकास नहीं चाहिए जिसमें पहले गरीब को हटाया जाए और बाद में उसे मुआवजे की रसीद दे दी जाए। ऐसा विकास नहीं चाहिए जिसमें जंगल को बचाने के नाम पर जंगल के लोगों को ही जंगल से बाहर कर दिया जाए। ऐसा विकास नहीं चाहिए जिसमें नदी बच जाए लेकिन नदी के किनारे रहने वाला समाज खत्म हो जाए। विकास वह नहीं जिसमें कुछ लोग आगे निकल जाएं और कुछ लोग अपने घर से ही बाहर कर दिए जाएं। केन-बेतवा का आंदोलन इसलिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह केवल पानी मांगने वालों और बांध बनाने वालों का विवाद नहीं है। यह पूछ रहा है कि इस देश में विकास का फैसला कौन करेगा? क्या फैसला केवल सरकार करेगी? क्या फैसला केवल इंजीनियर करेंगे? क्या फैसला केवल विशेषज्ञ करेंगे? या उस गांव के लोगों की भी कोई आवाज होगी जिनकी जमीन पर वह विकास खड़ा होना है? यह लोकतंत्र की बुनियादी परीक्षा है। आदिवासी समाज विकास का विरोधी नहीं है। वह ऐसा विकास चाहता है जिसमें उसका अस्तित्व भी बचा रहे। वह सड़क, स्कूल, अस्पताल, इंटरनेट, रोजगार चाहता है। वह आधुनिक तकनीक चाहता है। लेकिन वह यह भी चाहता है कि विकास की कीमत उसकी जमीन न बने। उसका घर, उसका जंगल और उसकी पहचान न मिटे। उसकी यह मांग गलत नहीं है। यह लोकतांत्रिक मांग है। आज सवाल यह नहीं है कि आदिवासी मुख्यधारा में कब आएगा। सवाल यह है कि मुख्यधारा आदिवासी को बराबर का नागरिक कब मानेगी? आदिवासी समस्या नहीं है। समस्या वह नजर है, जो आदिवासी को समस्या मानती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

नया व्यवसाय आरम्भ कर सकते हैं। बच्चों के साथ बहुत ही अच्छा समय बितायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को अत्यधिक यश प्राप्त होगा।

**वृषभ**

पूरा दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। व्यर्थ की गतिविधियों में ध्यान न दें। सन्तान पक्ष से हर्षदायक समाचार प्राप्त होगा। परिवार में कुछ कलह हो सकती है।

**मिथुन**

परिजनों के साथ सम्बन्ध अच्छे रखें। धैर्य से निर्णय न लेने के कारण आपको नुकसान हो सकता है। जीवनसाथी की बात आपको बुरी लग सकती है।

**कर्क**

दिन की शुरुआत में आलस्य हो सकता है। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। दाम्पत्य सुख में कमी आ सकती है। मित्रों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलेगा।

**सिंह**

आज घर के कार्यों में आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। बुद्धिमान व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आर्थिक उन्नति होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या**

उधार में लिया हुआ धन आज वापस लौटा सकते हैं। सेहत के मामले में काफी फिट रहेंगे। पुराने कार्यों को पूर्ण करने की चिन्ता रहेगी।

**तुला**

घर के वातावरण में थोड़ी गम्भीरता रहेगी। गृहस्थ जीवन में प्रेम और सद्भावना बढ़ेगी। शेयर मार्केट और म्यूचुअल फण्ड में निवेश से आपको लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक**

बच्चों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिये। आज आपको अधिक भागदौड़ नहीं करनी चाहिये। दुविधा के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं।

**धनु**

व्यवसाय में आशा के अनुरूप लाभ मिलेगा। अपने महत्त्वपूर्ण लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में अग्रसर होंगे। जॉब की तलाश कर रहे व्यक्तियों को सफलता मिल सकती है।

**मकर**

व्यर्थ की भागदौड़ करने से आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। आज केवल अपने काम पर ध्यान दें। चलते हुये कार्यों में बाधा आ सकती है। लोग मनोबल गिराने का प्रयास कर सकते हैं।

**कुंभ**

दोस्तों के साथ पुरानी यादें साझा करेंगे। आपको सुखद समाचार प्राप्त होंगे। आपके द्वारा दी गयी सलाह से लोगों को लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**मीन**

आपका मन आज थोड़ा विचलित रहेगा। वाणी में संयम रखें। प्रतिद्वन्दियों से आपको सावधान रहना चाहिये। सम्पत्ति के दस्तावेजों को सम्भालकर रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूलों में भोजन पकाने से जल्द मिलेगी छुट्टी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्यों को जल्द ही बच्चों का भोजन पकाने और खिलाने के झंझट से निजात मिलने वाली है।शिक्षा विभाग मोकामा के बच्चों को एनजीओ का बना बनाया भोजन खिलाने की व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जुट गया है। एनजीओ ने भी मोकामा के करीब सौ स्कूलों के बच्चों को समय पर भोजन भेजने का पुख्ता प्रबंध कर लिया है।पीएम पोषण योजना के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रंजन कुमार शर्मा ने बताया कि मोकामा के करीब छह स्कूलों को छोड़कर शेष विद्यालयों में बना बनाया भोजन भेजने पर शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा।इनके अनुसार शिक्षा निदेशक के आदेश पर एक टीम गठित कर मोकामा के सभी स्कूलों का भौतिक सत्यापन कराया गया है। इस भौतिक सत्यापन में पाया गया कि छह स्कूलों तक एनजीओ का भोजन पहुंचाने में कठिनाई हो रही है। कसहा दियारा और जंजीरा दियारा क्षेत्र के स्कूलों तक समय पर बच्चों को भोजन मुहैया कराने में परेशानी हो सकती है।

### हार्डवेयर दुकान का ताला तोड़कर डेढ़ लाख की चोरी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के समीप एके हार्डवेयर दुकाने का ताला तोड़कर गल्ले में रखे डेढ़ लाख रुपये नकदी समेत कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए. इस संबंध में दुकानदार अजय कुमार शर्मा ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि थाने के तकीयापर निवासी अजय कुमार शर्मा का रजिस्ट्री ऑफिस के समीप हार्डवेयर की दुकान है। विगत रात में जब वे दुकान बंद कर घर गए तो इस दौरान शातिर चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दुकान मालिक ने बताया कि जब वह अगले दिन सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। साथ ही गल्ले में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये गायब था। जब दुकान में लगे सीसीटीवी देखा गया तो तीन की संख्या में आये चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। वहीं मामला संज्ञान में आने के बाद स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुटी हुई है।

### छाता मोड़ पर पानी सप्लायर से मारपीट, 5 हजार लूटे

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना के छाता मोड़ के पास पानी सप्लाई का काम करने वाले युवक से मारपीट कर 5 हजार रुपये लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है शिकायतकर्ता मुकेश कुमार पिता स्व. नरेन्द्र कुमार सिंह, मोहल्ला सतीस्थान, मसौढ़ी ने बताया कि वह फड. वॉटर सप्लाई का कारोबार करते हैं। शुक्रवार 1 अगस्त 2026 को सुबह करीब 8:00 बजे वह अपने ई-रिक्शा से डिलीवरी के लिए पानी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान छाता मोड़ स्थित संजीव की किराना दुकान के पास 5-7 लड़कों ने उन्हें घेर लिया आरोप है कि लड़कों ने पैसे की मांग की। मना करने पर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। सिर पर ईंट से वार किया गया जिससे बायां हाथ फट गया। घायल अवस्था में उनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। इसी बीच आरोपियों ने जेब से 5 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गए।पीड़ित ने एक आरोपी को पहचान लिया है। उसका नाम शिवराज कुमार पिता साधु यादव, निवासी पटेलनगर, थाना कौड़ी, जिला पटना बताया गया है। भागने के दौरान आरोपियों ने धमकी भी दी कि "अगर केस करोगे तो गोली मार देंगे।मुकेश ने कहा कि पूरी घटना संजीव कुमार की किराना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### जमीन के नाम पर एक लाख लेकर फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमीन खरीद-बिक्री के एग्रीमेंट के नाम पर एक लाख रुपये लेकर रजिस्ट्री नहीं करने और धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। धनरुआ थाना क्षेत्र के मलिकपुर सोनमई निवासी रजनीश कुमार पिता कृष्णा प्रसाद ने मसौढ़ी थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।आवेदन के अनुसार रजनीश ने 09.06.2025 को मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कुम्हारटोली निवासी रंजीत कुमार पिता राजेन्द्र राम से जमीन का एग्रीमेंट किया था। एग्रीमेंट के समय एक लाख रुपये नगद दिए गए। तय हुआ था कि ऑनलाइन रसीद कटने के बाद शेष राशि दी जाएगी।पीड़ित का आरोप है कि ऑनलाइन रसीद में काफी विलंब हुआ। इसके बाद रंजीत ने 5 लाख रुपये एक साथ देने और जल्द रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया। रजनीश ने बताया कि रंजीत टाल-मटोल करते रहे और 9 माह की एग्रीमेंट अवधि 08.03.2026 को समाप्त हो गई शिकायत लेकर जब रजनीश मसौढ़ी थाना पहुंचे तो पता चला कि रंजीत के खिलाफ पहले से कई केस दर्ज हैं और वह घर छोड़कर फरार है। आरोप है कि रंजीत ने 10 धुर (1.5625 डिसमिल), दर 36,21,000/40 रुपये प्रति कट्ठा के हिसाब से एग्रीमेंट किया था।पीड़ित ने एग्रीमेंट की छाया प्रति भी पुलिस को सौंपी है।पीड़ित ने पुलिस से अनुरोध किया है कि आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई कर उनके 1 लाख रुपये वापस दिलाए जाएं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### शराब पीकर हंगामा करते युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब के नशे में घर में हंगामा कर पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में कादिरगंज थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार कादिरगंज थाना क्षेत्र के नेतौल गांव निवासी हरिहर कुमार पिता रामाश्रय गिरी बिते शाम शराब पीकर घर में हंगामा कर रहा था। नशे की हालत में वह अपनी पत्नी से मारपीट करने लगा। परेशान होकर पीड़ित महिला ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हरिहर कुमार को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पहले मसौढ़ी नदौल उत्पाद चेक पोस्ट के पास ले जाकर मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे कादिरगंज थाने लाकर आगे की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया। पत्नी ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले कई दिनों से शराब पीकर घर में झगड़ा और मारपीट कर रहा था। पुलिस ने मामले में आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 'स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु' अभियान के तहत तोप-सरथुआ रेलवे स्टेशन पर हरियाली की अनूठी पहल

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खरभईया पंचायत के सरथुआ गांव में पर्यावरण, पौधरोपण और हरियाली को जोड़कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल चल रही है। 'स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु' अभियान के तहत अम्बर पटेल,रविरंजन एवं मुकेश कुमार जीवनबीमा अभिकर्ता के द्वारा डुमरी-दनियावां रेलवे लाइन स्थित तोप-सरथुआ स्टेशन पर पिछले साल 2025 में हरसिंगार, अमलताश, पीपल, कचनार, नीम और कई फलदार पौधे लगवाए गए थे। अब ये पौधे बड़े होकर स्टेशन परिसर की शोभा बढ़ा रहे हैं। रविवार को अभियान से जुड़े सदस्यों ने सभी पौधों की निकाई-गुड़ाई एवं सिंचाई की। साथ ही 15 से अधिक बरगद के नवजात पौधे भी रोपे गए और उनके संरक्षण के लिए बाड़ लगाई गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अभियान में डॉ. राजीव नयन, मुकेश कुमार, अम्बर पटेल, रविरंजन, रामदयाल पासवान, भीम कुमार, छोटी आदि शामिल हुए। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार व अम्बर जी ने बताया कि आगामी 6 अगस्त को शहीद विजय की पुण्यतिथि पर स्टेशन परिसर एवं गांव के बांध पर व्यापक पैमाने पर फलदार, छायादार एवं फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही पौधों के संरक्षण के लिए भी मुकम्मल व्यवस्था की जाएगी। डॉ. राजीव नयन और सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार ने बताया कि धरती पर पेड़-पौधे इसके आभूषण की तरह हैं।इनका होना बहुत जरूरी है। अगर पेड़-पौधे और हरियाली नहीं होंगे तो मानव जीवन संकट में पड़ जाएगा।



### शिक्षा विभाग का अजब-गजब कारनामा, जांच करने वाले को ही मिली सजा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार का शिक्षा विभाग अपने अनोखे कारनामों के लिए हमेशा सुर्खियों में रहता है। ताजा मामला पटना जिले के मोकामा का है, जहां ईमानदारी से जांच करना एक अधिकारी को ही भारी पड़ गया।पीएम पोषण योजना (मध्याह्न भोजन योजना) में गड़बड़ी पकड़ने वाले प्रखंड साधन सेवी को ही विभाग ने सजा दे दी, जबकि आरोपित प्रधानाचार्य को क्लीन चिट दे दी गई।जानकारी के अनुसार, प्रखंड साधन सेवी विनोद पासवान ने 8 मई को मोकामा पूर्वी इलाके के एक विद्यालय में पीएम पोषण योजना की जांच की थी।जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। स्कूल प्रबंधन ने जांच में कोई सहयोग नहीं किया। जांच अधिकारी को स्टॉक पंजी और छात्रों की उपस्थिति पंजी तक नहीं दिखाई गई।

# सावन स्पेशल: धनरूआ के बुढ़वा महादेव स्थान में साढ़े 5 फीट का शिवलिंग आकर्षण का केंद्र

**'शक्ति दिखाओ' कहकर भक्त ने महादेव को किया था चैलेंज, फिर शिवलिंग का मुंह पूरब से पश्चिम हो गया**





शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के इस पावन महीने में शिव भक्तों के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है। ऐसें में सावन की धूम के बीच धनरूआ प्रखंड के वीर गांव स्थित गौरीशंकर बुढ़वा महादेव स्थान आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। यहां स्थापित साढ़े 5 फीट का शिवलिंग पूरे पटना जिले में अपनी भव्यता और चमत्कारिक कथा के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के मुख्य पुजारी रामा शंकर पांडे बताते हैं कि यह शिवलिंग 'आपरूपी' है। इसमें भगवान शिव और मां गौरी की आकृति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। मान्यता है कि यह शिवलिंग खेत की जुताई के दौरान मिला था। जब इसे मंदिर में स्थापित किया गया तो इसका मुख पूरब दिशा की ओर था। सबसे चमत्कारी कथा यहीं से शुरू होती है। पुजारी के अनुसार एक बार एक भक्त ने भगवान शिव को चुनौती दी - 'अपनी शक्ति दिखाओ, नहीं तो जीभ काट लूंगा।' अगली सुबह लोगों ने देखा कि शिवलिंग का मुंह अपने आप पूरब से पश्चिम की ओर घूम गया। उसी दिन से इस स्थान की ख्याति दूर-दूर तक फैल गई।स्थानीय लोगों की मान्यता है कि यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। सावन के हर सोमवार को पटना के अलावा नालंदा, जहानाबाद, अरवल समेत कई जिलों से श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। 'हर हर महादेव' के जयघोष से पूरा इलाका गूंज रहा है। पुजारी रामा शंकर पांडे का कहना है - साढ़े पांच फीट का शिवलिंग पूरे पटना जिला में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रत्येक साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। महाशिवरात्रि पर यहां भव्य मेले का आयोजन होता है जिसमें लाखों की संख्या में लोग जुटते हैं। सावन के महीने भर रुद्राभिषेक, बेलपत्र और दूध से जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहेगा।प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की है।

## नशा मुक्त एवं विकसित भारत विषयक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आभासी पटल के माध्यम से नशा मुक्त एवं विकसित भारत विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के संबोधन से हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में नशे के कारण व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक जीवन, सामाजिक संबंधों तथा भविष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है। विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं का स्वस्थ, सजग और नशामुक्त होना अत्यंत आवश्यक है। प्रो. रत्ना अमृत ने महाविद्यालय परिसर में शीघ्र ही एक काउंसलिंग सेल के गठन की बात कही, ताकि विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, नशे से संबंधित समस्याओं तथा अन्य व्यक्तिगत एवं सामाजिक चुनौतियों के संदर्भ में उचित परामर्श और सहयोग उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में नशा-विरोधी जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के अंतर्गत आभासी पटल के माध्यम से भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता तथा रील मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त भारत के संदेश को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

## बी.डी. कॉलेज में 'नशा-मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान' के अंतर्गत पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), बी.डी. कॉलेज, पटना द्वारा युवाओं को तंबाकू एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ, नशा-मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'नशा-मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बी.डी. कॉलेज, पटना के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रो. शत्रुघ्न सिंह, डॉ. रवि कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. बिरेन्द्र कुमार मंडल, डॉ. स्वर्णा कुमार तथा श्रीमती नीतू तिवारी (एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों में जन-जागरूकता एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तंबाकू एवं मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए तथा आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टरों के माध्यम से नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम का समन्वयन विशाल विजय, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा नशा-मुक्त एवं स्वस्थ भारत के निर्माण हेतु जन-जागरूकता फैलाने की शपथ ली।



## मसौढ़ी कोर्ट से निकलते ही मारपीट, सोने की चेन-ब्रेसलेट लूटने का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी कोर्ट से निकलने के बाद मारपीट कर सोने के जेवर लूटने और जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है।अनीसाबाद निवासी मनोज कुमार सिंह और विश्वजीत कुमार सिंह पिता स्व. ओम प्रकाश ने गर्दनीबाग थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। जहां गर्दनीबाग थाने में मसौढ़ी थाने को फॉरवर्ड कर दिया है। आवेदन में दोनों भाइयों ने बताया कि 23/07/2026 को वे अपने एक केस के सिलसिले में मसौढ़ी र.ऊख.ट कोर्ट गए थे। कोर्ट से वापस निकलने के बाद करीब 4:30 बजे शाम कुम्हरारटोली मोहल्ला, मसौढ़ी निवासी अनिल कुमार सुंदरम पिता सच्चिदानंद सिंह ने उनके साथ मारपीट की। पीड़ितों का आरोप है कि अनिल कुमार ने कुछ लोगों के साथ मिलकर उनके साथ छीना-झपटी की और हथियार के बल पर गले से सोने की चेन और हाथ का ब्रेसलेट छीन लिया।

## 'पुलिसिया दमन बंद करो' के नारे के साथ खेत मजदूर सभा का मसौढ़ी में विरोध मार्च

**लहसुना थाना के बसडीह मुसहरी में छापेमारी के बाद 150 परिवारों के पलायन का आरोप, थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग**




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के बांसडीह मुसहरी में पुलिस के द्वारा की गई छापेमारी के नाम पर पुलिसिया दमन को लेकर रविवार को भाकपा माले और खेत मजदूर सभा के कार्यकताओं ने मसौढ़ी शहर में जोरदार विरोध मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व जिला अध्यक्ष नागेश्वर पासवान और अध्यक्षता संजय पासवान ने किया, मार्च शहीद भगत सिंह स्मारक से शुरू होकर स्टेशन तक गया,प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बीते बुधवार को बांसडीह मुसहरी में हुई घटना के बाद पुलिस ने करीब 26 लोगों को नामजद कर पूरे गांव में तांडव मचाया। इसके डर से तकरीबन डेढ़ सौ परिवार घर छोड़कर पलायन कर गए हैं। पूरे बांसडीह में सन्नाटा पसरा हुआ है।विरोध मार्च का नेतृत्व खेत मजदूर सभा के नेता नागेश्वर पासवान और संजय पासवान ने किया। सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष, माले समर्थक हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर शामिल हुए और 'पुलिसिया दमन बंद करो' के नारे लगाए। नागेश्वर पासवान ने कहा कि 'पुलिसिया दमन से गांव के डेढ़ सौ से ज्यादा परिवार घर छोड़कर इधर-उधर रहने को मजबूर हैं। लगातार धर-पकड़ और छापेमारी की जा रही है। हम फर्जी केस वापस लेने और थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और निर्दोष लोगों को परेशान करना बंद किया जाए। साथ ही पलायन किए हुए परिवारों को वापस बसाने के लिए प्रशासन मदद करे। मौके पर राकेश कुमार प्रखंड सचिव, कपिल पासवान, विनोद महतो, बिटेश्वर, शंकर, गुड्डू अंसारी कांति देवी आदि शामिल रहे।

## मिथिला हैंडीक्राफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी के सदस्यों की प्रथम बैठक



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला हैंडीक्राफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी के सदस्यों की प्रथम बैठक मिथिला हस्त कला केन्द्र, मधुबनी में आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि के रूप में शीर्षत कपिल अशोक, भाप्रसे, सचिव, उद्योग, पशु एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार एवं अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, कंफेड, पटना उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आनन्द शर्मा, भाप्रसे, निदेशक, मधुबनी, अशोक कुमार सिन्हा, अपर निदेशक, पटना म्यूजियम, चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह, निदेशक, मिथिला चित्रकला संस्थान, पटना, मुकेश कुमार, सहायक निदेशक, हैंडीक्राफ्ट, पटना तथा अरुण कुमार, आईएएस अभियंता, पर्यटन विभाग, पटना भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में इसी क्षेत्र की दो प्रतिष्ठित कलाकार पद्मश्री दुलारी देवी एवं पद्मश्री बउआ देवी भी उपस्थित थी। बैठक को पूर्व रिकॉर्डेड संदेश के माध्यम से सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव श्री आशीष भुटानी ने भी संबोधित किया, राष्ट्रिय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने भी रिकॉर्डेड बधाई संदेश भेजकर मिथिला हस्त कला के लिए बनाई जा रही इस समिति के लिए कंपेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को बधाई देते हुए सभी सदस्यों को स्वरोजगार के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम बताया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने भी समिति के गठन पर हार्दिक बधाई देते हुए निधि पोषण के लिए नाबार्ड की तत्परता व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि मधुबनी जिले की हस्तकला राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित रही है। हाल ही में भारत सरकार ने जितवारपुर को प्रथम क्राफ्ट विलेज के रूप में घोषित किया है। इस जिले में लगभग 50,000 मान्यता प्राप्त अर्टीजन कार्ड धारक कलाकार पंजीकृत हैं, जिनमें से अनेक को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, कंफेड ने कहा कि इस हैंडीक्राफ्ट समिति का गठन सदस्यों के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण उदाहरण है। इस साझा संस्था से कलाकारों के उत्पादों को स्थानीय बाजार से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचने में मदद मिलेगी, जिससे उनकी आय और दक्षता दोनों में वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान मंच से मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, समस्तीपुर द्वारा सुधा ब्रांड के तहत मखाना खीर का भी शुभारंभ किया गया। इस खीर का स्वाद उपस्थित लोगों ने सराहा।

## हत्या के प्रयास मामले में मेन शूटर देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार

**देसी कट्टा के साथ बना रहा था अपराध की योजना, एसएसपी ने किया प्रेस रिलीज जारी**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देसी कट्टा के साथ अपराध की योजना बना रहे एक युवक को लहसुना पुलिस ने उस्मानचक पोखर के पास से गिरफ्तार किया है, उसके पास से देसी कट्टा बरामद की गई है, गिरफ्तार युवक का नाम मनीष कुमार उर्फ नेउरी पिता सुभाष यादव नउआबाग का निवासी हैं। इसके कई आपराधिक इतिहास भी बताए गए हैं।दरअसल लहसुना थाना क्षेत्र के डोमचक गांव में 09 जुलाई 2026 को हुई गोलीबारी की घटना हुई थी उस घटना का मेन शुटर जिसने गोली चलाई थी वह मनीष कुमार ही था,। पुलिस के अनुसार लहसुना थाना कांड संख्या 584/26 के तहत दर्ज इस मामले में डोमचक गांव निवासी अरुण कुमार पिता लालबाबू पासवान को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। उनके पैर में दो गोलियां लगी थीं। घायल को इलाज के लिए पीएमसीएच पटना में भर्ती कराया गया था। घायल के बड़े भाई मोनू कुमार के बयान पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर 8 लोगों को नामजद किया गया था।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नामजद अभियुक्त मनीष कुमार उर्फ नेउरी पिता सुभाष यादव, निवासी नौआबाग को उसमानचक के पास एक खेत से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार मनीष पर लहसुना थाना कांड संख्या 358 /22 के तहत सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी कांड दर्ज है । बहरहाल गोलीकांड में एक अन्य नामजद अभियुक्त विद्यासागर कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता सुधीर पासवान निवासी हरबंशपुर की पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा वहीं कांड में नामजद अभियुक्त रजनीश कुमार पिता गणेश यादव निवासी नौआबाग थाना धनरूआ ने लगातार दबिश के बाद पटना के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने बताया कि मामले में शेष 6 फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## सवारी बनकर की बुकिंग, हथियार के बल पर लूटी कार, पुनपुन के डुमरी के पास उतारकर फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक बार फिर सवारी बनकर गाड़ी रिजर्व कर लूट करने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। शनिवार दोपहर दानापुर जंक्शन के पास सफेद रंग की कार को तीन अज्ञात लोगों ने रिजर्व किया और चालक को बंधक बनाकर कार लूट ली। पीड़ित नीरज कुमार पिता स्व. दिनेश कुमार, निवासी अमरपुरा, नौबतपुर ने बताया कि वह रैपिडो में अपनी गाड़ी चलाते हैं। तीनों लोगों ने कहा कि उन्हें बैरिया जाना है। कार में बैठाकर बैरिया पहुंचते ही तीनों ने हथियार के बल पर उन्हें काबू कर लिया। उन्हें ड्राइवर सीट से हटाकर बगल वाली सीट पर बैठा दिया और खुद गाड़ी चलाने लगे। आरोपी पटना-गया नेशनल हाईवे होते हुए पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी के पास पहुंचे। यहां नीरज को जान से मारने की धमकी देकर गाड़ी से उतार दिया और कार लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची।

## नया राशन कार्ड और नाम जोड़ने के लिए मसौढ़ी, धनरूआ, पुनपुन में कैंप मोड में शिविर, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**15 हजार के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 16 हजार आवेदन जमा, शत-प्रतिशत लाभुकों से फॉर्म लिए जा रहे**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नया राशन कार्ड बनवाने और कार्ड में नए नाम जोड़ने को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में कैंप मोड में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम धनराज कुमार ने शनिवार को शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। यह शिविर मसौढ़ी प्रखंड, धनरुआ प्रखंड, पुनपुन प्रखंड के साथ-साथ नगर परिषद क्षेत्र में भी लगाया गया है। शिविर में विकास मित्र, पंचायत सचिव एवं अन्य कर्मियों को तैनात किया गया है ताकि पात्र लाभुकों से आवेदन शत-प्रतिशत लिए जा सकें।एसडीएम धनराज कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा 15 हजार आवेदन का लक्ष्य दिया गया था। कैंप मोड में अभी तक कुल 16 हजार आवेदन प्राप्त किए जा चुके हैं। सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि कोई भी पात्र लाभुक आवेदन से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि कैंप मोड का उद्देश्य है कि नए राशन कार्ड बनवाने और नाम जोड़ने वाले लोगों को बार-बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। एक ही जगह पर फॉर्म जमा कर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। प्रशासन का दावा है कि शिविर में जमा सभी आवेदनों की जांच के बाद जल्द ही सूची पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी। एसडीएम ने कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि आवेदन लेने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जगत नारायण लाल कॉलेज, खगौल में एनएसएस की नशा मुक्ति पदयात्रा



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित जगत नारायण लाल कॉलेज, खगौल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत रविवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं पर्यवेक्षण एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मेधावी सुदर्शन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मधुप्रभा सिंह के प्रेरणादायी संदेश से हुई। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। इसके पश्चात मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. किरण बाला ने इच्छाशक्ति को सुदृढ़ बनाने, आत्मबल की पहचान करने तथा साथियों के दबाव से बचने पर प्रेरक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को डॉ. मेधावी सुदर्शन ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने खगौल के मोती चौक क्षेत्र में जागरूकता पदयात्रा निकाली तथा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के दुष्परिणामों से आमजन को अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो ग्रामीण घायल

**मृतक की पत्नी ने वाहन चालक के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी ● रविवार की सुबह दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल किया गया रेफर**



**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में स्थित छपरा-सीवान मुख्य मार्ग (एनएच-531) पर नगर पंचयात एकमा बाजार स्थित अलख नारायण सिंह उच्च विद्यालय के समीप शनिवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सड़क किनारे बैठे दो ग्रामीण स्कॉर्पियो की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक माने गांव के समीप वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची एकमा थाना पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाने ले आई है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सिवान जिले के दारौंदा थाना क्षेत्र के पांडेपुर गांव निवासी अमलेश प्रसाद (45) के रूप में हुई है। वह अपनी टीवीएस एक्सएल मोपेड से छपरा की ओर से अपने घर महाराजगंज लौट रहे थे। इसी दौरान सिवान की ओर से तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान सड़क किनारे बैठे हंसराजपुर गांव निवासी चाय दुकान संचालक उपेन्द्र सिंह (45) तथा मुर्गी फार्म संचालक संतोष सिंह (48) भी स्कॉर्पियो की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का प्राथमिक उपचार एक निजी क्लीनिक में कराया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर रविवार को उन्हें एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. इरफान अहमद ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार रात एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। बाद में माने गांव के समीप लावारिस हालत में खड़ी स्कॉर्पियो को बरामद कर जब्त कर लिया गया। पुलिस चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। रविवार को मृतक की पत्नी सुभावती देवी ने एकमा थाना में आवेदन देकर स्कॉर्पियो के पंजीकरण संख्या के आधार पर फरार चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि मृतक की पत्नी के आवेदन के आधार पर वाहन पंजीकरण संख्या के अनुसार प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है तथा फरार चालक की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से महिला की मौत, बेटा बाल-बाल बचा

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल-भेलाही सैनिक रोड स्थित सिसवा तिलावे नदी पुल पर रविवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका बेटा बाल-बाल बच गया। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतका की पहचान पश्चिम चंपारण जिले के मशवास निवासी आयशा खातून (पति- सिकंदर मियां) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आयशा खातून अपने पुत्र अहसान मियां के साथ बाइक से रक्सौल से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान पश्चिम चंपारण की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि आयशा खातून की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र बाइक से दूर जा गिरा और उसकी जान बच गई। अहसान मियां ने बताया कि स्कॉर्पियो की चपेट में आने से उनकी मां की मौत हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो पश्चिम चंपारण के लालपरसा क्षेत्र की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तथा डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इधर, मृतका के परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि घटनास्थल पर एक व्यक्ति को पुलिस ने अपने नियंत्रण में लिया था, लेकिन बयान दर्ज करने के बाद उसे छोड़ दिया गया। परिजनों का कहना है कि उससे थाने में पूछताछ की जानी चाहिए थी।

## संत रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के सांची पट्टी में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संत रविदास महाराज जी की 650 वी जयंती समारोह के उपलक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई ।उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने इस अवसर पर मीडिया को संबोधित किया सर्वप्रथम इस कार्यक्रम इस कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने एवं मंच संचालन भाजपा के जिला महामंत्री प्रिय रंजन दास ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650 में जयंती वर्ष के उपलक्ष में भाजपा 20 फरवरी 2027 तक पूरे देश में समरसता संकल्प अभियान चला रही है। श्री गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के संत नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथ प्रदर्शक है ।उनका बेगम पुरा का दर्शन ऐसे समाज की कल्पना है। जहां किसी प्रकार का दुख पीड़ा या भेदभाव ना हो इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कलश वंदन अभियान के माध्यम से जन्मस्थली और गोवर्धनपुर वाराणसी की पवित्र मिट्टी से भरे कलश प्रदेश, जिला और मंडल ,गांव ,स्तर तक पहुंचेंगे। श्री गुरु रविदास महाराज समर सता यात्रा 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक डेरा सचखंड बल्ला जालंधर से जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर वाराणसी तक निकलेगी ।गुरु रविदास जी द्वारा दिखाया गया मार्ग की सबका साथ सबका विकास ,सबका विश्वास, सबका प्रयास ,के संकल्प का मूल आधार है यह अभियान सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के निर्माण का व्यापक जन आंदोलन बनेगा। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी संजय सहाय ने इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु दास रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के संत नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथ प्रदर्शक ,भक्ति आंदोलन के महान संत, श्रेष्ठ समाज सुधारक और महान आध्यात्मिक चिंतक थे।

## एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध; कालाबाजारी पर प्रशासन की सख्त निगरानी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारू बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिदिन आपूर्ति, स्टॉक, डिलीवरी तथा शिकायतों की समीक्षा की जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार वैशाली जिले में आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल की कुल 67 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से 8,06,738 घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को नियमित गैस



उपलब्ध कराई जा रही है। 31 जुलाई 2026 तक जिले की गैस एजेंसियों के पास 21,649 एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वर्तमान में जिले में प्रतिदिन औसतन 12,624 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है तथा बैकलॉग औसतन 2.6 दिनों का है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था संतुलित बनी हुई है।

## सोए अवस्था में दिव्यांग की गला रेतकर निर्मम हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सराय थाना क्षेत्र के प्रबोधि नरेंद्र गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक दिव्यांग व्यक्ति की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी। इस दुस्साहसिक घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है ।घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष व दहशत का माहौल है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, जिसके बाद पुलिस की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है। मृतक की पहचान सराय थाना क्षेत्र के प्रबोधि नरेंद्र गांव निवासी शंकर सिंह के रूप में हुई है, जो दिव्यांग थे। बताया गया कि शनिवार की रात वे रोज की तरह खाना खाने के बाद अपने घर के बगल में स्थित एक फूस के मकान में सोने के लिए गया था।अगली सुबह काफी देर तक जब वे कमरे से बाहर नहीं निकले और कोई हलचल नहीं हुई, तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद उनके भाई उन्हें देखने के लिए कमरे में पहुंच तो अंदर दृष्ट देख अंदर पैरों तले जमीन खिसक गई शंकर सिंह का गला रेता हुआ था और उनकी दर्दनाक मौत हो चुकी थी। मृतक कुल पांच भाई थे। इनमें से एक भाई की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। मृतक शंकर सिंह अविवाहित थे। दिव्यांग होने के कारण वे घर के समीप बने अलग फूस के मकान में अकेले रह कर अपना जीवनयापन कर रहा था। मृतक के परिजनों ने बताया की उसकी किसी से उनकी दुश्मनी थी या नही। इधर घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन में जुट गई।

**एफएसएल की टीम ने की जांच पड़ताल**

जांच पड़ताल के दौरान सदर एसडीपीओ-2 गोपाल मंडल और एफएसएल की विशेष टीम भी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जांच पड़ताल के दौरान घटना स्तर से कुछ सैंपल एकत्रित की। जिसे अपने साथ ले गई। जांच पड़ताल के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में सदर एसडीपीओ-2 गोपाल मंडल ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा, हालांकि पुलिस आपसी रंजिश, लूटपाट या अन्य किसी घटना की बिंदुओं जांच-पड़ताल कर रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुंशी सिंह महाविद्यालय में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नशामुक्त समाज और विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पित करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक, एन.सी.सी. ऑफिसर डॉ. नरेन्द्र सिंह, एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार सहित एन.एस.एस. स्वयंसेवक एवं एन.सी.सी. कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों एवं कैडेट्स को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ अवसर पर दिए गए संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री के संदेश के माध्यम से युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वयं जागरूक बनने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित एन.एस.एस. स्वयंसेवकों एवं एन.सी.सी. कैडेट्स ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. स्वयंसेवक रिशु प्रताप सिंह ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। यदि युवा नशे जैसी सामाजिक बुराई से मुक्त रहेंगे, तो वे अपने व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे। नशामुक्त युवा ही स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत की मजबूत नींव रख सकते हैं। कार्यक्रम का समापन युवाओं को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने के संकल्प के साथ हुआ ।

## स्मैक के काले कारोबार को लेकर गैंगवार, एक युवक को लगी गोली

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के मदारपुर चौक पर देर रात स्मैक के काले कारोबार में पैसे के लेन देन और मादक पदार्थ की डीलीवरी को लेकर दो गुट आपस मे भीड़ गए इस बीच दोनो गुट के बीच मारपीट और गोलीबारी की घटना में दो लोगो को गोली लग गई ,जबकि मारपीट में एक



युवक जख्मी हो गया जिसे ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन जुड़ गई । छानबीन के दौरान घटनास्थल से कुछ खोखा और एक हथियार भी बरामद किया गया।साथ तीन बदमाशों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## प्रबंधन विज्ञान विभाग में आरबीआई का ई-बात कार्यक्रम आयोजित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान विभाग में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), पटना द्वारा ई - बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित डिजिटल भुगतान, साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर डिजिटल बैंकिंग विषय पर प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सपना सुगंधा ने की। उन्होंने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के इस दौर में वित्तीय साक्षरता प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के प्रति सजग बनाते हैं तथा उन्हें जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। डॉ. शिवेंद्र सिंह, सह - आचार्य ने कार्यक्रम का समन्वय किया। आरबीआई, पटना से सहायक महाप्रबंधक अमित कुमार, प्रबंधक मानस जेना, प्रबंधक अमन चौधरी तथा सहायक प्रबंधक प्रशांत गुप्ता ने डिजिटल भुगतान, यूपीआई सुरक्षा, साइबर धोखाधड़ी से बचाव एवं वित्तीय समावेशन पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विभाग के प्रोफेसर डॉ. सरोज रंजन, सहायक प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार, डॉ. श्रीनिवास बालागोनी, डॉ. दिलीप कुमार, अतिथि संकाय सदस्य डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. राजीव रंजन चौबे एवं प्रसून श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुषी मीडिया कंसल्टेंट्स के 28 साल बेमिसाल

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आयुषी मीडिया कंसल्टेंट्स आज अपने स्थापना के 28वां वर्ष पूरा करने पर गौरवान्वित महसुस करती है। इस अवसर पर श्री मनोज कुमार एवं कंचन कुमार ने कहा कि हम अपने क्लाइंट्स एवं मीडिया पार्टनर्स के आभारी हैं जिन्होंने हम पर अपना पूर्ण विश्वाश कर हमे



अपनी सेवाएं प्रदान करने में हमारी सहायता की। साथ ही उनके परामर्श और प्रतिक्रियाओं ने हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे हम आज इस मुकाम तक पहुंच पायें हैं। 1998 में एक छोटे से विचार के रूप में शुरू हुआ यह सफर आज एक प्रतिष्ठित पहचान बन चुका है। विज्ञापन, ब्रांडिंग और मीडिया समाधान के क्षेत्र में हमारा हर कदम गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक रहा है। यह सब संभव हुआ है- आप जैसे सम्मानित क्लाइंट्स एवं मीडिया पार्टनर्स के विश्वास तथा हमारे सहयोगियों के अथक परिश्रम और हर उस व्यक्ति के सहयोग से जिसने हमारे साथ यह सफर तय किया है। इन 28 वर्षों में हमने सिर्फ व्यापार ही नहीं किया- बल्कि हमने रिश्ते बनाये, ब्रांड गढ़े और सपनों को साकार करने में भागीदारी निभाई। इस विशेष अवसर पर, हम आप सभी को धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि आगे भी आप हमारा मार्गदर्शन, सहयोग और विश्वास यूं ही बनाए रखेंगे।

### पालीगंज में बैटरी चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान कार्रवाई करते हुए बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन बैटरियां, दो मोबाइल फोन तथा एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान महाबलीपुर गांव निवासी टुनटुन कुमार (पिता- ओमप्रकाश साव) एवं मो. शाहिद खान (पिता- असलम खान) के रूप में हुई है। दोनों को पॉकलेन मशीन से दो बैटरियां चोरी कर ले जाते समय रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वाहनों एवं निर्माण कार्य में लगी मशीनों की बैटरियां चोरी कर उन्हें बेचने का काम करते थे। उनकी निशानदेही पर पिपलामा थाना क्षेत्र से एक और चोरी की बैटरी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपितों के पास से कुल तीन बैटरियां, दो मोबाइल फोन और एक स्कूटी जब्त की है। मामले में गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### बहू को प्रताड़ित मामले में सास-ससुर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना के कुम्हरटोली मुहल्ले से पुलिस ने मारपीट और धमकी देने के एक मामले में नामजद प्राथमिक अभियुक्त पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। दरअसल मसौढ़ी थाना कांड संख्या 665/26 दिनांक 27/07/2026 के अनुसार सास ससुर के खिलाफ उसकी घर की छोटी बहू ने मामला दर्ज करवाया था, उसने बताया की सास ससुर मिलकर दोनों बराबर प्रताड़ित करते हैं मारपीट करते हैं और धमकी देते हैं। इसी मामले में एक बार पहले भी पुलिस गिरफ्तार करने गई थी लेकिन उस वक्त उसे छोड़ दिया गया था कि लेकिन इस बार पूरी तैयारी के साथ पुलिस गई है और दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाई है गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवराज शर्मा पिता स्व. रघुनंदन सिंह और उनकी पत्नी मालुदन देवी के रूप में हुई है। दोनों कुम्हर टोली निवासी है।पुलिस ने आसूचना और छापेमारी के बाद दोनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अग्रतर अनुसंधान जारी है।

### जिले के 13 बाल हृदय रोगियों को पटना रवाना किया गया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अस्पताल परिसर में सुबह एम्बुलेंस की आवाज से गूंज उठा जब जिले के विभिन्न प्रखंडो के 13 बाल हृदय रोगियों को उनके परिजनों के साथ 7 एंबुलेंस से हरी झंडी दिखाकर जयप्रभा मेदांता अस्पताल पटना मे रवाना किया गया। इस सम्बन्ध में डॉ शशि मिश्रा डीसी, आरबीएसके ने बताया की




बिहार सरकार के सौजन्य से निःशुल्क ईको जांच शिविर आयोजित की गई है जहाँ पूर्वी चम्पारण सहित बिहार के कई जिले से आए बाल हृदय रोगियों का निःशुल्क जांच शिविर लगाकर किया जाएगा। उन्होंने बताया की पीपराकोठी के एक फार्मासिष्ट मो. शमीम को भी भेजा गया ताकि मेदांता अस्पताल प्रबंधन से संपर्क स्थापित कर, बाल हृदय रोगियों की सहायता करें।

**अब तक 180 बच्चों की हो चुकी है सर्जरी**

सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि जिले के अब तक 180 बच्चों की मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत निःशुल्क सफलता पूर्वक सर्जरी कराई जा चुकी है, तथा 100 से अधिक बाल हृदय रोगियों को दवाइयों से ठीक किया जा चुका है। मौक पर डॉ. शशि मिश्रा डीसी आरबीएसके, डॉ. सरताज आलम, फार्मासिस्ट मो. शमीम, प्रमोद कुमार, जौवाद हुमैन मोजूद थें।

### माकपा नेता वासुदेव मिश्र किए गए सम्मानित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण के भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)के निर्माण काल के नेता एवं सामाजिक उत्पीड़न के संघर्ष के प्रतीक कामरेड बासुदेव मिश्र को पार्टी के कोटवा लोकल कमिटी के तत्वावधान में मधुआहा में सम्मान समारोह आयोजित कर किया गया।कार्यक्रम का शुरूआत लोकल कमिटी के मंत्री कामरेड सुधांशु कुमार शेखर के अध्यक्षता में कामरेड बासुदेव मिश्र के आगमन पर उनके सम्मान में गगन भेदी नारों



के साथ जिला मंत्री सत्येन्द्र कुमार मिश्र एवं वकील सहनी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने श्री मिश्र के व्यक्तिव का चर्चा करते हुए आजके समय में उनके विचारों पर चलते हुए भ्रष्टाचार एवं गरीबी उन्मूलन तथा शोषण कारी नीतियों का विरोध करने का आह्वान किया।साथ ही आगामी 5 अगस्त को कोटवा अंचल/प्रखंड कार्यालय के समक्ष आयोजित प्रदर्शन में सामिल होने की अपील नेताओ ने की। कार्यक्रम को जिला मंत्री सत्येन्द्र कुमार मिश्र,सिटू नेता शक्तिनाथतिवारी ,राधाकृष्णन पासवान, विवेक राज मिश्रा,राजेश साह, सूर्य पासवान सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया।

## बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक ने पूर्व सांसद अजीत कुमार सिंह की पुण्यतिथि मनायी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहकारिता नेता एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय अजीत कुमार सिंह की पुण्यतिथि समारोह भूमि विकास बैंक भवन के सभागार में बैंक के अध्यक्ष, ममता सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। मुख्य अतिथि विजय कुमार सिंह (सविप), अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ, नई दिल्ली-सह-अध्यक्ष, बिहार स्टेट हाउसिंग कोऑपरेटिव फेडरेशन, पटना के द्वारा श्रद्धापूर्वक स्व. अजीत कुमार सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं उनके द्वारा किये गये बैंक कार्यों का स्मरण किया गया। पुण्यतिथि के इस अवसर पर स्व. सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने वालों में भूमि विकास बैंक के निदेशकगण एवं प्रतिनिधिगण संजय कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, त्रिवेणी सिंह, महेन्द्र प्र. यादव, शम्भु प्रसाद, भरत भूषण, ब्रजेश कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, राम विशुन सिंह, राम कलेवर सिंह, सत्यनारायण सिंह, कुन्दन कुमार सिंह, रंजीत झा एवं अन्य बैंक के प्रबंध निदेशक डॉ. कॉशलेन्द्र सिंह, मुख्य निगरानी पदाधिकारी राम प्रवेश सिंह, निदेशक तकनीकी राजीव कुमार, सांख्यिकी पदाधिकारी राजेन्द्र कुमार एवं बैंक के अन्य पदाधिकारीगण तथा कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। ज्ञातव्य हो कि भूमि विकास बैंक द्वारा वर्ष 2008 से लागातार स्व. सिंह की पुण्यतिथि मनायी जा रही है और प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी स्व. अजीत सिंह को याद किया गया। स्व. अजीत कुमार सिंह, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष एवं सहकारिता के राष्ट्रीय स्तर के नेता थे।

## चौथी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने पर डा. अनिल सुलभ के सम्मान में आयोजित हुआ सावन महोत्सव कवयित्री सम्मेलन

**साहित्य सम्मेलन में उतरा सावन, कवयित्रियों ने की पावस की रस-वर्षा, संध्या तक झूमते भीगते रहे श्रोता**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में रविवार को जैसे सावन ही उतर आया। बाहर ही नहीं, भीतर भी वर्षा हो रही थी। बाहर बदरियाँ बरस रही थी और भीतर कवयित्रियाँ। संध्या के उतरने तक कवयित्रियों की कजरी और श्रावणी-गीतों की मूसलाधार-वर्षा में सुधी श्रोता भीगते और आनन्द उठाते रहे। लगातार चौथी बार डा अनिल सुलभ के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर, उनके सम्मान में, सम्मेलन के महिला साहित्यिक विभाग के तत्त्वावधान में यह सावन-महोत्सव कवयित्री-सम्मेलन आयोजित हुआ था। डा सुलभ का अभिनन्दन करती हुई कवयित्री सम्मेलन की अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यसेविका डा कल्याणी कुसुम सिंह ने कहा कि डा सुलभ के अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात ही सम्मेलन पुनः जीवित हुआ। हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन के लिए जितने कार्य इनके कार्यकाल में हुए, उतने सम्मेलन के 106 साल के जीवन में कभी नहीं हुए। सम्मेलन ने अपनी खोयी गरिमा प्राप्त की और आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी चर्चा हो रही है। डा सुलभ ने लगातार 14 वर्षों तक सम्मेलन का अध्यक्ष होने का कीर्तिमान स्थापित किया है। अपने कृतज्ञता-ज्ञापन में ड़ा सुलभ ने सम्मेलन के सभी साहित्यकार सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि लगातार दूसरी बार निर्विरोध चुनकर जो सम्मान आपने दिया है, उससे मैं अभिभूत हूँ। विशेषकर सम्मेलन की विदुषी देवियों के प्रति मैं नत-मस्तक हूँ, जो संकट की घड़ियों में भी मेरा बल बन कर दृढ़ता से सामने आयीं और मेरा सारा बोझ उठा लिया। सावन-महोत्सव कवयित्री-सम्मेलन में, हरे परिधानों में सजी-धजी कवयित्रियों ने एक से बढ़कर एक प्रेम और ऋृंगार के रस में डूबे पावस-गीत सुनाकर काव्य-रसिकों का हृदय जीत लिया। चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से आरंभ हुए इस कवयित्री सम्मेलन में वरिष्ठ कवयित्री डा पूनम आनन्द, डा पुष्पा जमुआर, आरा से पधारी डा रेणु मिश्र, डा प्रतिभा रानी, पूनम सिन्हा श्रेयसी, सागरिका राय, डा विद्या चौधरी, विभा रानी श्रीवास्तव, सुजाता मिश्र, अभिलाषा कुमारी, डा ऋचा वर्मा, डा सीमा यादव, शमा कौसर 'शमा', डा प्रतिभा पराशर, ज्योति मिश्र, आशा रघुदेव, उत्तरा सिंह, डा रेखा भारती, प्रेमलता सिंह राजपुत, नमिता लोहानी, लता प्रासर, राजप्रिया रानी, शिवानी गौड़, राजकांता राज, अनुभा गुप्ता, सुनीता रंजन, डा प्रियंका सिन्हा, निशा पराशर आदि कवयित्रियों ने भी अपनी सुमधुर काव्य-रचनाओं श्रोताओं को भाव-विभोर किया। मंच का संचालन सम्मेलन की संगठनमंत्री डा शालिनी पाण्डेय ने किया।

## एक नजर

### मनुष्य की सुंदरता उसके कर्मों से है : डा.चंचल

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में शनिवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार को सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल ने बताया कि संस्था में जाँच के दौरान उनके बेहतर कार्य से प्रभावित होकर निदेशक ने उन्हें अंगवस्त्र ,बुके,मोमेंटो के साथ - साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत एक पौधा देकर सम्मानित किया। निदेशक ने बताया कि जब से इनका कार्य प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। दूसरी बात ये युवा हैं। इनके अंदर कार्य करने की पूरी लालसा है। इनके कुशल व्यवहार से लोग हमेशा खुश रहते हैं। इसी तरह समय -समय पर इनके द्वारा स्कूलों को गाइडलाइन प्राप्त हो तो और बेहतर माहौल बनेगा। मौके पर संस्था के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### आरोपित के घर न्यायालय के आदेश पर उद्घोषणा नोटिस चस्पा

**गिरियक।** सहायक थाना पावापुरी क्षेत्र के गाजीपुर गांव में चार वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी के घर शनिवार को न्यायालय के आदेश पर उद्घोषणा नोटिस चस्पा किया गया। यह कार्रवाई तिलैया थाना कांड संख्या 214/2022 के आरोपी विक्की कुमार के विरुद्ध की गई।तिलैया थाना के एसआई सुजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल एवं पावापुरी ओपी पुलिस की टीम ने गाजीपुर गांव पहुंचकर आरोपी के घर पर न्यायालय का उद्घोषणा नोटिस चस्पा किया। पुलिस के अनुसार विक्की कुमार के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद वह पिछले चार वर्षों से फरार चल रहा था।एसआई सुजीत कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में उद्घोषणा की कार्रवाई की गई है। यदि निर्धारित तिथि तक आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान तिलैया थाना पुलिस एवं पावापुरी ओपी की टीम मौजूद रही।

### जदयू नेता के घर से 20 लाख की संपत्ति चोरी

हरनौत। थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। महज 48 घंटे के भीतर दूसरी बड़ी चोरी की वारदात ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। इस बार अज्ञात चोरों ने जनता दल (यू) के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व प्रवक्ता संजय कांत सिन्हा के बंद पड़े पैतृक आवास को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।रविवार सुबह घर की साफ-सफाई के लिए पहुंचे नौकर ने मुख्य दरवाजा और कई कमरों के टूटे ताले देख परिजनों को सूचना दी। पटना से पहुंचे परिवार के लोगों ने देखा कि 7-8 गोदरेज अलमारियों, बक्सों और लॉकरों के ताले तोड़कर सामान बिखेर दिया गया था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 15 से 20 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी तथा अन्य सामान चोरी हुआ है। महत्वपूर्ण दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।सूचना पर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए, जबकि आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि यह सुनियोजित चोरी प्रतीत होती है और आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि शुक्रवार रात भी इसी गांव के एक बंद मकान से करीब 20 लाख रुपये की चोरी हुई थी। लगातार दूसरी वारदात के बाद ग्रामीणों ने पुलिस गश्ती बढ़ाने, संदिग्धों की जांच तेज करने और विशेष टीम गठित कर दोनों मामलों का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

### करंट लगने से किसान की मौत

**बिहारशरीफ।** सिलाव थाना क्षेत्र के बरनौसा गांव में रविवार को खेत की सिंचाई के दौरान करंट लगने से 50 वर्षीय किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।मृतक की पहचान बरनौसा गांव निवासी नरेश सिंह (50 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार नरेश सिंह खेत में पटवन करने गए थे। पानी की पाइप बिछाने के बाद वह मोटर चालू करने के लिए बिजली के तार में स्टोकाश फंसा रहे थे। इसी दौरान अचानक टोका टूटकर उनके हाथ पर गिर गया, जिससे उन्हें जोरदार करंट लगा। बिजली का झटका इतना तेज था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची सिलाव थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया।सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### भैंस बचाने के प्रयास में युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के धनवाडीह रोड के समीप रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक की पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपालबाद गांव निवासी श्रवण यादव के पुत्र अनीश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।परिजनों के अनुसार अनीश धनवाडीह रोड के किनारे भैंस चरा रहा था। इसी दौरान एक भैंस पानी से भरे गहरे गड्ढे में चली गई। उसे बाहर निकालने के प्रयास में अनीश पानी में उतर गया, लेकिन तैरना नहीं आने के कारण वह गहरे पानी में डूब गया। आसपास के लोग जब तक उसे बचाने पहुंचते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।बताया जाता है कि अनीश गुजरात में आरा मशीन पर काम करता था और महज सात दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। कुछ दिनों बाद उसे फिर काम पर लौटना था, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया। जवान बेटे की असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना मिलते ही सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### वज्रपात से युवती की मौत

**सरमेरा।** थाना क्षेत्र के पेदी गांव में शनिवार को वज्रपात की चपेट में आने से 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान पेदी गांव निवासी सरोवर राम की पुत्री सानबी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार सानबी कुमारी गांव के समीप खंधा में धान की रोपाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से वह उसकी चपेट में आ गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत बचाने का प्रयास किया, लेकिन घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि वज्रपात की घटना में युवती की मौत हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### करियर कोचिंग सेंटर की छात्रा विपाशा का दिल्ली विश्वविद्यालय में चयन




**औरंगाबाद।** कासमा रोड स्थित करियर कोचिंग सेंटर बेरी की छात्रा विपाशा कुमारी ने सीयूइटी यूजी परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए देश के प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय में अपना नामांकन सुरक्षित कर लिया है। विपाशा कुमारी मूल रूप से तेतरिया गांव की निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे बेरी और मदनपुर प्रखंड का नाम रोशन हुआ है। विपाशा बेरी हाई स्कूल से 10वीं और 12वीं (कला संकाय) की पास आउट छात्रा रही हैं। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए विपाशा ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके माता-पिता का मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग सबसे महत्वपूर्ण रहा। साथ ही उन्होंने अपने कोचिंग संस्थान के शिक्षक रविकांत कुमार, अजय कुमार और डब्लू कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सही मार्गदर्शन और अध्ययन रणनीति ने उन्हें इस परीक्षा को क्रैक करने में मदद की।

# छात्र-छात्राओं को सुरक्षा व कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड के प्लस-टू उच्च विद्यालय हसपुरा एवं राजकीय मध्य विद्यालय हसपुरा में रविवार को कमजोर वर्ग अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना के तत्वावधान में पुलिस दीदी अभया ब्रिगेड द्वारा सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं को महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा विभिन्न प्रकार के अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर एसआई रवि रंजन कुमार एवं सुगंधित कुमार ने छात्र-छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ सतर्क रहने और कानून की जानकारी रखने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत छात्राओं को छेड़छाड़, स्टॉकिंग, साइबर अपराध तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अन्य अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम-2012, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)-2023, अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने महिला सुरक्षा एवं कानून के प्रति जागरूक रहने की शपथ ली।



हसपुरा के विद्यालय में आयोजित सुरक्षा जागरूकता अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते पुलिस दीदी अभया ब्रिगेड के अधिकारी

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों की स्वास्थ्य जांच

## मौसम में विशेष सावधानी बरतने पर दिया जोर, भोजन और पानी में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय पटसन निगम और खलिहान कृषक सहकारी समिति रेपुरा के संयुक्त तत्वाधान में रेपुरा में किसानों के बेहतर स्वास्थ्य को देखते हुए चिकित्सा शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें लगभग 250 किसानों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। डॉक्टरों द्वारा उन्हें समुचित दवा दी गई। अनुमंडल अस्पताल दाउदनगर के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने बारी-बारी से किसानों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया। चिकित्सकों ने कहा कि बरसात के मौसम में बहुत से जीवाणु,विषाणु वातावरण में आ जाते हैं। इसके प्रभाव में आने से व्यक्ति बीमार पड़ जाता है। इसलिए इस मौसम में भोजन और पानी में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इस शिविर में पंचायत से आए विभिन्न व्यक्तियों के साथ खलिहान की पूरी टीम भी मौजूद थी। प्रोजेक्ट मैनेजर नीतीश भारती ने बताया कि जूट की खेती किए हुए कुछ किसानों द्वारा भ्रम पैदा किया जा रहा है। भारतीय पटसन निगम के नियमानुसार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तैयार रेशे की खरीद की जानी है। भारतीय पटसन निगम कभी भी खेत से जूट की खरीद नहीं करती है। जिस प्रकार पैक्स द्वारा खलिहान से धान खरीदा जाता है इसी तरह निगम किसानों से रेशे की खरीद करती है। इस संबंध में किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए।



# गुजारा भत्ता नहीं देने पर पति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के नान्हुबिगहा गांव में पत्नी को न्यायालय के आदेश के बावजूद गुजारा भत्ता नहीं देने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि नान्हुबिगहा गांव निवासी श्रीमन यादव के पुत्र ज्वाला यादव के विरुद्ध गुजारा भत्ता (मेंटेनेंस) मामले में न्यायालय से डीडब्ल्यू (डिस्ट्रेस वारंट) निर्गत था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि करीब 18 माह पूर्व न्यायालय ने ज्वाला यादव को पत्नी के भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह 10 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। आदेश का पालन नहीं किए जाने के कारण उस पर कुल 1 लाख 80 हजार रुपये बकाया हो गया था। इसके बाद न्यायालय ने उसके विरुद्ध वारंट जारी किया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# रफीगंज के लहास गांव में मारपीट, वार्ड सदस्य की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** थाना क्षेत्र के गोरडिहा पंचायत अंतर्गत लहास गांव में मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वार्ड सदस्य कंचन कुमार चौधरी ने थाना में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि 31 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे गांव के सत्येंद्र चौधरी शराब के नशे में उनके घर पहुंचे और परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हाथापाई करते हुए लाठी से हमला कर दिया। घटना में उनके छोटे भाई सूरज कुमार के बाएं हाथ तथा कंचन कुमार के दाहिने हाथ और छाती के पास चोट आई। शोर सुनकर घर की महिलाएं पहुंचीं, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मिठाई दुकान के पास हुए विवाद में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज।** थाना क्षेत्र के सिहुली स्थित एक मिठाई दुकान के समीप हुए विवाद को लेकर दोनों पक्षों की ओर से रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बेरी गांव निवासी विक्की कुमार ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि 31 जुलाई की सुबह दुकान पर मिठाई का बकाया पैसा मांगने पर मंटू शर्मा ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की तथा गल्ले से तीन हजार रुपये निकाल लिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पर पहले से 800 रुपये बकाया थे। वहीं, दूसरे पक्ष से वरुणा गांव निवासी मंटू शर्मा ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि 30 जुलाई की शाम दवा लेने जाने के दौरान विक्की कुमार गुप्ता, राजा कुमार एवं विशाल कुमार ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के उपरांत विधिसम्मत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के जिला कार्यालय में संगठन की आगामी कार्य योजनाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रभारी ओमप्रकाश ने की, जबकि राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता अभियान, सामाजिक सरोकारों तथा संगठन की भावी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन देश के विभिन्न राज्यों में भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार समाज और व्यवस्था के सामने गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संगठन न्याय एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ जरूरतमंद और वंचित लोगों की सहायता के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। बैठक में आगामी 30 अगस्त को रक्तदान महाशिविर एवं रक्तदाता महायोद्धा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके माध्यम से युवाओं और आम लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रक्तदाताओं एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों को 'रक्तवीर योद्धा सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। संगठन ने अधिक से अधिक युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। बैठक में मीडिया प्रभारी आदित्य नारायण, जिला व्यावसायिक प्रभारी संदीप कुमार, ओबरा प्रखंड प्रभारी सुनील सिन्हा, अमित कुमार, आदित्य कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## 30 अगस्त को लगेगा रक्तदान महाशिविर

# राष्ट्रव्यापी पदयात्रा को लेकर सीपीआई की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** बस स्टैंड स्थित कामरेड रामशरण यादव स्मारक स्थल परिसर में रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) अंचल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कामेश्वर सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पार्टी के आह्वान पर 6 से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी पदयात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से किसानों, मजदूरों और आम जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया जाएगा। पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह 'विकल' ने कहा कि आगामी 1 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में रोजगार, सस्ती शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा, किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी, महिला आरक्षण, भूमिहीनों को जमीन और आवास उपलब्ध कराने, बढ़ते अपराध पर रोक तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में श्रीकिसुन प्रसाद, अरुण कुमार रंजन, राजकुमार सिंह, अवध किशोर, राम एकबाल सिंह, पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, विजय कुमार, श्याम किशोर, अर्जुन यादव, मनोज यादव, विजय यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

# पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह के पिता स्व. यमुना बाबू की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं वर्तमान जिला अध्यक्ष आनंद शंकर सिंह के पिता स्व. यमुना बाबू की प्रथम पुण्यतिथि रविवार को उनके पैतृक गांव रायपुरा में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं, समाजवादियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्व. यमुना बाबू के सामाजिक जीवन, जनसेवा और स्वाभिमानी व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे जनहित के मुद्दों पर हमेशा मुखर रहते थे। समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता उन्हें एक अलग पहचान दिलाती थी। उन्होंने औरंगाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र से एक बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव भी लड़ा था, जिसमें उन्हें उल्लेखनीय जनसमर्थन प्राप्त हुआ था। पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर समाज और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष, विभिन्न प्रखंड अध्यक्षों, प्रदेश कृषि संगठन के समन्वयक धीरेंद्र सिंह, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, रविंद्र कुमार सिंह, संजीव सिंह, अजय सिंह, अजय कुमार सिंह, नुटुर सिंह, जम्होर के मुखिया नागेंद्र कुमार सिंह, मो. जीना कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी उत्तरी मंडल हसपुरा की मासिक बैठक रविवार को डीके शर्मा स्मृति भवन परिसर में मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने जुलाई माह में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सुनने एवं उसकी जानकारी सरल ऐप पर अपलोड कराने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने आगामी 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने तथा उसकी तस्वीर सरल ऐप पर अपलोड करने का आह्वान किया। बैठक में संत रविदास के संदेशों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक शक्ति केंद्र पर टीम गठन, उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करने तथा रविदास समाज के लोगों के साथ कार्यक्रम आयोजित कर उसकी तस्वीर सरल ऐप पर अपलोड करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान समाज में बढ़ रही धर्म परिवर्तन की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मंडल महामंत्री गयालाल पंडित एवं संतोष कुमार, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश आर्य, मंडल मंत्री गनौरी राम, मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष राधिका सोनी, जिला अनुसूचित मोर्चा के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार लाला, जिला कार्यसमिति सदस्य बिरेंद्र कुमार, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलश शोभा यात्रा में भक्तों की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत के लखनपुर में नव निर्मित भगवान शिव की मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर जल भरी कलश शोभा यात्रा निकाली गई। धार्मिक नारों की गूंज से चारों तरफ अध्यात्मिक और धार्मिक वातावरण गुंजायमान बना रहा। नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर से सलैया तालाब सैकड़ों नर नारी श्रद्धालु भक्तों ने पवित्र और आस्था भक्ति से ओत-प्रोत कलश में धार्मिक विधिवत विधि-विधान धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरी किया गया। इसके बाद कलश लेकर धार्मिक गीतों, नारों और बोलबम बोलबम की नारों से गुंजायमान रहा। देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह के सहयोग से शिव मंदिर का निर्माण किया गया जिसमें भगवान की शिव लिंग, नन्दी सहित अन्य देवी-देवताओं की स्थापना की गई है। विद्वान पंडितों भक्तों द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मुखिया मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद 12 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है जिसमें ग्रामीण लोगों द्वारा हरि कीर्तन किया जा रहा है। 3 अगस्त को महा प्रसाद वितरण भंडारा किया जाएगा।



# बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज जी का जन्मोत्सव मनाने को ले बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** श्री श्री 1008 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज जी का 96 वां जन्मोत्सव मनाने हेतु बाबा गणिनाथ धर्मशाला बभंडी गांव में जिलाध्यक्ष दिलीप प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबा गणिनाथ के 96 वां जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाए। बैठक में जिले के प्रत्येक प्रखंडों से प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला के कार्यकारी के सदस्यो ने भाग लिया। जिला महासचिव राम पुकार गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवदास प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष विजय शरण, सक्रिय सदस्य अनुज कुमार, प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल साव, संरक्षक मदन प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, रामस्वरूप साव, अजीत प्रसाद, शिक्षक अरुण कुमार, बबन साव, हजारी साव, अरविंद शाह, रामबचन साहू, महेंद्र शाह, जितेंद्र शाह, सुनील साव, कृष्णा साव, डा. अविनाश दीपक एवं राजू कुमार उपस्थित रहे।



# प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । संसा रोड स्थित न्यूटेक कंप्यूटर एजुकेशन एंड टाइपिंग सेंटर में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतिभा खोज प्रवेश परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच विद्यार्थियों को मेमेंटो, मेडल एवं परिणाम पत्र प्रदान किए गए, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनके प्रयासों की सराहना की गई। प्रतियोगिता में रुचि कुमारी ने प्रथम, अंकिता कुमारी ने द्वितीय, सुधांशु कुमार ने तृतीय, विंध्यवासिनी कुमारी ने चतुर्थ तथा रानी कुमारी ने पंचम स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। निदेशक चंदन कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक तथा नाथ फिजिकल अकादमी के निदेशक रंजीत कुमार उपस्थित रहे। वहीं संस्था के शिक्षक सुजीत कुमार, धीरज कुमार एवं उमा कुमार ने कार्यक्रम के सफल संचालन किया। निदेशक सतीश पाठक ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने का उद्देश्य उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा शिक्षा एवं कौशल विकास के प्रति प्रेरित करना है।



# नशे का त्याग कर संवैधानिक मर्यादा और विवेकपूर्ण सोच अपनाएं युवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विश्व पटल पर अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने तथा भावी पीढ़ी को एक सुरक्षित एवं स्वस्थ परिवेश प्रदान करने हेतु 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का आज यहां जिलास्तरीय कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। स्थानीय एस एम कॉलेज के प्रेक्षागृह में रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र, स्थानीय रोहित पांडेय एवं तिलकामांझी भागलपुर विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. विमलेंदु शेखर झा, जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ निशा झा, जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों, शिक्षकों, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, नेहरू युवा केंद्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भागीदारी रही।

इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी राष्ट्रीय संबोधन का सामूहिक रूप से सीधा प्रसारण देखा एवं सुना। प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरणा लेते हुए सभागार में मौजूद प्रत्येक नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी और युवा वर्ग ने एक स्वर में नशामुक्त, स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की सामूहिक शपथ ली।

जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ सीधा एवं जीवंत संवाद स्थापित किया और दैनिक जीवन के व्यावहारिक उदाहरणों से नशे के गंभीर दुष्प्रभावों को समझाते हुए कहा कि 'नशे की शुरुआत भले ही आकर्षक लगे, लेकिन यह जीवन को तबाही की ओर धकेल देती है।' साथ ही, उन्होंने छात्रों को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' का बोध कराते हुए समझाया कि जिस प्रकार परिवार में बच्चे अपनी मांगों को मर्यादा और सही तरीके से रखते हैं, ठीक उसी तरह एक जागरूक नागरिक के रूप में हमें अपने विरोध या असंतोष को दर्ज कराने के लिए हमेशा उपयुक्त और संवैधानिक प्लेटफॉर्म का ही चयन करना चाहिए। सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए श्रीमति पांडेय ने छात्रों को आगाह किया कि रील और आभासी दुनिया की हर चमक-दमक सच नहीं होती, उसके पीछे का अवसाद बहुत गहरा हो सकता है। अंधी नकल के कारण आभासी दुनिया की बुराइयाँ और कुरीतियाँ हमारे वास्तविक समाज को दूषित कर रही हैं। अंत में, उन्होंने सभी युवाओं से मोबाइल का उपयोग पूर्ण विवेक और सतर्कता के साथ करने की अपील की। आज के इस कार्यक्रम का मूल दर्शन यह था कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति की वास्तविक दिशा और दशा वहां की युवा शक्ति की सोच और सामर्थ्य पर निर्भर करती है। आज जब देश 2026 में खड़े होकर 2047 के स्वर्णिम भविष्य का मानचित्र तैयार कर रहा है, तब देश के युवाओं की अनदेखी कदापि नहीं की जा सकती। विकास की अवधारणा केवल भौतिक अवसंरचना तक सीमित नहीं हो सकती। असली विकास तभी सार्थक, संतुलित और टिकाऊ होगा जब देश का युवा तन, मन और विचारों से पूर्णतः स्वस्थ और सजग हो। नशे जैसी गंभीर सामाजिक बुराई युवा ऊर्ज़ा को दीमक की तरह चाट जाती है। इसलिए जब तक हमारी युवा पीढ़ी नशे के इस घातक जाल से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाती, तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा ही रहेगा। कार्यक्रम को केवल औपचारिक भाषणों तक सीमित न रखते हुए इसे एक जन-जागरूकता अभियान में बदलने हेतु एस.एम. कॉलेज परिसर में लोक कलाकारों द्वारा गीत-संगीत से परिपूर्ण नशा मुक्ति पर केंद्रित एक प्रभावकारी गीत और शपथ ग्रहण का मंचन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने जिले के समस्त ऊर्ज़ावान युवाओं से नशे के दलदल को हमेशा के लिए त्यागकर एक अनुशासित, ऊर्ज़ावान और उद्देश्यपूर्ण जीवनशैली अपनाने का पुरजोर आह्वान किया है। जिला प्रशासन ने विशेष रूप से अपील की है कि जिले के अधिक से अधिक युवा भारत सरकार के आधिकारिक 'माय भारत' डिजिटल पोर्टल पर स्वयं को अविलंब पंजीकृत करें और डिजिटल मंच से जुड़कर नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित होने वाली विभिन्न मैदानी और ऑनलाइन गतिविधियों, जागरूकता रैलियों, खेल प्रतियोगिताओं और सामाजिक अभियानों में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराएं।

## भागलपुर में 'मैं भी स्वदेशी समर्थक' जन अभियान की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** स्वदेशी जागरण मंच के भागलपुर जिला इकाई की ओर से आज 'मैं भी स्वदेशी समर्थक' जन अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला इकाई के स्थानीय कार्यालय मे जिला संयोजक रंजीत राय की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने की विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई तथा इस जिले से 20 हजार नागरिकों को 'मैं भी स्वदेशी समर्थक' अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संयोजक रंजीत राय ने कहा कि 'मैं भी स्वदेशी समर्थक' अभियान केवल एक पंजीकरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वदेशी, स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत के विचार को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने का एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को इस अभियान से जोड़े और स्वदेशी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करे। पूर्व प्रांत संयोजक दिलीप निराला, विभाग संयोजक निर्दोष कुमार मिश्रा, मीडिया प्रमुख इंदुभूषण झा सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी फॉर्म भरकर अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई और अधिकाधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व प्रांत संयोजक दिलीप निराला ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का आधार है। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज में सकारात्मक आर्थिक परिवर्तन का माध्यम बनेगा। विभाग संयोजक निर्दोष कुमार मिश्रा ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक कार्यकर्ता नियमित रूप से समाज के बीच जाकर लोगों से संपर्क करेगा, तो भागलपुर जिला बीस हजार समर्थकों का लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त कर लेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। बैठक में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, नगर एवं प्रखंड स्तर पर जनसंपर्क, सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार तथा युवाओं, चिकित्सकों, व्यापारियों, शिक्षकों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को अभियान से जोड़ने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

# बिरौल में राज्यस्तरीय सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आगाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिरौल (दरभंगा)।** दरभंगा का बिरौल इन दिनों बास्केटबॉल के रोमांच से सराबोर है। राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 400 से अधिक युवा खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता ने खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया है। साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को भी अपनी क्षमता दिखाने का बड़ा मंच दिया है।

**रंगारंग कार्यक्रम के साथ प्रतियोगिता का आगाज**

श्रीकृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक-बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। बिहार बास्केटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। स्किप्स विद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल रसियारी और किलकारी दरभंगा के विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समारोह को यादगार बना दिया।

**मैदान पर दिखा रोमांचक मुकाबलों का जोश**

उद्घाटन मुकाबले में बालक वर्ग में मेजबान दरभंगा ने सहरसा को हराकर शानदार शुरुआत की। अन्य मुकाबलों में वैशाली ने मुजफ्फरपुर को 16-3, पटना ने सहरसा को 8-2 तथा भागलपुर ने दरभंगा को 6-2 से पराजित किया। खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन और मुकाबलों के रोमांच ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

**बिहार के कई जिलों की टीमें ले रहीं हिस्सा**

प्रतियोगिता में पटना, बक्सर, गया, समस्तीपुर, सहरसा, जमुई, नालंदा, मुजफ्फरपुर, जहानाबाद, वैशाली, भागलपुर और दरभंगा सहित कई जिलों की टीमें भाग ले रही हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का समापन दो अगस्त को होगा।


## मेदांता पटना में बाल हृदय रोग जांच शिविर में 330 बच्चों की स्क्रीनिंग

**पटना।** जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में रविवार को बाल हृदय रोग जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 0 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 330 बच्चों की हृदय संबंधी जांच एवं स्क्रीनिंग की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने अस्पताल पहुंचकर शिविर की व्यवस्था का अवलोकन किया और मरीजों, परिजनों, डॉक्टरों तथा आयोजन टीम से संवाद किया। स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर डॉ. रवि शंकर सिंह, मेडिकल डायरेक्टर, जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना एवं अस्पताल की टीम द्वारा किया गया। इसके बाद उन्हें शिविर की व्यवस्था, पंजीकरण प्रक्रिया, जांच व्यवस्था, मरीजों की संख्या और पूर्व में आयोजित बाल हृदय रोग शिविरों के परिणामों की जानकारी दी गई। उन्होंने ओपीडी क्षेत्र का भ्रमण कर शिविर में आए बच्चों और उनके परिजनों से भी मुलाकात की। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की समय पर पहचान और उपचार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिहार में ऐसे बच्चों तक सही समय पर जांच और उपचार पहुंचाने में आरबीएसके (बाल हृदय योजना) और राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# लखनपुर में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

### सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर लगाए 'बोल बम' के नारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिला के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सलैया के ग्राम लखनपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई। इसमें सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने माथे पर कलश धारण कर बोल बम और अन्य धार्मिक नारों के साथ भाग लिया। यात्रा सलैया तालाब पहुंची, जहां आचार्यों के मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कलशों में जल भरकर पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। आयोजक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने बताया कि दो अगस्त को अखंड कीर्तन और तीन अगस्त सावन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत सलैया के मुखिया मनोज कुमार चौधरी समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत निर्माण का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा।** जिला प्रशासन, भोजपुर एवं मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आज एस. बी. कॉलेज, आरा में ह्लनशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण के इस जनआंदोलन का अग्रदूत बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), एनसीसी, स्वयंसेवी संगठनों, युवा मंडलों, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने नशे के विरुद्ध एकजुट होकर समाज में व्यापक जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सदस्य, बिहार विधानसभा महेश पासवान, जिलाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया, उप विकास आयुक्त श्री अरुण प्रकाश, डायरेक्टर एन ईपी, जिला युवा अधिकारी संजना वत्स तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भूषण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यदि युवा वर्ग नशे जैसी सामाजिक बुराई से स्वयं को दूर रखकर शिक्षा, खेल, कौशल विकास, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनाता है, तो वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना और अधिक सशक्त एवं आसान होगा। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार की खुशियों, सामाजिक समरसता और देश की उत्पादक क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार एवं समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें तथा नशामुक्त, स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएँ। जिला युवा अधिकारी संजना वत्स ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से ह्लनशा मुक्त युवा विकसित भारतङ्क की शपथ ली।

# नीतीश कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन से आत्मीय भेंट कर किया उत्साहवर्धन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार ने अपने आवास पर पार्टी के कार्यकताओं एवं समर्थकों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने सभी का कुशलक्षेम जाना, संगठन की गतिविधियों एवं जनसरोकारों से जुड़े विषयों पर चर्चा की तथा कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यकर्ताओं ने भी नीतीश कुमार का अभिवादन करते हुए उनके प्रति अपना विश्वास एवं सम्मान व्यक्त किया। नीतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं से जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते रहने तथा आमजन से निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। इसी क्रम में पार्टी की प्रखर नेत्री शबाना दाउद ने नीतीश कुमार को हस्तनिर्मित बेडशीट का सेट भेंट किया। शबाना ने बताया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत हर परिवार की एक महिला को दस हजार रुपए एवं आगे दो लाख तक सहायता से ही सह संभव हो सका है। महिलाओं को स्व-रोजगार का अवसर मिला। जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं और उनके परिवार की आय में भी वृद्धि हुई है। नीतीश कुमार ने स्नेहपूर्वक बेडशीट सेट स्वीकार करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की तथा महिला के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार बिहार के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी योजनाएँ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके परिवारों और समाज के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी। पूरे प्रदेश की महिलाओं का जीविका से जुड़ने के बाद उनके जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मिली सहायता से उन्हें स्वरोजगार शुरू करने का अवसर मिला, जिससे उनकी आय बढ़ी, परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हुआ और आत्मनिर्भर बनने का विश्वास मिला। उन्होंने बताया कि यह योजना बिहार की लाखों महिलाओं के लिए सम्मान, स्वावलंबन और नए अवसरों का माध्यम बन रही है।

## जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित मंत्रियों का जनसुनवाई कार्यक्रम आज से पुनः होगा प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर जानकारी दी कि प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित मंत्रियों का जनसुनवाई कार्यक्रम, जो विधानमंडल के सत्र एवं बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर 18 जुलाई 2026 से 2 अगस्त 2026 तक स्थगित था, वह पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 3 अगस्त 2026 से पुनः प्रारंभ होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्रियों एवं मंत्री अपने पूर्व निर्धारित दिवसों पर ही जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की समय-सारिणी में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता एवं दूरदर्शी जनोन्मुखी सोच से प्रेरित एक महत्वपूर्ण पहल है। उनके मार्गदर्शन में संचालित इस जनहितकारी कार्यक्रम में प्रदेशभर से लोग विश्वास और भरोसे के साथ अपनी समस्याएँ लेकर आते हैं। संबंधित विभाग के माननीय मंत्री शिकायतकताओं की समस्याओं के विधिसम्मत समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल दिशा-निर्देश देते हैं।

## युवाओं से चरित्र, अनुशासन और आत्मसम्मान को जीवन का आधार बनाने की जरूरत : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने रविवार को बिहार लोकभवन से नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के शुभारंभ समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उनके साथ उपस्थित थे। अभियान का वर्चुअल शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। जनभागीदारी के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्ति के राष्ट्रीय अभियान से जोड़कर इसे जनआंदोलन का स्वरूप देना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जब भी वे युवाओं के बीच आते हैं, उन्हें भारत का भविष्य दिखाई देता है। भारतीय सेना में चार दशक से अधिक समय तक सेवा के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी सैनिक की सबसे बड़ी शक्ति उसका हथियार नहीं, बल्कि उसका चरित्र और अनुशासन होता है। हथियार चलाना सिखाया जा सकता है, प्रशिक्षण दिया जा सकता है, किंतु अच्छा चरित्र आत्मसंयम और आत्मअनुशासन से ही विकसित होता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान युवाओं को आत्मसम्मान का महत्व समझाने का भी अभियान है। सम्मान सही निर्णयों और अच्छे आचरण से अर्जित होता है। युवाओं को समय-समय पर स्वयं से यह प्रश्न करना चाहिए कि क्या वे अपनी पूरी क्षमता के साथ जीवन जी रहे हैं और क्या उनके माता-पिता उन पर गर्व करेंगे। ऐसे प्रश्नों के सकारात्मक उत्तर ही सच्चे आत्मविश्वास का आधार बनते हैं। राज्यपाल ने कहा कि नशा स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्मसम्मान का भी प्रश्न है। यह व्यक्ति को सच्चाई से दूर ले जाता है, जबकि सम्मान और अनुशासन कठिन परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति देते हैं। नशा व्यक्ति को कमजोर बनाता है, जबकि अनुशासन उसे मजबूत बनाता है।

## संविधान रक्षा की शपथ से आगे बढेगा देश : सुधीर कुमार राकेश

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व सीईओ पूर्व आईएएस अधिकारी सुधीर कुमार राकेश ने कहा कि संविधान रक्षा की शपथ देश के हर नागरिक को लेना चाहिए। इससे देश आगे बढ़ेगा। श्री राकेश रविवार को कंकड़बाग में माइंड्स टुगेदर संस्था की आयोजित शपथ सह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान हमें नैतिकता पर चलने की पाठ पढ़ाता है इसलिए राष्ट्रहित में सविधान का पालन सबको करना चाहिए। इस मौके पर माइंड्स टूगेदर के निदेशक एसके झा ने बताया कि उनकी संस्था के द्वारा बीपीएससी के छात्रों को पीटी एवं साक्षात्कार के लिए मार्गदर्शन निशुल्क दिया जाता है।

## बांकीपुर की जनता को विकास, सुशासन और स्थिरता पर भरोसा : जदयू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता चंदन कुमार सिंह ने जारी बयान में कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में वोटिंग के दौरान मिले व्यापक जनसमर्थन और क्षेत्र के मतदाताओं के रुझान स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि एनडीए समर्थित उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा रिकॉर्ड मतों से विजय प्राप्त करेंगे। चुनाव के दौरान विपक्ष द्वारा किए गए दावे, भ्रम फैलाने के प्रयास को जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। बांकीपुर के मतदाताओं ने जाति, भ्रम और नकारात्मक राजनीति से ऊपर उठकर विकास, सुशासन, कानून का राज और बिहार की प्रगति के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त किया है। बांकीपुर की जनता भली-भांति जानती है कि पूर्व मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वहीं प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है। इसी डबल इंजन सरकार के प्रति विश्वास ने मतदाताओं को एनडीए के पक्ष में मजबूती से खड़ा किया है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि 3 अगस्त को मतगणना के बाद आने वाले परिणाम विपक्ष के सभी दावों को पूरी तरह असत्य साबित करेंगे और एनडीए समर्थित उम्मीदवार ऐतिहासिक एवं रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे।

# जीडी कॉलेज में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत जागरूकता कार्यक्रम

## युवा नशा से दूर रहें तो विकसित भारत का संकल्प होगा साकार : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को जीडी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि देश का युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, कौशल और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ेगा, तो विकसित भारत का संकल्प निश्चित रूप से साकार होगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत ऽ संकल्प अभियान' केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी पर आधारित एक राष्ट्रीय जनआंदोलन है। इस अभियान के अंतर्गत आगामी 100 सप्ताह तक देशभर में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए समाज में नशामुक्ति के प्रति व्यापक जनचेतना विकसित की जा सके। मंत्री ने कहा कि बिहार सामाजिक सुधार की दिशा में सदैव अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लागू की गई शराबबंदी सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल थी। वर्तमान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु विभिन्न जनजागरूकता अभियानों, विद्यालय एवं महाविद्यालय आधारित कार्यक्रमों तथा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से प्रभावी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल नशे पर नियंत्रण करना नहीं, बल्कि नशे से प्रभावित लोगों को उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास के माध्यम से सम्मानपूर्वक समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने नशामुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। उन्होंने यह शपथ ली कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी रंजीत कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता बेगूसराय, खेल पदाधिकारी, बेगूसराय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सिमुलतला आवासीय विद्यालय मे ऑनलाइन नामांकन प्रारम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भगवानपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा 6 सत्र 2027-28 में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 2027 की अधिसूचना जारी कर दी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 03 अगस्त से 18 अगस्त तक सिर्फ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की वेबसाइट है। इस विद्यालय में कुल 120 सीटें पर नामांकन होगा। नामांकन में बिहार सरकार के आरक्षण नियम लागू होंगे। नामांकन के लिए आयु 01 अप्रैल 2027 को न्यूनतम 10 वर्ष और अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए। बच्चे बिहार के मूल निवासी हो और राज्य के मान्यता प्राप्त सरकारी/निजी विद्यालय या सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध स्कूल में कक्षा 5 में अध्ययनरत बच्चे आवेदन कर सकते है। प्रवेश परीक्षा दो चरणों में होगी परीक्षा। पहले प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा होगी। इसमें वस्तुनिष्ठ के 150 प्रश्न होंगे। परीक्षा का समय 2 घंटा 30 मिनट निर्धारित किया गया है। परीक्षा गलत उत्तर पर कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रारंभिक प्रवेश परीक्षाअक्टूबर 2026 के अंतिम सप्ताह में हर जिला मुख्यालय पर होगी दूसरी मुख्य प्रवेश परीक्षा होगी। प्रारंभिक परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी ही इस परीक्षा में बैठेंगे। यह 2 पालियों में 300 अंकों की होगी। मुख्य परीक्षा दिसंबर में पटना में प्रस्तावित है।

# नई आशा की पहल पर लगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहिया।** सामाजिक संस्था 'नई आशा' द्वारा बिहिया स्थित वार्ड नंबर 11 स्थित मुसहर टोला के लोगों का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेंशन, परवरिश योजना, लेबर कार्ड आदि के लिए आवेदन दिया गया था। साथ ही अनुरोध किया गया था कि इन लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं से आच्छादित किया जाए। विदित हो कि इस मुसहर टोला में करीब दो दर्जन से अधिक लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं परवरिश योजना के लाभार्थी हैं। इनमें विधवा और दिव्यांगों की संख्या अधिक है। टोला के 50 से अधिक बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड के अभाव में विद्यालयों में नामांकन नहीं हो रहा है। आज बिहिया नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार के निर्देश पर वहां जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर वहां निर्देशित कर्मियों और विकास मित्र के अतिरिक्त गुड्डू कुमार एवं नई आशा के सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि इस तरह के कार्य होने चाहिए।

# पिकअप-बाइक टक्कर में दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** शनिवार की संध्या बरौनी थाना क्षेत्र के मोती चौक पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेघड़ा की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने पिपरा चौक से मोती चौक की ओर जा रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन लोगों में से दो गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तीसरा व्यक्ति मौके से अपने घर चला गया। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त पिकअप गाड़ी का नंबर डब्लू बी 37 इ 5116 है और उस पर सब्जियां लदी थीं। हादसे के बाद पिकअप का उपचालक मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने डायल 112 और बरौनी थाना को कॉल कर सूचित करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो सकी। इसके बाद ग्रामीणों ने बरौनी के प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुरंजन कुमार को जानकारी दी। बीडीओ ने तुरंत इसकी सूचना बरौनी थानाध्यक्ष को दी। सूचना मिलते ही बरौनी थानाध्यक्ष विकास कुमार रंजन, एसआई आलोक कुमार, एसआई मोहन सिंह और एएसआई पंकज कुमार गश्ती दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को पिकअप के नीचे से बाहर निकालकर इलाज के लिए बरौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया था। स्वास्थ्य केंद्र के मैनेजर संजय कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल पहुंचे घायलों में मोहम्मद जावेद निवासी ठाकुरी चौक और रवि कुमार पिता विशो महतो शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार बाइक पर सवार तीसरे व्यक्ति की पहचान शंकर महतो पिता देवन महतो निवासी हवासपुर के रूप में हुई है, जो प्राथमिक उपचार के बाद सीधे घर चला गया।

# नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों को शीघ्र सरकारी भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**कटिहार।** कटिहार प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पूर्व उप मुख्यमंत्री बिहार सह विधायक तारकिशोर प्रसाद, समिति के अध्यक्ष गौतम वर्मा, उपाध्यक्ष रामनारायण चौहान, प्रखंड प्रमुख सोनी सिंह एवं 20 सूत्री के सभी सदस्यों के साथ ही प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, आपूर्ति एवं ग्रामीण विकास आदि विभागों की समीक्षा एवं उनसे संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में परिचर्चा की गई। बैठक में पूर्व उप मुख्यमंत्री ने विद्युत आपूर्ति हेतु पोल अधिष्ठापन, आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन, सभी बैंकों में ग्राहक सेवा बेहतर करने, नल-जल की आपूर्ति निर्बाध करने, सरकार द्वारा संचालित प्रखंड के सभी विद्यालयों को नल जल योजना द्वारा पेयजल आपूर्ति करने का निर्देश देने के साथ ही भूमिहीन नव सृजित प्राथमिक विद्यालयों को शीघ्र सरकारी भूमि उपलब्ध कराने हेतु राजस्व पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। भवन रहित आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण हेतु कार्यक्रम पदाधिकारी को भवन निर्माण से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैंकों में केवाईसी के कारण पेंशनधारियों को हो रही कठिनाइयों को दूर करने हेतु उपस्थित सभी बैंकों के अधिकारी को निर्देश देने के साथ ही आवश्यकता अनुरूप सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों द्वारा विभागीय पदाधिकारी से योजनाओं/ कार्यक्रमों की जनोपयोगी जानकारियां तथा अवरोध को दूर करने के संबंध में पृच्छा की गई, जिसे उपस्थित पदाधिकारी द्वारा तत्काल संबंधित जानकारी उपलब्ध करा कर सदस्यों को संतुष्ट किया गया। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी से इस बैठक की कार्रवाई का संधारण कर तत्काल सभी सदस्यों को इसकी प्रति उपलब्ध कराने तथा इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया।

# 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का हिस्सा बना मुंगेर विश्वविद्यालय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुंगेर।** प्रधानमंत्री द्वारा 2 अगस्त, 2026 को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ में मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा 10:00 पूर्वाह्न से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माई भारत के माध्यम से युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु व्यापक जन-अभियान संचालित किया जा रहा है। गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 125 से अधिक संगठनों के सहयोग से आयोजित युवा समिट के दौरान 2,370 से अधिक कार्यक्रमों एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से इस विषय को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इसी क्रम में 2 अगस्त, 2026 को प्रधानमंत्री जी द्वारा 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर देशभर के 10,000 से अधिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 1 करोड़ से अधिक युवाओं ने सहभागिता की। मुंगेर विश्वविद्यालय में यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। यह अभियान 2 वर्षों तक प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा, ताकि युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके तथा विकसित भारत के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प को सुदृढ़ बनाया जा सके। उक्त 125 चयनित संस्थाओं में मुंगेर विश्वविद्यालय भी चयनित संस्थाओं में सम्मिलित है, जहां संलग्न टेक्निकल एसओपी के अनुसार दिनांक 02.08.2026 को कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए मुंगेर विश्वविद्यालय के सिंडिकेट हॉल, बोर्ड रूम, मीडिया रूम में वीडियो कांफ्रेंसिंग और प्रधानमंत्री के लाइव भाषण की व्यवस्था की गई। इसके अलावा मुंगेर विश्वविद्यालय के ऑफिशल यूट्यूब से लाइव भी किया गया। मुंगेर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति पर प्लेज कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कुलपति ने संबोधन के दौरान कहां की नशा एक लत है जो शरीर और मानसिक दोनों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस समकालीन समस्या से बचने के लिए हमें योग, साइकिलिंग, परिवार का अच्छा माहौल, शिक्षकों का छात्रों से सकारात्मक संवाद के अलावा विश्वविद्यालय में स्टूडेंट काउंसलिंग की व्यवस्था की जाएगी जो मनोविज्ञान के शिक्षक के नेतृत्व में किया जाएगा। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के ब्रांडिंग के लिए एनएसएस के स्वयंसेवक ब्रांड एंबेसडर होंगे और विभिन्न कॉलेजों में प्रत्येक रविवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक हर्ष, मृत्युंजय, मुस्कान, रजनीश, राहुल के अलावा एनएसएस कार्यालय कर्मी सुशांत और सौरव की अहम भूमिका रही। इस कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, प्राचार्यों, कार्यक्रम पदाधिकारी, विश्वविद्यालय पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी ने भी देखा।

# देसी शराब के साथ गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तेयाय ओपी प्रभारी कुमारी निकिता भारती के नेतृत्व में पुलिस ने अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर 16 लीटर देशी शराब के साथ 3 कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। ओपी प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सबसे पहले अतरुआ गांव में छापेमारी की। यहां से सिकंदर चौधरी के पुत्र अंकित कुमार को 2 लीटर देसी शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने महेशपुर गांव में दबिश दी। यहां से सुरेंद्र साह पिता कारी साह और श्याम राय पिता स्व. बौकू राय को 14 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में बेगूसराय जेल भेज दिया गया है।

# अतरुआ ब्रह्मस्थान में माता बिषहरी की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** नागपंचमी पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में धार्मिक माहौल बन गया है। इस बार रविवार को जागरण और सोमवार 3 अगस्त 2026 को नागपंचमी मनाई जाएगी। पर्व को लेकर घर-घर में तैयारी जोरों पर है। रविवार की सुबह से ही महिलाओं ने घरों की साफ-सफाई, निपाई-पुताई और आंगन लीपने में दिन बिता दिया। मान्यता है कि नागपंचमी के दिन घर स्वच्छ रखने और दरवाजे पर गोबर से नाग-नागिन की आकृति बनाने से घर में सुख-समृद्धि आती है। सफाई के बाद महिलाएं और पुरुष किराना दुकान, पूजा सामग्री की दुकानों पर दूध, लावा, बताशा, दूब, फूल, अगरबत्ती सहित अन्य पूजन सामग्री खरीदने में जुटे रहे। बाजारों में भी नागपंचमी की रौनक देखने को मिली। इस वर्ष नागपंचमी पर अतरुआ ब्रह्मस्थान स्थित नवनिर्मित गहबर में स्थापित मां बिषहरी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसके लिए श्रद्धालु तन, मन और धन से जुटे हुए हैं। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही सोमवार को विशेष हवन, पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण कार्य का आयोजन होगा। प्रखंड क्षेत्र के संजात, लखनपुर, सतराजेपुर, अतरुआ सहित अन्य गांवों में स्थित माता बिषहरी के गहबरों में भी नागपंचमी को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार रात इन सभी स्थानों पर जगरणा का आयोजन किया जाएगा। भजन-कीर्तन, देवी गीत और रात भर जागरण कर माता की आराधना की जाएगी। सोमवार सुबह से ही गहबरों में दूध चढ़ाने, पूजा-पाठ और प्रसाद वितरण का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

# शिक्षा और रोजगार सरकार की जिम्मेदारी : कन्हैया

## छात्रों की गूंज मैराथन में उमड़ा युवाओं का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** एनएसयूआई द्वारा शनिवार को छात्रों की गूँज अभियान के तहत मैराथन दौड़ में युवाओं और छात्रों की भारी भीड़ पहुची। मैराथन में मुख्य अतिथि एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ कन्हैया कुमार थे। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सह जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष शिवप्रकाश गरीब दास और शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह अभियान के जिला संयोजक अभिषेक सिंह भी मौजूद रहे। मैराथन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं, शिक्षकों, खेल प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ कन्हैया कुमार ने कहा कि देश के युवाओं और छात्रों के सामने शिक्षा, रोजगार और अवसरों का गंभीर संकट है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर छात्र-युवा हितों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा को सभी के लिए सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार से शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने, रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। नीट परीक्षा में धांधली से परेशान होकर 21 छात्रों की आत्महत्या पर शोक जताते हुए उन्होंने कहा कि यह मैराथन उन शहीद छात्रों को समर्पित है। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद करने और छात्र हितों की लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रकाश गरीब दास ने कहा कि छात्रों की गूँज अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार के छात्रों और युवाओं की आवाज़ को बुलंद करने का जन-आंदोलन है। शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि छात्रों की गूँज अभियान का उद्देश्य केवल छात्रों की समस्याओं को उठाना नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता के प्रति युवाओं को संगठित करना है। कार्यक्रम में कंग्रेस नेता रजनीकांत पाठक, शगुफ्ता ताजावर, अनुपम कुमार अन्नू, राजा गौतम, ब्रजेश कुमार, प्रिंस, आजाद कुमार, पवन कुमार, मुरारी कुमार, रणविजय कुमार, गोपाल कुमार और हारून रशीद सहित अन्य नेताओं ने मैराथन को ऐतिहासिक बताया। मैराथन के परिणाम में बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार संजीत कुमार, द्वितीय पीयूष कुमार और तृतीय मंजेश कुमार को मिला। बालिका वर्ग में प्रथम पुरस्कार बखरी की मिठी कुमारी ने 21 हजार रुपये, द्वितीय संजात की सोनाली ने 15 हजार रुपये और तृतीय लक्ष्मी कुमारी ने 11 हजार रुपये का इनाम जीता। इसके अलावा बालक और बालिका वर्ग में प्रथम 10 स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

# जर्जर दोमुहान पुल पर धड़ल्ले से दौड़ रहे भारी वाहन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** एनएच-139 स्थित क्षतिग्रस्त दोमुहान पुल पर जिलाधिकारी के स्पष्ट प्रतिबंधात्मक आदेश के बावजूद भारी वाहनों का परिचालन लगातार जारी है। बस, हाईवा समेत अन्य बड़े वाहन रोजाना पुल से गुजर रहे हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने जनहित में भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद धरातल पर आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और पुलिस की ढिलाई के कारण वाहन चालक खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इधर, पुल के विकल्प के रूप में डायवर्सन निर्माण का कार्य जारी है, लेकिन इसके पूरी तरह चालू होने तक क्षतिग्रस्त पुल से भारी वाहनों का आवागमन किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समय रहते पुल पर पुलिस बल की तैनाती कर भारी वाहनों की आवाजाही नहीं रोकी गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में भव्य एडवेंचर कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर, अररिया में रविवार को विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एडवेंचर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहस, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा चुनौतियों का सामना करने की क्षमता का विकास करना था। कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने ज़िप लाइन, बर्मा ब्रिज, कमांडो नेट, रस्सी आधारित गतिविधियां, दीवार पर चढ़ाई, तीरंदाजी तथा बाधा दौड़ जैसी अनेक रोमांचक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक गतिविधि प्रशिक्षित विशेषज्ञों एवं शिक्षकों की निगरानी में पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनुशासन, सहयोग एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया तथा इसे अपने जीवन का एक यादगार अनुभव बताया। विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे अनुभवात्मक कार्यक्रमों का आयोजन भी आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। विद्यालय के सहायक निदेशक कुमार आर्यन ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे नवाचारपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए शुभकामनाएँ दी गईं तथा भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं रोमांचक कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की नींव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की निर्देशानुसार रविवार को जिले में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में जिला स्तरीय कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय एवं सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी के निदेशनुसार जिले के किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, राम लखन सिंह यादव कॉलेज, दाउदनगर कॉलेज, अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज नवीनगर, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय तथा ठाकुर बीडी सिंह कॉलेज, गोह में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कर अभियान का शुभारंभ किया गया। जिले का मुख्य कार्यक्रम अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस क्रम में अपर समाहर्ता ने छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में जन-जागरूकता फैलाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होंगे। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव द्वारा अपर समाहर्ता को पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी तथा वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। अपने स्वागत संबोधन में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि आज हम सभी एक ऐसे विषय पर एकत्रित हुए हैं जो केवल किसी एक व्यक्ति या परिवार का नहीं बल्कि पूरे समाज एवं राष्ट्र के भविष्य से जुड़ा हुआ है। 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते



हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने विशेष रूप से उपस्थित युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी तकनीक से जुड़ी, जागरूक एवं परिवर्तन लाने वाली पीढ़ी है। यदि कोई पीढ़ी नशे के विरुद्ध सबसे प्रभावी जनआंदोलन खड़ा कर सकती है तो वह आज का युवा वर्ग है। सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संदेश देना, अपने मित्रों को सही दिशा दिखाना तथा स्वयं नशे से दूर रहना समाज में व्यापक परिवर्तन का आधार बन सकता है। वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज एवं राष्ट्र के भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्ज़ा, प्रतिभा एवं सकारात्मक सोच ही विकसित भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। इसलिए प्रत्येक युवा का यह दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करे। अंत में उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे स्वयं नशामुक्त रहने के साथ-साथ अपने विद्यालय, महाविद्यालय, गाँव, मोहल्ले एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत उपस्थित छात्र-छात्राओं, युवाओं, पदाधिकारियों एवं अन्य प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी को मेरा भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन शपथ दिलाई गई तथा ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी प्राप्त कराया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे, दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे तथा एक स्वस्थ, जागरूक एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान' के शुभारंभ अवसर पर दिए गए संबोधन का भी सीधा प्रसारण किया गया जिसे उपस्थित पदाधिकारियों, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, उत्पाद अधीक्षक मनोज राय, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक महेशानंद, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी ऋतिक आनंद सहित अन्य पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट में पांच घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच नवीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नरारी कला खुर्द के सदुरी कर्मा गांव में अचानक मारपीट हो गई। इस घटना में एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं दूसरे पक्ष के भी एक-दो लोगों के घायल होने की खबर है, लेकिन उनका पक्ष अब तक सामने नहीं आ सका है। जानकारी के अनुसार गांव के कृष्णा पांडेय और बद्री पांडेय के बीच जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि यह मामला न्यायालय में भी लंबित है। बावजूद इसके, दोनों पक्षों के बीच तनाव कम नहीं हुआ और अक्सर कहासुनी होती रहती थी। शुक्रवार की शाम यह तनाव अचानक हिंसा में बदल गया। लोगों के मुताबिक पहले दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई, जो कुछ ही देर में उग्र हो गई। इसके बाद दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया और गांव में डर का माहौल फैल गया। लोगों के मुताबिक पहले दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई, जो कुछ ही देर में उग्र हो गई. इसके बाद दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया और गांव में डर का माहौल फैल गया। इस झड़प में पिंटू पांडेय की पत्नी सुमन देवी, चंदन पांडेय की पत्नी चंपा देवी, कृष्णा पांडेय की पत्नी मीना देवी और संतोष पांडेय के पुत्र रजनीश पांडेय घायल हो गए। घायलों को पहले स्थानीय थाना लाया गया जहां से पुलिस ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल सभी का इलाज जारी है। घायलों ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के लोग जबरन उनके घर में घुस आए और हमला कर दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान महिलाओं के साथ बदसलूकी की गई, जिससे मामला और गंभीर हो गया। घटना के बाद नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच की जा रही है. आवेदन मिलने के बाद और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच मारपीट का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक पक्ष के लोग लाठी-डंडों के साथ हंगामा करते नजर आ रहे हैं। हालांकि पुलिस ने वायरल वीडियो की भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही लोगों को यह भी समझाया जा रहा है कि न्यायालय में लंबित मामलों को कानून के दायरे में रहकर सुलझाएं और किसी भी परिस्थिति में हिंसा का सहारा न लें।

## ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पूर्व मध्य रेल के डीडीयू-गया रेलखंड पर अवस्थित अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन से पश्चिम जम्होर थाना क्षेत्र के शंकरपुर ओवरब्रिज के समीप ट्रेन से गिरकर 55 वर्षीय एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई।हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। मामले में पुलिस की ओर से आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चलती ट्रेन से महिला अचानक गिर पड़ी जिससे मौके पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में महिला का शव क्षत-विक्षत हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष नितिन कुमार मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे के लिए शव को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। महिला की पहचान के लिए स्थानीय थानों तथा सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। वहीं आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ मामले की जांच जारी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कोई महिला की पहचान के संबंध में जानकारी रखता हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करे ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी की जा सके। बावजूद महिला की पहचान नहीं होने पर शव को सरकारी प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

## बटाने नदी पर लिफ्ट इरिगेशन योजना की कवायद तेज

**तीन पंचायतों के किसानों को मिलेगा लाभ**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा( औरंगाबाद)।** बटाने नदी पर प्रस्तावित लिफ्ट इरिगेशन योजना को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। योजना के तहत बांध निर्माण के बाद परता, बलिया और डुमरी पंचायत के हजारों किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है, जिससे कृषि उत्पादन को नई गति मिलेगी। हाल ही में ग्राम झखरी में जनसंपर्क के दौरान किए गए वादे के अनुरूप विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। इसके बाद लघु सिंचाई विभाग की टीम ने स्थल की मापी का कार्य पूरा कर लिया है। मापी कार्य अमीन बलेसर यादव एवं विनय यादव ने अभियंताओं के मार्गदर्शन में संपन्न



कराया। इस दौरान संडा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, परता पंचायत अध्यक्ष महेंद्र प्रजापति, राम प्रवेश यादव समेत भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। विभाग अब मापी रिपोर्ट के आधार पर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने की प्रक्रिया में जुटा है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। योजना के क्रियान्वयन से परता, बलिया और डुमरी पंचायत की कृषि भूमि को नियमित सिंचाई सुविधा मिलेगी, पानी के अभाव से प्रभावित फसलों को राहत मिलेगी तथा किसानों की आय और क्षेत्र की कृषि उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। स्थानीय ग्रामीणों ने योजना की दिशा में तेज हुई पहल का स्वागत करते हुए इसके शीघ्र धरातल पर उतरने की उम्मीद जताई है।

## उत्तर कोयल नहर में डूबने से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ढिबरा थाना क्षेत्र के बेढ़ना गांव के समीप उत्तर कोयल नहर में डूबने से 14 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। हादसे के क़रीब 15 घंटे बाद शव बरामद किया गया है। मृतक किशोर की पहचान उस गांव निवासी जितेंद्र भुइयां के पुत्र ऋतिक कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार ऋतिक नहर के किनारे खेल रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह उत्तर कोयल नहर के तेज बहाव में गिरकर बह गया। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही मासूम पानी में ओझल हो गया। हादसे के बाद सूचना पर स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम को मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों एवं ग्रामीणों ने मिलकर लगातार खोजबीन जारी रखी। परिजन हर गुजरते पल के साथ उम्मीद और डर के बीच झूलते रहे। करीब 15 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार ऋतिक का शव नहर से बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि किशोर के माता पिता किसी अन्य प्रदेश में रहकर काम करते है। फिलहाल, यह किशोर अपने चाचा के साथ रहता था। अब तक मामले में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सेविका-सहायिकाओं को की जाएगी मदद : सुशील

**बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका एवं कर्मचारी संघ का आठवां जिला सम्मेलन संपन्न**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के बुद्धा रिसोर्ट में रविवार को बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं कर्मचारी संघ का आठवां जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह ने की। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम सहित ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पूर्व सांसद को जिला सह राज्य महामंत्री मीना कुमारी के साथ प्रदेश से आयी अनीता झा, विजय प्रसाद सिंह के अलावे राज्य कमेटी के अन्य सदस्यों ने सम्मानित किया। सम्मेलन में हजारों की संख्या में मौजूद सेविका-सहायिकाओं ने मगध सम्राट सुशील सिंह जिंदाबाद के पारे लगाए। इधर पूर्व सांसद सहित दोनों विधायकों ने सेविका-सहायिकाओं को मदद करने का भरोसा दिया। दोनों विधायकों ने कहा कि सेविका-सहायिकाओं की मांग जायज है। कहा कि हमलोग आपलोगों



की समस्या को सरकार तक पहुंचाएंगे। साथ ही समस्या का निदान करने के प्रति पूरा प्रयासरत रहेंगे। इधर सम्मेलन में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमिटी का गठन किया गया। नई कमिटी में रवीन्द्र कुमार सिंह को अध्यक्ष, संजू कुमारी को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, सूर्यदेव पांडेय को मुख्य संरक्षक, मीना कुमारी को जिलामंत्री, सुनीता कुमारी, गीता कुमारी, दिव्या कुमारी को संयुक्त मंत्री, अर्चना कुमारी, तेतरी कुमारी, वीणा कुमारी, सेवंती यादव, रीता देवी को उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं कमला कुमारी को कोषाध्यक्ष, डा. विनोद को कमेटी के सदस्य, विनय यादव को जिला कमेटी के सदस्य चुने गए। वहीं सीता देवी, शर्मिला कुमारी को संयोजिका, गुड्डू कुमार को सह संरक्षक सहित को जिला कमेटी का गठन किया गया। इस मौके पर भाजपा के मीडिया प्रभारी मीतेंद्र कुमार सिंह, जिला महामंत्री सह अधिवक्ता मुकेश कुमार, भाजपा के वरीय नेता अशोक सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तस्करी समेत अन्य मामलों में 31 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 10 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एनडीपीएस एक्ट में चार, रंगदारी में एक, हत्या के प्रयास में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत पांच तथा अन्य मामलों में 19 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसी क्रम में 170 लीटर देसी शराब, 292. 65 लीटर विदेशी शराब, 83.969 किलोग्राम, एक कार एवं एक बाइक जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 968 वाहनों की जांच की गई जिसमें 3000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 28 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों के साथ-साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस विशेष निगरानी रख रही है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने जिले के सभी थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाएं। आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस को हर वक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और अपराध पर नियंत्रण पाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अभियान के साथ ही पुलिस अधीक्षक ने महकमे के भीतर भी कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य में कोताही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध सीधे विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अपराधियों में खौफ पैदा करने और आम जनता में सुरक्षा का भाव जगाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस ने आम लोगों से भी सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि वाहन जांच के दौरान नागरिक पुलिस का सहयोग करें।

## करंट की चपेट में आने से महिला समेत दो लोग झुलसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए विद्युत स्पर्शाघात की घटनाओं में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान श्रीरामपुर गांव निवासी रामस्वरूप यादव के पुत्र मनोज यादव तथा अलारपुर गांव निवासी सुशील रिकियासन की पत्नी ललिता देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों अलग-अलग स्थानों पर करंट की चपेट में आ गए, जिससे वे झुलस गए। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मदनपुर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंच जाने के कारण दोनों घायलों की स्थिति में सुधार है। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं। हालांकि एहतियात के तौर पर उन्हें कुछ समय तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया।

## फरार अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** आर्म्स एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त मोहम्मद जमील के खिलाफ कुटुंबा पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर छक्कनबार स्थित उसके घर पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मुनादी कराते हुए ढोल-नगाड़े के साथ विधिवत कुर्की की प्रक्रिया पूरी की। पुलिस के अनुसार कुटुंबा थाना में मोहम्मद जमील पिता- सल्लीउद्दीन अंसारी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट मामले में प्राथमिकी दर्ज है। मामला दर्ज होने के बाद से अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था। न्यायालय से कुर्की-जब्ती का आदेश प्राप्त होने के बाद पुलिस ने उसके घर पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया के तहत संपत्ति जब्त की। थानाध्यक्ष



इमरान आलम ने बताया कि फरार अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि कानून से बचने की कोशिश करने वाले आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा तथा अन्य फरार अभियुक्तों के खिलाफ भी शीघ्र इसी प्रकार की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## महर्षि च्यवन ऋषि के अनुरोध पर श्रीराम ने सीता संग स्थापित किया था शिवलिंग

**यहां वाणभट्ट प्रतिदिन करते थे जलाभिषेक**

**डॉ. उपेंद्र कश्यप/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** देवकुण्ड धाम जिले का सबसे प्रमुख शिवनगरी सावन में बाबा के जलाभिषेक के लिए तैयार है। प्रथम सोमवार का अपना महत्व है। इस शिवमंदिर से कई किवंदतियां जुड़ी हुई है। गोह प्रखण्ड में यह स्थित है और इसे त्रेतायुगीय शिव स्थान बताया जाता है। श्रावण-सोमवार को काफी संख्या में भक्त उपस्थित होते हैं। घंटों की प्रतीक्षा के बाद बाबा का दर्शन होता है। यहां के पोखरा को सहस्त्रधारा वाला बताया जाता है। उसी में स्नान कर उसी का जल शिव पर चढ़ाया जाता है। हर समय महामृत्युंजय का जप और रुद्राभिषेक होते रहा है। इस मन्दिर को भव्यता और सुंदरता पूर्व की अपेक्षा काफी अधिक महंत कन्हैयानन्द पुरी ने दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार



सर्वप्रथम सन्यासी मठ महंत द्वारा सरकारी पूजा होती है। तत्पश्चात सभी के लिए द्वार खोल दिया जाता है। सन्ध्या छह बजे आरती के बाद पट (द्वार) बन्द हो जाता है। प्रातः चार बजे पट (द्वार) खुलता है। आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री बताते हैं कि यह महर्षि च्यवन की तपस्थली है। भगवान श्रीराम गया श्राद्ध करने के लिए जाते समय यहां विश्राम किये। महर्षि च्यवन के अनुरोध पर श्रीराम ने भगवती सीता के साथ शिव लिंग स्थापना किया। यह महाकाल ज्योतिर्लिंग का उपज्योतिर्लिंग है। यह दुग्धेश से दुग्धेश्वर नाथ कहे जाने लगे। काला नीलम के होने की बात कही जाती है। श्री शास्त्री बताते हैं कि सातवीं शताब्दी में प्रीति कुट (पीरु) के रहने वाले गद संस्कृत के आदि महाकवि, उपन्यास कार बाण भट्ट प्रत्येक दिन अपने गांव से यहां आकर पूजा करते थे। संस्कृत भाषा के गीतकार पं. कमलेश मिश्र वासाटाड़ (अरवल) ने दुग्धेश्वर नाथ की संस्कृत और हिन्दी में स्तुति की है। यह मगध का तीसरा महत्वपूर्ण तीर्थ है। भगवान श्री बाबा दुग्धेश्वर महादेव के द्वार से कोई खाली नहीं जाता है। खाली झोली लेकर आता है और भर कर जाता है। जो चाहा वही पाया।

## शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के गोह स्थित मध्य विद्यालय ने रविवार को अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भव्य शताब्दी समारोह का आयोजन किया। वर्ष 1926 में स्थापित इस ऐतिहासिक विद्यालय की शताब्दी पर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक योगदान की गौरवशाली परंपरा को याद किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, पूर्व विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे समारोह में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। समारोह को संबोधित करते हुए गोह विधायक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि मध्य विद्यालय गोह ने एक शताब्दी के दौरान हजारों विद्यार्थियों को शिक्षित कर समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने विद्यालय की गौरवशाली परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार है और ऐसे संस्थान समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।